राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 12
अंक : 66
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
मंगलवार 20 सितंबर 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट

पेज 3 कोविड फ्रंटलाइन वर्कर (सीएफ डब्ल्यू ) कोर्स के तहत ग्रेजुएट लोगों के लिए कॉनवोकेशन सेरेमनी का आयोजन

पेज 5 इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के विरोध में छात्र का आत्मदाह का प्रयास

पेज 7 ताइवान को लेकर जो बाइडेन पर बरसा चीन, देश को बांटने वाली किसी भी हरकत को नहीं करेंगे बर्दाश्त

### भारत-पाक सरहद पर फिर ड्रोन मूवमेंट

## 21 करोड़ की हेरोइन के साथ पिस्टल और 8 राउंड बरामद

एजेंसी

अमृतसर। भारत-पाकिस्तान सीमा पर एक बार फिर पाक तस्करों की तरफ से ड्रोन भेजा गया। सतर्क बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवानों ने ड्रोन की मूवमेंट को भांपा और सर्च के दौरान हेरोइन व हथियार बरामद कर लिए। रिकवरी के बाद BSF और पंजाब पुलिस ने भारतीय सरहद पर सर्च अभियान चलाया, ताकि पाकिस्तान तस्करों की नापाक कोशिश को विफल किया जा सके।

पाकिस्तानी तस्करों ने अटारी बॉर्डर के सटे गांव पुल मोरां की BOP में रात के समय ड्रोन की मूवमेंट कराई। BSF की बटालियन 22 के जवान उस समय गश्त पर थे। मिली जानकारी के अनुसार, यह हरकत तड़के 3 बजे के करीब हुई। जवानों ने ड्रोन की मूवमेंट को देखते ही उसे फॉलो करना शुरू कर दिया। ड्रोन ने जैसे ही खेप को खेतों में ड्रोप किया, जवानों ने सर्च शुरू कर दी।



### तीन पैकेट हेरोइन व हथियार जब्त

BSF के जवानों को पुल मोरां से सर्च के दौरान एक काले रंग का पैकेट मिला। पैकेट में तीन छोटे पैकेट हेरोइन के थे, जिसका कुल भार तकरीबन 3 किग्रा के आसपास हो सकता है। इंटरनेशनल मार्केट में उसकी कीमत तकरीबन 21 करोड़ है। खेप के साथ एक पिस्टल व 8 जिंदा राउंड भी थे। ड्रग्स और हथियार BSF के जवानों ने जब्त कर लिए।

### 15 दिन में 7 बार हुई हरकत

सरहद पर सख्ती के चलते पाकिस्तान तस्करों को जम्मू-कश्मीर और गुजरात तटों का सहारा हेरोइन की तस्करी के लिए लेना पड़ रहा है। तकरीबन एक साल में ही 500 किग्रा से अधिक हेरोइन गुजरात में पकड़ी जा चुकी है।

बीते 15 दिन में पंजाब बॉर्डर के जरिए 7 बार पाकिस्तान तस्करों ने ड्रोन के जरिए भारत में हेरोइन की खेप भेजने का प्रयास किया है।

## बिहार : बिजली गिरने से 12 की मौत

### अररिया में 4, सुपौल, जमुई और नवादा में 2-2 लोगों की जान गई

अररिया। बिहार में सोमवार को बिजली गिरने से 12 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में अररिया से 4, सुपौल, नवादा और जमुई से 2-2, सहरसा और बेगूसराय से 1-1 शामिल हैं। सोमवार को बिहार के विभिन्न जिलों 11 बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक जमकर बारिश हुई। मौसम विभाग ने पहले ही इसकी चेतावनी जारी की थी।

अररिया में आसमानी बिजली से विषहरिया गांव के मो. तबरेज(60), मोजेबुल(25) और अताबुल की 15 साल की पोती की मौत हो गई। सभी लोग जेबीसी नहर किनारे खेत में निकोनी कर रहे थे और बकरी चरा रहे थे। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरी और तीन की मौत घटनास्थल पर ही हो गई और लुकमान के पुत्र सलमान सहित दो घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दे दी है। वहीं रानीगंज थाना क्षेत्र के कुपाड़ी पंचायत के वार्ड संख्या आठ के डरडिया गांव में ठनका गिरने से 70 साल की एक महिला की मौत हो गई।



### सुपौल में दो की मौत

इधर, सुपौल जिले के दो अलग-अलग जगहों पर आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज थाने इलाके की है। त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के कुमयाही वार्ड 11 में खेत में घास काटने दौरान अचानक बारिश के बीच वज्रपात की चपेट में आने से कुमयाही निवासी गिलर साह की 40 वर्षीय पत्नी राधा देवी और प्रतापपुर वार्ड 3 निवासी मोहम्मद मुस्ताक का 15 वर्षीय बेटा मोहम्मद मेराज की मौत हो गई।

### जमुई में किसान और युवक की मौत

वहीं, जमुई के खैरा और गिद्धौर प्रखंड में ठनका गिरने से एक किसान और एक युवक की मौत हो गई। मृतकों में खैरा प्रखंड के दाबिल गांव निवासी 50 वर्षीय किसान केशो यादव और गिद्धौर प्रखंड के अलखपुरा गांव निवासी सुरेंद्र यादव के 16 वर्षीय पुत्र सिंटू कुमार शामिल है। केशो यादव अपने खेत में काम करने जा रहा था। तभी अचानक बारिश के साथ वज्रपात हुई। ठनका की चपेट में आने से केशो यादव की मौके पर ही मौत हो गई।

### मोबाइल के टॉर्च की रोशनी में जांच

इससे पहले दोनों को गंभीर रूप से जख्मी समझ कर परिजनों और स्थानीय लोगों ने त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया है। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. राजीव रंजन ने बताया कि दोनों की मौत वज्रपात से हुई है। वहीं, वज्रपात की चपेट में आए लोगों के परिजन जब अनुमंडलीय अस्पताल त्रिवेणीगंज लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों एवं उनकी टीम द्वारा मोबाइल के टॉर्च की रोशनी में जांच की गई। इस पर डॉक्टरों का कहना है कि जनरेटर के लिए वरीय अधिकारी को बोला गया है, लेकिन अभी तक जनरेटर नहीं मिला है।

जबकि सिंटू अपने घर के बाहर शौच करने जा रहा था। तभी वज्रपात की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

### नवादा में वज्रपात से दो लोगों की मौत

नवादा में ठनका गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पहचना काशीचक थाना क्षेत्र के रेवरा गांव निवासी कांग्रेस मांझी की 8 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी कुमार और रजौली के डाटीतिल्हा गांव निवासी इंद्रदेव प्रसाद (45) शामिल हैं। यह हादसा तब हुआ, जब ये खेत में काम कर रहे थे।

वहीं सहरसा के सदर थाना क्षेत्र के नरियार गांव वार्ड नं चार में आकाशीय बिजली गिरने से दो महिला सहित एक 18 वर्षीय युवती झुलस गईं। जिसमें 18 वर्षीय युवती की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

बेगूसराय में वज्रपात की चपेट में आने से जहां एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं, दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लभरचक के पास की है। मृतक व्यक्ति की पहचान सिंघौल थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 डुमरी के रहने वाले नंदलाल साह के रूप में हुई है।

## 7 राज्यों ने दिया राहुल को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव

### कांग्रेस कमेटियों ने कहा- राहुल ही बनें अध्यक्ष; 17 अक्टूबर को होना है चुनाव

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव से पहले 7 राज्यों की कांग्रेस कमेटियों ने राहुल गांधी को पार्टी की कमान सौंपने का प्रस्ताव पास किया है। हाल ही में महाराष्ट्र, बिहार, जम्मू-कश्मीर और तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी ने इसका प्रस्ताव पास किया, जबकि राजस्थान, गुजरात और छत्तीसगढ़ पहले ही इसे मंजूरी दे चुके हैं। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के लिए 23 सितंबर को अधिसूचना जारी होगी, जबकि 17 अक्टूबर को चुनाव प्रस्तावित है।

अभी सोनिया गांधी कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष हैं, जबकि पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनाव लड़ने को लेकर साफ तौर पर कुछ नहीं कहा है। इसी वजह से अब तक पार्टी के अंदर अध्यक्ष पद के लिए किसी एक नाम को लेकर सहमति नहीं बनी है।

### राहुल ने कहा था- चुनाव बाद इस पर बात करूंगा

भारत जोड़ो यात्रा के दौरान 9 सितंबर को तमिलनाडु में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राहुल ने कहा था कि वे चुनाव लड़ेंगे या नहीं, इस पर बाद में बात करेंगे। उन्होंने आगे कहा- मैंने इस पर अपना फैसला कर लिया है, मेरे मन में अब कोई भ्रम नहीं है। अगर मैं चुनाव नहीं लड़ा, तो आपको इसकी वजह भी बता दूंगा।



### 19 अक्टूबर को मिलेगा कांग्रेस को नया अध्यक्ष

कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए 17 अक्टूबर को वोटिंग होगी और 19 अक्टूबर को काउंटिंग होगी। चुनावी शेड्यूल के मुताबिक 22 सितंबर को चुनाव संबंधी नोटिफिकेशन जारी होगा।

24 सितंबर से 30 सितंबर तक नॉमिनेशन किया जा सकेगा। हालांकि अगर अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ एक उम्मीदवार होता है तो ऐसी स्थिति में रिजल्ट की घोषणा 30 सितंबर को ही की जा सकती है।

### राहुल ने लोकसभा चुनाव में हार के बाद छोड़ा पद

राहुल गांधी को 2017 में कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया था, लेकिन 2019 में लोकसभा चुनाव हारने के बाद उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया था। राहुल ने कहा था कि कांग्रेस में नए लोगों को जिम्मेदारी लेनी होगी, इसलिए मैं पद छोड़ रहा हूं, अब किसी और को पार्टी अध्यक्ष बनाया जाए।

## पेट्रोल-डीजल के भारी दाम ने मछुआरों का धंधा किया चौपट : राहुल गांधी

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से मछुआरों का धंधा चौपट हो गया है और परिवार के लोगों का पोषण करना महंगाई के कारण उनके लिए बहुत कठिन हो गया है।

गांधी ने फेसबुक पर कहा आज सुबह मछुआरों के साथ बातचीत हुई। हमने उनके व्यवसाय के बारे में जाना, और आज वो जिन मुसीबतों का सामना कर रहे हैं, उनको समझा। उन्होंने बताया कि पेट्रोल-डीज़ल की बढ़ती कीमतों के कारण जबरदस्त महंगाई ने उनके व्यवसाय पर बहुत बुरा असर डाला है। कमाई ज़्यादा हो नहीं रही, लेकिन खर्च बहुत बढ़ चुका है। महंगी शिक्षा के चलते वो अपने बच्चों के भविष्य के लिए भी परेशान है।

उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान वह हर वर्ग के व्यक्ति से मिलने का प्रयास कर रहे हैं और उनकी तकलीफ क्या है इसे समझने की कोशिश करते हैं। गांधी ने कहा भारत जोड़ो यात्रा देश के हर वर्ग और हर व्यक्ति के लिए है। आप और हम संवाद करेंगे, और एक बेहतर कल की ओर कदम बढ़ाएंगे। गौरतलब है कि श्री गांधी ने केरल के अलाप्पुझा में वडक्कल बीच पर सोमवार सुबह मछुआरों के साथ बातचीत की। बढ़ती ईंधन लागत, घटती सब्सिडी, कम होता मछली स्टॉक, सामाजिक कल्याण और पेंशन की कमी, अपर्याप्त शैक्षिक अवसर तथा पर्यावरण की समस्या इस मुलाकात के दौरान चर्चा के मुख्य मुद्दे थे।

## देश के 11 राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेश में बढ़े कोरोना सक्रिय मामले

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटों में 10 राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश में कोराना सक्रिय मामलों में बढ़ातरी हुई है और अन्य राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में इसके मामलों में कमी देखी गयी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 216.70 टीके दिये जा चुके हैं।

देश में इस अवधि में कोरोना महामारी संक्रमण के 4,858 नये मामले सामने आने के साथ संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,45,39,046 हो गयी। इसी अवधि में महामारी से 10 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 5,28,355 हो गया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में कोरोना महामारी के सक्रिय मामले 105 बढ़ने से इनकी संख्या 48027 हो गई जबकि इसी अवधि में 4,735 मरीज स्वस्थ होने से इनकी इनकी कुल संख्या बढ़कर 4,39,62,664 हो गयी है। देश में स्वस्थ होने की दर 98.71 प्रतिशत है।

सक्रिय मामलों की दर 0.11 प्रतिशत है, दैनिक संक्रमण दर 2.76 प्रतिशत है और मृत्यु दर 1.19 फीसदी पर बरकरार है। पिछले 24 घंटों में 1,75,935 कोविड परीक्षण किए गये हैं। जिसके बाद कुल परीक्षणों की संख्या 89.17 करोड़ हो चुकी हैं।

केरल में पिछले 24 घंटे में 516 कोरोना सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 15755 हो गई तथा कोरोना महामारी से उबरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 6699341 हो गया है। इस अवधि में मतृकों का आंकड़ा 70998 पर बरकरार है।

जबकि इसी दौरान, महाराष्ट्र में कोरोना के 22 सक्रिय मामले घटने से इनकी कुल संख्या घटकर 4540 रह गयी है और इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 7962692 हो गयी है। राज्य में इस जानलेवा वायरस के संक्रमण से तीन मरीज की जान जाने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 148310 हो गया है।

## चंडीगढ विवि कांड : जांच के लिए बनी महिलाओं की एसआईटी

### अब तक तीन दबोचे; दो दिन बाद शांति

चंडीगढ़। मोहाली की चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में छात्राओं के अश्लील एमएमएस बनाने के मामले में पंजाब सरकार अब ऐक्टिव हो गई है। प्रदेश सरकार ने तीन सदस्यीय एसआईटी के गठन का ऐलान किया है। इस एसआईटी की सभी सदस्य महिलाएं ही होंगी। पंजाब पुलिस के डीजीपी ने इस फैसले की जानकारी देते हुए ट्वीट किया, मुख्यमंत्री भगवंत मान के आदेश पर तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन कर दिया गया है। इसमें सभी महिलाएं होंगी। यह एसआईटी आईपीएस अधिकारी गुरप्रीत देव की निगरानी में काम करेगी। अब तक इस केस में एक छात्रा और दो अन्य लोगों को अरेस्ट किया जा चुका है।

यही नहीं पंजाब के डीजीपी ने हिमाचल प्रदेश से एक शख्स की गिरफ्तारी के मामले सहयोग के लिए पड़ोसी राज्य की पुलिस को धन्यवाद दिया। डीजीपी ने कहा कि आरोपियों के पास मिलीं डिवाइसेज को बरामद कर लिया गया है और फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। एसआईटी इस केस में हुई साजिश के हर पहलू की जांच करेगी। इस मामले में शामिल किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा। हम सभी से शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील करते हैं। किसी भी अफवाह में न पड़ें और मिल-जुलकर शांति एवं सद्भाव से काम करें।



बता दें कि अब तक चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी केस में तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सबसे पहले उस छात्रा को अरेस्ट किया गया था, जिसने नहाती हुई छात्राओं के वीडियो बनाए थे। इसके अलावा उसके शिमला स्थित दोस्त और एक अन्य युवक को भी अरेस्ट कर लिया गया है। इस बीच यूनिवर्सिटी में 24 सितंबर तक के लिए पढ़ाई बंद करने का फैसला लिया गया है। यही नहीं विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्टूडेंट्स की सभी मांगों को स्वीकार कर लिया है। इसके बाद से ही छात्रों ने अपने आंदोलन को वापस ले लिया है और फिलहाल यूनिवर्सिटी परिसर में तनावपूर्ण शांति देखने को मिल रही है।

### विदेश में रची गई साजिश, छात्राओं को इंटरनेशनल कॉल पर वीडियो वायरल करने की धमकी

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी वीडियो लीक मामले की परतें धीरे-धीरे खुल रही हैं। इस साजिश के पीछे विदेश में बैठे कुछ लोगों का हाथ बताया जा रहा है। इसका खुलासा तब हुआ, जब सीयू हॉस्टल की कुछ लड़कियों को कनाडा के नंबर से इंटरनेशन कॉल आईं। सिर्फ कॉल ही नहीं आई, बल्कि कॉल करने वाले की तरफ से लड़कियों को धमकाया गया और कहा गया कि तुम्हारी भी वीडियो बनी हुई है, जिन्हें अब वायरल कर दिया जाएगा। इस कॉल के बाद हॉस्टल की लड़कियों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### 2 मिनट 8 सेकंड की कॉल

सीयू हॉस्टल की लड़कियों को इंटरनेशनल नंबर +1(204) 819-9002 नंबर से कॉल की गई। लगभग 2 मिनट 8 सेकंड की इस फोन कॉल में फोन करने वाला धमका रहा है। कह रहा है कि तुम्हारी भी वीडियो बनी हुई है, वायरल कर दी जाएगी।

### दिनदहाड़े मर्डर

### पेशी पर आया था संदीप विश्नोई, 9 गोलियां मारीं; 2 साथी गंभीर घायल

## राजस्थान में कोर्ट के बाहर गैंगस्टर का दिनदहाड़े मर्डर

एजेंसी

नागौर। राजस्थान में नागौर कोर्ट परिसर में सोमवार को दिनदहाड़े गैंगवार हो गया। कोर्ट परिसर के बाहर पुलिस के सामने ही शूटर्स ने गैंगस्टर संदीप विश्नोई को गोली मार दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। संदीप नागौर जेल में ही बंद था। वहीं उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। नागौर पुलिस गैंगस्टर संदीप को लेकर दोपहर में कोर्ट में पेशी के लिए पहुंची थी। इसी दौरान बाइक से आए शूटर्स ने गैंगस्टर संदीप को गोलियों से भून दिया। बताया जा रहा है कि शूटर हरियाणा के थे। बदमाशों ने करीब 9 फायर किए। बदमाशों की तलाश में पुलिस ने नागौर के आसपास नाकेबंदी कर दी है। सभी गाड़ियों को चेक किया जा रहा है। घटना के बाद कोर्ट के बाहर भारी भीड़ जमा हो गई। संदीप के शव को अस्पताल में रखवाया गया है। संदीप सुपारी किलर था। संदीप हरियाणा का कुख्यात गैंगस्टर और सुपारी किलर था। वह सेठी गिरोह से जुड़ा था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार शराब तस्करी के साथ वह सुपारी किलिंग भी करता था। उसने नागौर में भी एक व्यापारी का मर्डर किया था। पुलिस इसे गैंगवार मान रही है।



### कुख्यात गैंगस्टर राजू फौजी का खास दोस्त

भीलवाड़ा में दो कॉन्स्टेबल की हत्या करने वाला तस्कर राजू फौजी और गैंगस्टर संदीप विश्नोई खास दोस्त थे। पुलिसकर्मियों की हत्या के लिए संदीप ने ही राजू फौजी को हथियार दिए थे। संदीप ने पुलिस को पूछताछ में बताया था कि अपनी गैंग को ऑपरेट करने के लिए उसने उत्तर प्रदेश के एक सप्लायर से हथियार खरीदे थे।

2016 में विश्नोई ने फौजी के पास बाड़मेर में फरारी काटी थी। इसी के बाद फौजी और संदीप के बीच अच्छी दोस्ती हो गई।

पुलिस पूछताछ में सामने आया था कि गैंगस्टर संदीप ने राजू फौजी को रिवॉल्वर, पिस्टल सहित कई हथियार दिए थे। संदीप ने बताया था कि इसके लिए उसने फौजी से कोई रुपए नहीं लिए। कॉन्स्टेबल की हत्या के बाद फौजी उसके पास हरियाणा में रुका था।

### 3 साल पहले ली थी 30 लाख की सुपारी

तीन साल पहले नागौर में 29 नवंबर 2019 को हुए हत्याकांड में पहली बार संदीप विश्नोई का नाम सामने आया था।

पूछताछ में पता चला था कि एक महिला ने पति की हत्या का बदला लेने के लिए मर्डर की साजिश रची थी। हत्या के लिए महिला ने संदीप विश्नोई को 30 लाख की सुपारी दी थी। इसी मामले में गैंगस्टर संदीप नागौर जेल में बंद था।

## देवरिया में मकान गिरा, परिवार के 3 लोगों की मौत

### पति-पत्नी और 2 साल की बेटी की मलबे में दबकर जान गई, बुजुर्ग मां घायल

देवरिया। देवरिया में सोमवार तड़के 3 बजे जर्जर मकान गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में दो साल की बेटी और उसके माता-पिता हैं। एक महिला को हल्की चोट आई। हादसा अंसारी रोड के पास का है। मौके पर स्क्कसंकल्प शर्मा, SDM सदर सौरभ सिंह और CO श्रीयश त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम बचाव कार्य में लगी है।

### किराए पर रहता था परिवार

मालवीय रोड पर कुलदीप बरनवाल का मकान है जो जर्जर हो चुका है। इसी मकान में दिलीप गोंड़ का परिवार किराए पर रहता था। सोमवार तड़के 3 बजे मकान का एक हिस्सा भरभराकर ढह गया। हादसे में दिलीप गोंड़ (35), उनकी पत्नी चांदनी (30) और दो साल की बेटी पायल की दबकर मौत हो गई। दिलीप गोंड़ की मां प्रभावती (65) उस समय किसी काम से उठी थीं, वह घर के बाहर आई थीं। इस वजह से उन्हें हल्की चोट आई।



जितेंद्र प्रताप सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। मृतक की मां प्रभावती से संवेदना जताई। कुल 12 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा की। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। कई थानों की पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने रेस्क्यू शुरू किया। दबे 4 लोगों को बाहर निकाल कर हॉस्पिटल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने दिलीप गोंड़, चांदनी और पायल को मृत घोषित कर दिया। मकान में और भी लोग मौजूद थे, लेकिन जिस तरफ दिलीप का परिवार रहता है, वही हिस्सा गिरा है। दिलीप लाइट-सजावट का काम करते थे।

### 100 साल पुराना है मकान

आसपास के लोगों का कहना है कि मकान लगभग सौ साल पुराना है। इसमें दिलीप का परिवार लगभग 50 साल से किराए पर रह रहा था। किरायेदारी को लेकर इन लोगों का मकान मालिक से कुछ विवाद भी चल रहा है।

## शार्ट न्यूज

### कठुआ सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत

जम्मू। जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में सोमवार को दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि बशोली तहसील के परगना मोड़ के पास चालक ने वाहन का नियंत्रण खो दिया जिससे एक कार लगभग 50 फुट गहरी खाई में गिर गई और चालक आकाश कुमार (26) की मौत हो गई। एक अन्य घटना में राजबाग इलाके में सड़क के किनारे खड़ी एक वाहन को ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे चालक के हेल्पर की मौत हो गई और ट्रक चालक फरार हो गया।

### रुद्र रचना को मिले चार सॉफ्टवेयर नौकरी के प्रस्ताव, केटीआर ने की थी मदद

हैदराबाद। प्रतिभाशाली युवती रुद्र रचना को चार सॉफ्टवेयर नौकरी के प्रस्ताव मिले हैं। तीन वर्ष पहले बीटेक करने में तेलंगाना के सूचना प्रौद्योगिकी और उद्योग मंत्री के टी रामाराव ने उसकी मदद की थी, जिन्हें केटीआर के नाम से भी जाना जाता है। गरीब परिवार की अनाथ रचना ने जुलाई 2019 में प्रतिष्ठित सीबीआईटी, गांडीपेट में नामांकन कराया था। जब केटीआर को उसकी स्थिति का पता चला, तब उन्होंने तुरंत उसके अनुरोध का जवाब दिया, रचना और उसके रिश्तेदारों से मुलाकात की और कॉलेज में नामांकन सहित अन्य खर्चों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की। तीन वर्ष बाद रचना ने जून 2022 में सीबीआईटी से कंप्यूटर साइंस में बीटेक किया। उसे अपने अंतिम सेमेस्टर में चार प्रमुख आईटी कंपनियों से सॉफ्टवेयर नौकरी के प्रस्ताव मिले। जगतियाल जिले के थांद्रियाल गांव की निवासी रचना और उनके रिश्तेदारों ने सोमवार को प्रगति भवन में मंत्री से मुलाकात की। रचना जब केटीआर से मिली, तब उन्हें राखी बांधी, जो इतने वर्षों तक भाई की तरह उनके साथ खड़े रहे। रचना को देखकर मंत्री भी भावुक हो गए और उसे सिविल सेवक बनने का सपने पूरा करने सहित भविष्य की सभी कोशिशों के लिए शुभकामनाएं दी और मदद का आश्वासन दिया। केटीआर ने कहा कि रचना ने अपने जीवन में कई चुनौतियों का सामना किया है और अंततः सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि वह ग्रामीण पृष्ठभूमि वाले और गरीब युवाओं के लिए एक प्रेरणा हैं।

### घोटाला में शामिल मंत्री का पर्दाफाश करेंगे कुमारस्वामी

बेंगलुरु। जनता दल (सेक्युलर) नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि वह उस बड़े घोटाले में शामिल मंत्री से संबंधित सबूत विधानसभा के सामने रखेंगे जिससे सरकारी खजाने को नुकसान हुआ है। कुमारस्वामी ने कहा, मैंने विधानसभा अध्यक्ष विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी को पत्र लिखकर मंत्री के घोटाले से संबंधित सबूत सदन के सामने रखने का अनुरोध किया है। संभावना है कि मुझे कल रिकॉर्ड रखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस घोटाले का पर्दाफाश करने की उनकी गंभीर मंशा है क्योंकि इसमें सैकड़ों करोड़ रुपये शामिल हैं।

### मेघालय पुलिस में नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों ने परिणामों में विलंब से आक्रोशित

शिलांग। मेघालय पुलिस के उम्मीदवारों ने भर्ती परिणामों की जल्द घोषणा करने की मांग को लेकर सोमवार को मेघालय बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन (एमबीओएसई) के बाहर धरना दिया। पुलिस परीक्षा के उम्मीदवारों ने कहा कि उन्होंने वर्ष 2019 में मेघालय पुलिस विभाग में विभिन्न पदों के लिए आवेदन किया था, जिसके बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा नवंबर 2021 में आयोजित की गई थी और इस साल फरवरी में आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाना था। नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों में से एक ने कहा, यह विरोध राज्य पुलिस में भर्ती परिणाम घोषित करने की मांग को लेकर हो रहा है।' एक अन्य उम्मीदवार ने कहा, हमने गृह मंत्री लखमेन रिंबुई से मुलाकात की थी और उन्हें परिणाम घोषित करने में देरी से अवगत कराया था, लेकिन हमें बताया गया कि देरी रोस्टर प्रणाली के कारण हुई है।

### कम दबाव का क्षेत्र : आंध्र प्रदेश में बारिश में वृद्धि होने का पूर्वानुमान

अमरावती। मौसम विज्ञान केन्द्र ने सोमवार को आंध्र प्रदेश के उत्तर-पश्चिम और इससे सटे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बनने और राज्य में बारिश में वृद्धि होने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने एक विज्ञप्ति में कहा कि तटीय आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी और पश्चिम गोदावरी जिलों और यानम में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है। उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम, विजयनगरम और विशाखापत्तनम जिलों और दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश के कृष्णा और गुंटूर जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान है। उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यानम में 45-55 किमी प्रति घंटे से लेकर 65 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा कि मानसूनी ट्रफ रेखा अब भटिंडा, दिल्ली, हरदोई, वाराणसी, रांची और बालासोर से होकरो गुजर रही है और उत्तर-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है।

### जिले की मंडियों में 10.76 लाख टन धान आने की संभावना

जालंधर। पंजाब में जालंधर के जिला उपायुक्त जसप्रीत सिंह ने आगामी धान खरीद सीजन की अग्रिम तैयारियों का जायजा लेते हुए सोमवार को संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद की पूरी व्यवस्था समय पर सुनिश्चित की जाए ताकि धान खरीद सेशन उचित और व्यवस्थित तरीके से पूरा हो सके। स्थानीय जिला प्रशासकीय परिसर में उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान कहा कि इस बार 10.76 लाख टन धान की मंडियों में आने की संभावना है, जिसकी खरीद पनगरेन, मार्कफेड, पनसप, पंजाब स्टेट वेयरहाउस कार्पोरेशन, भारतीय खाद्य निगम और निजी व्यापारियों को धान की खरीद की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले की 78 नियमित मंडियों में धान की खरीद की जाएगी, जिसमें 12 मुख्य यार्ड, 27 सब यार्ड और 39 खरीद केंद्र शामिल है। इसके अलावा इसके लिए 25 अस्थाई यार्ड भी बनाए जा रहे हैं। सिंह ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार धान की खरीद एक अक्तूबर से शुरू होगी। खरीद प्रक्रिया को उचित ढंग से पूरा करने के लिए उन्होंने अधिकारियों को मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### अनुराग ठाकुर 20 सितंबर को खिलाड़ियों को करेंगे सम्मानित

अमृतसर। सूचना एवं प्रसारण और खेल और युवा मामलों के मंत्री, अनुराग ठाकुर अंतरराष्ट्रीय, खेलो इंडिया और अखिल भारतीय इंटर में विभिन्न खेल विषयों में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय (जीएनडीयू), अमृतसर को ख्याति दिलाने वाले खिलाड़ियों को 52वें वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान 20 सितंबर को उत्कृष्ट एथलीटों के लिए नकद पुरस्कार और समग्र सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कॉलेजों को ट्राफियां प्रदान करेंगे। ठाकुर मुख्य अतिथि होंगे और श्री गुरमीत सिंह मीत हेयर, माननीय कैबिनेट मंत्री, खेल और युवा सेवा विभाग, पंजाब अध्यक्षीय भाषण देंगे। इसके अलावा कुलपति प्रो. जसपाल सिंह संधू इस अवसर पर खिलाड़ियों और अतिथियों को संबोधित करेंगे। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय ने खेल के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है और 23 बार की रिकॉर्ड अवधि के लिए भारत की प्रतिष्ठित मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी जीती है। इसने 35 अर्जुन पुरस्कार विजेताओं, छह पद्मश्री पुरस्कार विजेताओं और दो द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेताओं का तैयार किया है। हर साल, शारीरिक शिक्षा विभाग (संबद्ध शिक्षण) 90 से अधिक गुरु नानक देव विश्वविद्यालय इंटर-कॉलेज (पुरुष और महिला) चैंपियनशिप आयोजित करता है और अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए 70 से अधिक विश्वविद्यालय टीमों (पुरुषों और महिलाओं) को भेजता है। भारतीय खेल प्राधिकरण ने विश्वविद्यालय परिसर में खेल विधाओं हॉकी और हैंडबॉल में खेलो इंडिया सेंटर और खेल विषयों में खेलो इंडिया अकादमियों की स्थापना की है।

# वायुसेना से हटेंगे मिग-21 विमान

## अभिनंदन ने इसी पर सवार हो पाक के एफ-16 को किया था धराशायी

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना अपने बेड़े से मिग-21 लड़ाकू विमानों को हटाने जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि एयरफोर्स 30 सितंबर को अपने मिग-21 फाइटर्स के चार शेष स्क्वाड्रनों में से एक को रिटायर करेगी। श्रीनगर स्थित 51 नंबर की इस स्क्वाड्रन को %स्वॉर्ड आर्म्स% के रूप में भी जाना जाता है।

विंग कमांडर (अब ग्रुप कैप्टन) अभिनंदन वर्थमान ने 27 फरवरी, 2019 को नियंत्रण रेखा पर डॉगफाइट के दौरान पाकिस्तानी एफ-16 को मार गिराया था। इस बहादुरी के लिए उन्हें वीर चक्र से सम्मानित किया गया था, उस समय वह 51वें स्क्वाड्रन में थे।

### जब अभिनंदन ने पाक के एफ-16 को किया धराशायी

पाकिस्तान के हवाई हमले का



जवाब देने के लिए अभिनंदन ने उड़ान भरी थी। भारत ने 26 फरवरी, 2019 को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में स्थित जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ठिकाने पर हमला किया था। इसके बाद पाकिस्तानी वायुसेना ने भारत पर हमले की कोशिश की थी, जिसका करारा जवाब भारत ने दिया था। इसी दौरान अभिनंदन वर्थमान पीओके में मिग-21 से गिर गए थे और पाकिस्तानी सेना ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।

भारत के कूटनीतिक दबाव के बाद पाकिस्तान ने दो दिन में ही अभिनंदन को सकुशल वाघा बॉर्डर पर छोड़ा था। दरअसल, मिग-21 एयरक्राफ्ट काफी पुराने हैं और उस पर सवार होने के बाद भी अत्याधुनिक फाइटर जेट एफ-16 को मार गिराने को लेकर अभिनंदन वर्थमान की जमकर तारीफ की गई थी और वह नेशनल हीरो के तौर पर सामने आए थे।

### मिग-21 को उड़ता ताबूत क्यों कहा जाने लगा?

मिग-21 विमानों को वायुसेना में 1963 में शामिल किया गया था और विभिन्न किस्म के करीब 900 विमान वायुसेना में शामिल किए गए। अधिकारियों ने बताया कि मिग-21 का बाकी तीन स्क्वाड्रन को 2025 तक हटाया जाएगा। दरअसल, हाल के सालों में कई मिग-21 विमान दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। ऐसे में इनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। बीते 6 दशकों में 400 से अधिक विमान दुर्घटना का शिकार हुए हैं, जिनमें करीब 200 पायलटों की मौत हुई है। बार-बार के हादसों के चलते इन्हें उड़ता ताबूत कहा जाने लगा।

### वायुसेना की 5 नई स्क्वाड्रन बनीं

पिछले एक दशक में वायुसेना की 5 नई स्क्वाड्रन बनी हैं। इनमें तीन राफेल और दो एलसीए तेजस की हैं। सवाल सिर्फ मिग-21 विमानों को फेज आउट करने का नहीं, बल्कि मिराज-जगुआर भी पुराने हो चुके हैं। वायुसेना के पास 49 मिराज तथा 139 जगुआर हैं। उन्हें अपग्रेड करने की योजना है लेकिन उस पर भारी भरकम खर्च आ रहा है। बेहतर समझ यह कहती है कि उन्हें अपग्रेड करने की बजाय नए खरीदे जाएं।

# श्रीनगर में तीन दशक बाद पहला मल्टीप्लेक्स

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के लोग 30 वर्षों बाद पहली बार बड़े पर्दे पर फिल्में देख सकेंगे।

जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मंगलवार को श्रीनगर शहर में 500 सीटों वाले पहले मल्टीप्लेक्स का उद्घाटन करेंगे।

इस मल्टीप्लेक्स का निर्माण धार परिवार और बादामी बाग सोनवार में फिल्म वितरण की प्रमुख कंपनी आईनॉक्स ने संयुक्त रूप से किया है।

आमिर खान और करीना कपूर अभिनीत फिल्म लाल सिंह चड्ढा की कल उद्घाटन में विशेष स्क्रीनिंग की जाएगी। कश्मीर में आतंकवाद पनपने के दौरान 1989 में एक आतंकवादी संगठन अल्लाह टाइगर्स ने घाटी में फिल्मों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दी थी और श्रीनगर में नौ सहित सभी 13 सिनेमाघरों ने फिल्मों की स्क्रीनिंग बंद हो गई थी।

जम्मू-कश्मीर सरकार ने 1999 में सिनेमाघरों को फिर से खोलने के लिए थिएटर मालिकों को पैकेज देने की पेशकश की थी। उनमें से तीन ब्रॉडवे, रीगल और नीलम (सभी श्रीनगर में) फिर से खुले लेकिन फिर से बंद हो गए क्योंकि बहुत कम लोग ही फिल्में देखने जाते थे। मल्टीप्लेक्स में कल से लोग बड़ा शो देख सकेंगे। मल्टीप्लेक्स में फिल्में देखने के अलावा बच्चों के लिए कई फूड कोर्ट और मनोरंजन के अन्य विकल्प भी शामिल होंगे।

मल्टीप्लेक्स के प्रबंधक ने कहा, आईनॉक्स नवीनतम हॉलीवुड और बॉलीवुड फिल्में लेकर आएगा और उम्मीद है कि हम कश्मीर में दिखाने के लिए पूरे भारतीय फिल्म उद्योग को कवर करेंगे।

# कश्मीर में इस्लामी संगठनों ने मौलवियों की रिहाई की मांग की

श्रीनगर। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में इस्लामी विद्वानों के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की और धार्मिक प्रचारकों की रिहाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल मौलाना गुलाम रसूल हमी ने श्रीनगर में बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि हमने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की और मौलाना अब्दुल राशिद दाऊदी सहित कई धार्मिक मौलवियों की गिरफ्तारी का मुद्दा उठाया और इससे लोगों की चिंता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल ने उनकी बातें धैर्यपूर्वक सुनी और आश्वासन दिया कि सभी बातों पर गौर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने सभी धार्मिक प्रचारकों की तुरंत रिहाई की मांग की है और उम्मीद है कि उन्हें जल्द ही रिहा किया जाएगा। हमसे जुड़े हुए सभी मौलवी और धार्मिक प्रचारक गैर-राजनीतिक हैं और हम हमेशा शांति और समृद्धि को प्राथमिकता देते हैं। अधिकारियों द्वारा धार्मिक मौलवियों को हिंसा के लिए युवाओं को उकसने के लिए दोषी ठहराए जाने वाले सवाल पर, मुत्ताहिदा उलेमा अहले सुन्नत के एक सदस्य ने कहा, उपराज्यपाल ने भी हमें यही बताया है, लेकिन हमने उन्हें आश्वासन दिया है कि मुत्ताहिदा उलेमा अहले सुन्नत सूफी संत के अनुयायी हैं और पवित्र कुरान में लिखा हुआ है कि इस ब्रह्मांड में सभी इंसान को सम्मान मिलना चाहिए।

# लोकपाल का हाल; घूस की 1719 शिकायतों में से जांच के लिए दर्ज हुईं 136, ऑफिसर लेवल के 2 पद खाली

**नई दिल्ली।** सरकारी पदों पर बैठे लोगों के भ्रष्टाचार की शिकायतें सुनने वाले लोकपाल को इस साल अभी तक 1,719 शिकायतें मिली हैं, जिनमें से 136 को जांच करने के लिए दर्ज किया गया है। सूचना का अधिकार कानून के तहत मिली जानकारी के अनुसार, लोकपाल के कार्यालय ने बताया कि 2022-23 (21 अगस्त 2022) तक मिली कुल शिकायतों में से 134 निर्धारित प्रारूप में थी और 1,585 बिना निर्धारित प्रारूप के थीं।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, निर्धारित प्रारूप में मिली 133 घूस की शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से 83



का समाधान कर दिया गया और 50 लंबित हैं। लंबित शिकायतों में से 12 की जांच चल रही है। लोकपाल के कार्यालय ने बताया कि बिना निर्धारित प्रारूप के मिली शिकायतों में केवल तीन दर्ज की गईं। उसने बताया कि 2022-23 में घूसखोरी की कुल 1,719 शिकायतों में से 1,635 शिकायतें लंबित हैं।

### निर्धारित प्रारूप में शिकायत दर्ज कराने का प्रस्ताव

केंद्र सरकार ने मार्च 2020 में लोकपाल (शिकायत) नियम अधिसूचित किए थे, जिसमें एक निर्धारित प्रारूप में शिकायत दर्ज कराने का प्रस्ताव रखा गया। लोकपाल ने पिछले महीने केवल निर्धारित प्रारूप में मिली भ्रष्टाचार की शिकायतों को ही स्वीकार करने का फैसला किया था। लोकपाल को 2021-22 के दौरान 5,680 शिकायतें मिली थीं, जिनमें से 169 निर्धारित प्रारूप में थीं और 5,511 शिकायतें बिना प्रारूप के थीं।

### जांच निदेशक और अभियोजन निदेशक का पद खाली

लोकपाल कार्यालय ने एक सवाल के जवाब में कहा, जांच निदेशक और अभियोजन निदेशक का पद खाली है। अभी अभियोजन और जांच शाखाएं गठित नहीं की गई हैं।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और केंद्रीय सतर्कता आयोग की मदद से उपलब्ध श्रमबल के साथ ही काम किया जा रहा है। लोकपाल इस साल 27 मई से अपने नियमित प्रमुख के बिना ही काम कर रहा है।

# सीबीआई ने एसएससी घोटाले में एनबीयू के कुलपति को गिरफ्तार किया

एजेंसी

कोलकाता। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) भर्ती घोटाला में उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय के कुलपति सुबीरेस भट्टाचार्य को गिरफ्तार किया।

सूत्रों के अनुसार सीबीआई ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष भट्टाचार्य को पूछताछ के लिए निजाम पैलेस स्थित अपने कार्यालय बुलाया था, इस मामले की जांच के दौरान उनकी भूमिका इस घोटाले में सामने आयी थी। पहले भी उससे इस मामले में पूछताछ की जा चुकी है।




सीबीआई भट्टाचार्य की गिरफ्तारी के संदर्भ में जल्द ही और ज्यादा जानकारी दे सकती है। भट्टाचार्य पिछले माह सीबीआई की जांच के दायरे में आए थे, जब केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने समूह ग और समूह घ के पदों पर भर्ती और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं के बारे में उनसे विश्वविद्यालय परिसर में नौ घंटे तक पूछताछ की थी।

बाद में उनके घरों की भी तलाशी ली गई। भट्टाचार्य 2014 से 2018 तक एसएससी के अध्यक्ष रह चुके हैं और इस घोटाले गिरफ्तार होने वाले पहले कुलपति हैं।

कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद इस मामले की जांच कर रही सीबीआई ने पिछले माह शांति प्रसाद सिन्हा और अशोक साहा को भी गिरफ्तार किया था जो एसएससी भर्ती की निगरानी करने वाली पांच सदस्यीय सलाहकार समिति में शामिल थे। ईडी भी इस कथित घोटाले में धन के उपयोग का पता लगा रहा है।

### रक्षा राज्य मंत्री ने दाह संभाग का दौरा किया, राइजिंग स्टार कोर, सैनिकों से की बातचीत

पालमपुर। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने सोमवार को डाह डिवीजन और राइजिंग स्टार कोर का दौरा किया। पालमपुर सैन्य स्टेशन में जीओसी दाह डिवीजन के मेजर जनरल एमपी सिंह ने रक्षा राज्य मंत्री का स्वागत किया और उन्हें डिवीजन की परिचालन तैयारियों के बारे में जानकारी दी। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने सैनिकों के साथ बातचीत की और व्यावसायिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए उनके मनोबल की सराहना की। जीओसी दाह डिवीजन के साथ श्री भट्ट ने पालमपुर सैन्य अस्पताल में रक्तदान शिविर का भी दौरा किया। बाद में उन्होंने योल मिलिट्री स्टेशन में राइजिंग स्टार कोर का दौरा किया।

### संवर्ग के आधार पर रोस्टर बनाए जाने के मामले में हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राजकीय सेवाओं में पदोन्नति में आरक्षण के लिए संवर्ग के आधार पर रोस्टर बनाए जाने के मामले में दायर याचिका की सुनवाई करते हुए सोमवार को सरकार से छह सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा है। अदालत ने सरकार से यह भी पूछा है कि इरशाद हुसैन कमेटी की रिपोर्ट पर क्या निर्णय लिया गया। इस मामले को उत्तराखंड सचिवालय अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्मिक संगठन की ओर से चुनौती दी गयी है। इस प्रकरण पर सुनवाई मुख्य न्यायधीश विपिन सांघी व न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की युगलपीठ में हुई। संगठन के अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह की ओर अदालत को बताया गया कि शीर्ष अदालत ने 28 जनवरी, 2021 को जनरैल सिंह बनाम लक्ष्मी नारायण मामले में आदेश दिए थे कि राजकीय सेवाओं में राज्य सरकार पदोन्नति में आरक्षण के लिए संवर्ग आधारित रोस्टर तैयार करे लेकिन सरकार की ओर से आज तक इस आदेश का पालन नही किया गया। याचिकाकर्ताओं की ओर से यह भी कहा गया कि 2012 में इंदू कुमार पांडे कमेटी की रिपोर्ट ने भी माना था कि उत्तराखंड की राजकीय सेवाओं में पदोन्नति में आरक्षण के लिए अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों का प्रतिनिधित्व कम है। इसी के मद्देनजर जस्टिस इरसाद हुसैन कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी की ओर से वर्ष 2016 सरकार को रिपोर्ट सौप दी गयी परन्तु अभी तक कमेटी की रिपोर्ट को सरकार की ओर से सार्वजनिक नहीं किया गया है। सुनवाई के दौरान संगठन के प्रतिनिधि सत्यपाल सिंह, विनोद कुमार व शकंर लाल मौजूद रहे। इस मामले में अगली सुनवाई 23 फरवरी, 2023 को होगी।

### तोमर, शर्मा और चौधरी ग्राम सुर्जनपुर में करेंगे स्वास्थ्य सुविधाओं का लोकार्पण

मुरैना। केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, भारतीय जनता पार्टी के मध्यप्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद वी डी शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी कल सुबह 15 स्वास्थ्य सुविधाओं का ग्राम सुर्जनपुर में लोकार्पण एवं भूमिपजन करेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री शर्मा के पिता स्व. अमर सिंह फाउंडेशन द्वारा वृहद स्वास्थ्य शिविर लगाया जायेगा। जिसमें मुरैना के अलावा इंदौर के चिकित्सक भी उपस्थित रहकर शिविर में सेवायें देंगे। कलेक्टर बी कार्तिकेयन ने यहां बताया कि केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम सुर्जनपुर में 3 पीएससी, एक उप स्वास्थ्य केन्द्र सहित 15 स्वास्थ्य सुविधाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जायेगा। कलेक्टर ने बताया कि ग्राम सुरजनपुर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुर्जनपुर, नगरा और बरौठा के लिये शिलान्यास किया जायेगा। इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धनेला, पहाड़ी, बीच का पुरा, बित का पुरा, उमरियाई, कोल्हुआ, रानपुर, महुरी, मुंगावली, अलापुर, खड़िया बीहड़ तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र माता बसैया का लोकार्पण किया जायेगा।

# त्रिपुरा में बच्चा चोरी के आरोप में महिला समेत चार से दुर्व्यवहार

एजेंसी

अगरतला। त्रिपुरा में गोमती जिले के उदयपुर के राजारबाग इलाके में एक मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को बच्चा चोरी करने वाले गिरोह में शामिल होने के आरोप में स्थानीय लोगों ने बुरी तरह पीटा। इस तरह के आरोप पर पिछले दो दिन में राज्य में इस तरह के हमले की तीसरी घटना है।

पुलिस के अनुसार, त्रिपुरा में बच्चा चोरी की कोई घटना नहीं हुई है, लेकिन बच्चा चोरी की अफवाह राज्य में कानून-व्यवस्था के लिए चिंता का विषय बना गया है। बच्चा चोरी, गाय चोरी और मानव अंग चोरी करने वाले गिरोहों की अफवाह के कारण राज्य में पिछले कुछ वर्षों में (पीट पीट कर मारने) मॉब लिंचिंग एक नया खतरा बन गया है।

त्रिपुरा में 2018 से अबतक मॉब लिंचिंग के कारण कम से कम 10 लोगों की मौत हो चुकी है और आखिरी मौत शुक्रवार को पूर्वी अगरतला के जिरानिया में हुई थी, जहां एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर दी गई। इस मामले में एक ही परिवार के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया।

रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार और रविवार को कथित रूप से बच्चा चोरी की दो घटनाएं सामने आईं, जिसमें तीन लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया गया और मानसिक रूप से विक्षिप्त एक महिला को बुरी तरह पीटा गया। बाद में हालांकि पुलिस ने महिला को बचाया और अस्पताल ले जाया गया लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

एक अन्य घटना में स्थानीय लोगों ने दक्षिण त्रिपुरा के शांतीरबाजार रेलवे स्टेशन पर बच्चा चोरी में शामिल होने के संदेह में तीन लोगों को पकड़ लिया। बाद में पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पूछताछ के दौरान पता चला कि उन तीन लोगों में से एक उत्तरी त्रिपुरा का निवासी है और राजमिस्त्री का काम करता है। वह अपने दो असमिया दोस्तों के साथ शनिवार को एक ग्राहक से पैसे लेने आया था। उनके बयान की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने उन्हें अगरतला जाने वाली ट्रेन में बैठा दिया।

जिरानिया में शुक्रवार की सुबह एक संदिग्ध चोर की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। एक अज्ञात व्यक्ति पर एक महीने से अगरतला और उसके आसपास के इलाकों में डकैती डालने का आरोप है और वह कथित रूप से देर रात एक घर में घुस गया था।

# मान के जर्मनी दौरे से पंजाब, पंजाबियों का हुआ अपमान: मजीठिया

अमृतसर। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के जर्मनी भ्रमण के दौरान अनुचित आचरण के कारण पंजाब और पंजाबियों का अपमान हुआ है।

शिअद नेता ने गुरुद्वारा छेत्र साहिब में मत्था टेकने के बाद यहां पत्रकारों से कहा, पंजाबियों को सोशल मीडिया में खबरों के साथ-साथ फ्रैंकफुर्त में मुख्यमंत्री के विमान के यात्रियों के टवीट से दुखी हैं कि वह (मान) तेजी से नहीं चल सकते थे और उन्हें पत्नी और सहयोगियों का सहारा लेना पड़ा। यह दावा भी उतना ही अपमानजनक है कि मुख्यमंत्री को विमान से इसलिए उतारा गया क्योंकि वह नशे की हालत



में थे। इस सबसे उन पंजाबियों के गौरव को ठेस पहुंचाई है, जिनका जीवन के सभी क्षेत्रों में उपलब्धि का समृद्ध इतिहास रहा है।

श्री मजीठिया ने कहा कि सोशल मीडिया पर विश्वास करने का कारण था, जिसमें मुख्यमंत्री के विमान से उतरने और पूरे दल के सामान को हटाने के कारण हुई देरी का विवरण भी दिया गया था।

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री का आप के सम्मेलन में भाग लेने का कार्यक्रम था, जिसे एक प्रमुख कार्यक्रम के रूप में प्रचारित किया जा रहा था और कोई कारण नहीं था कि मुख्यमंत्री इसमें शामिल नहीं होंगे क्योंकि उनकी जर्मनी की आधिकारिक यात्रा एक दिन पहले समाप्त हो गई थी। उन्होंने कहा कि यह तथ्य कि मुख्यमंत्री सम्मेलन में शामिल नहीं हो पाए, रिपोर्टों को बल देता है।

श्री मजीठिया ने कहा कि इन कृत्यों ने दुनिया भर में पंजाबियों की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचायी है। इससे पहले भी जर्मनी की यात्रा के दौरान, श्री मान ने झूठ बोलकर भारत की विश्वसनीयता को चोट पहुंचाई थी कि बीएमडब्ल्यू पंजाब में एक कार निर्माण संयंत्र स्थापित करेगी। इस दावे को बवेरियन मोटर वर्क्स (बीएमडब्ल्यू) ने तुरंत खारिज कर दिया गया था और यहां तक कि यह मजाक में यह भी कहा गया कि मुख्यमंत्री ने भगवंत मोटर वर्क्स का जिक्र किया होगा, जब उन्होंने ये अजीब दावे किए थे।


श्री मजीठिया ने मुख्यमंत्री से यह भी बताने को कहा कि उन्होंने जर्मनी में पंजाब का प्रदर्शन कैसे किया। श्री मान ने दावा किया है कि वह जर्मनी में पंजाब का प्रदर्शन करने गए थे, लेकिन विधानसभा में बार-बार कहा है कि पिछली सरकारों ने कुछ नहीं किया है। उन्हें बताना चाहिए कि उन्होंने जर्मनी में क्या दिखाया, क्योंकि उनकी सरकार छह महीने ही सत्ता में रही है।

### अमृतसर के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 6.05 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा जब्त, बाप-बेटा गिरफ्तार

अमृतसर। श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (एसजीआरडीजेआई) अमृतसर पर विदेश जाने वाले यात्री के सामान से छह करोड़ पांच लाख रुपये की विदेशी मुद्रा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। युवक की पहचान मनदीप सिंह निवासी आटा मंडी अमृतसर के रूप में हुई है। मनदीप एयर इंडिया की फ्लाइट से अमृतसर से दुबई रवाना होने वाला था। सीमा शुल्क (निवारक) आयुक्तालय, अमृतसर द्वारा दी गई जानकारी अनुसार रविवार की शाम को, एसजीआरडीजेआई हवाई अड्डे में अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान पर एक्स-रे मशीन पर एयरलाइंस स्टाफ द्वारा आउटगोइंग अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के सामान की सुरक्षा जांच के दौरान, एक बैग में कुछ संदिग्ध छवियां देखी गईं। एयरलाइंस के कर्मचारियों ने ड्यूटी पर तैनात सीमा शुल्क अधिकारियों को सतर्क किया। इसके बाद, सीमा शुल्क अधिकारियों ने यात्री की प्रोफाइलिंग की और उसे संदिग्ध पाया गया। इसलिए पैक्स की आवाजाही पर नजर रखी गई। यात्री ने एयरलाइन के काउंटर पर संदिग्ध बैग को चेक-इन-बैगेज के रूप में सौंपने के बाद, आव्रजन जांच के लिए आगे बढ़े और अपने पासपोर्ट पर मुहर लगा दी। इसके बाद, यात्री को रोका गया और पूछा गया कि क्या वह अपने साथ कोई अत्यधिक भारतीय या विदेशी मुद्रा ले जा रहा था, या तो चेक-इन-बैगेज या हैंड बैग में, जिसका उसने नकारात्मक उत्तर दिया।

## शार्ट न्यूज

### आर्य केन्द्रीय सभा, दिल्ली के चुनाव में सुरेन्द्र कुमार रैली सर्वसम्मति से प्रधान चुने गए



नई दिल्ली। आर्य केन्द्रीय सभा, दिल्ली के चुनाव में सुरेन्द्र कुमार रैली जी सर्वसम्मति से प्रधान चुने गए। चुनाव में दिल्ली के लगभग 100 आर्य समाजों के 200 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आर्य केन्द्रीय सभा की स्थापना वर्ष 1944 में हुई थी। पिछले 78 वर्षो मे सभा दिल्ली के विभिन्न सेवा कार्यो मे निरंतर कार्यरत है। नव निर्वाचित प्रधान ने संकल्प दोहराया की भविष्य में ओर अधिक समर्पण से केन्द्रीय सभा समाज सेवा में भागीदारी करेगी।

### दिल्ली में एक हफ्ते में दोगुना हुए डेंगू के मामले

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में एक सप्ताह के भीतर डेंगू के दोगुना मामले हो गए हैं, जहां बीते सप्ताह से पहले दस सितम्बर 2022 तक डेंगू के 51 मामले सामने आए थे तो वहीं 17 सितम्बर तक डेंगू के 101 मामले सामने आए। इस बात का खुलासा दिल्ली नगर निगम द्वारा सोमवार को जारी डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया की रिपोर्ट से हुआ है। निगम अधिकारियों का कहना है कि डेंगू के बढ़ते मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से पहली एफआईआर दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है वर्ष 2017 में डेंगू के 343 मामले सामने आए थे, जबकि वर्ष 2019 में 217, वर्ष 2020 में 172 तथा वर्ष 2021 में 211 मामले सामने आए थे , लेकिन इस साल 2022 में 396 मामले सामने आ चुके हैं। साप्ताहिक रिपोर्ट के हिसाब से दस सितम्बर 2022 तक 51 मामले और 17 सितम्बर तक 101 डेंगू के मामले सामने आ चुके हैं। इन आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल डेंगू के मामलों में लगातार वृद्धि होती जा रही है। डेंगू के मामलों को लेकर निगम विभाग के स्वास्थ्य अधिकारी निर्माण स्थलों पर निर्माण कार्य करा रही कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई पर उतर आए हैं। उनका कहना है कि कंपनियां अपने निर्माण स्थल पर लार्वा मच्छरों को नष्ट नहीं कर पा रही हैं। इसके लिए उनके खिलाफ एफआईआर जैसी कड़ी कार्रवाई करने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

### दादरी टोल पर किसानो ने किया हंगामा



ग्रेटर नोएडा। दादरी लुहारर्ली टोल प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन अजगर के कार्यकर्ताओं ने रविवार को दादरी टोल पर जमकर हंगामा किया। किसानों का कहना है कि सड़क पर गहरे गहरे गड्ढे ओर स्ट्रीट लाइट न होने से दुर्घटनाओं की सम्भावना बनी रहती है। उनका कहना है कि स्थानीय लोगों से टोल वसूलने व सड़कों पर बड़े-बड़े गहरे गड्ढे स्ट्रीट लाइट ना जलने से नाराज हैं। इसी वजह से किसानों ने टोल पर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद किसानों को शांत कराया।

### एक व्यक्ति ने चाकू से किया वार

नोएडा। थाना फेस-वन क्षेत्र के हरौला गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने साले के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह विवाद बहन के साथ मारपीट को लेकर हुआ। थाना फेस-वन के प्रभारी निरीक्षक विरेशपाल गिरी ने बताया कि धर्मवीर सिंह ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार उनकी बेटी की शादी हरौला गांव में रहने वाले विकास के साथ हुई है। विकास उनकी बेटी के साथ मारपीट करता है। धर्मवीर और उनका बेटा पंकज इस मामले को लेकर विकास से बात करने के लिए हरौला गांव आए थे, तभी दोनों पक्षों में विवाद हो गया। धर्मवीर सिंह का आरोप है कि विकास, जितेंद्र और विकास की मां जागृति ने उन लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने पंकज के ऊपर चाकू से हमला कर दिया। इस हादसे में पंकज को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### आईसर कैंटर और ट्रक में भीषण टक्कर, ड्राइवर की मौत

नोएडा। ईस्टर्न पेरीफेरल हाईवे पर सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि, दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। और घायल व्यक्ति को उपचार हेतु निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह पेरीफेरल हाईवे पर एक अज्ञात ट्रक ने आईसर कैंटर ने टक्कर मार दी। इस हादसे के दौरान आईसर कैंटर में राजपाल यादव निवासी मुरादनगर और सचिन मौजूद थे। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने के बाद राहत टीम मौके पर पहुंची और दोनों को इलाज के लिए सीएचसी दादरी में भर्ती करवाया गया। जहां पर गाड़ी चालक राजपाल यादव को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि, उसके साथी सचिन को मामूली चोट आई है। जिसको प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने मृतक राजपाल यादव के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में दोनों गाड़ियों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बदमाशों के हौसले बुलंद, बाइक सवार बदमाशों ने युवक के गले से लूटी सोने की चेन

नोएडा। बाइक सवार बदमाशों ने रविवार सुबह सेक्टर 51 में टहलने निकले एक युवक के गले से सोने की चेन लूट ली। बदमाश वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। इस संबंध में पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-49 थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में प्रतीक राज सिंह ने बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर 51 के मेघदूत अपार्टमेंट में रहते हैं। वह सुबह करीब 9 बजे सेक्टर के एफ ब्लॉक में टहल रहे थे। वह जैन मंदिर से सोसाइटी की तरफ पैदल जा रहे थे। इसी बीच पीछे से एक बाइक पर सवार होकर दो बदमाश आए। बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने प्रतीक के गले से सोने की चेन तोड़ ली। जब तक पीड़ित कुछ समझ पाता, दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने उन्हें पकड़ने के लिए शोर भी मचाया, लेकिन कोई मदद के लिए नहीं आया। फिर वारदात की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बदमाशों की पहचान करने के लिए वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है। हालांकि उनकी पहचान नहीं हो सका।

### नोएडा के 25 सेक्टरों को मिलेगा गंगाजल

नोएडा। नोएडा में 25 सेक्टरों के 5 लाख लोगों को दिसंबर-2022 तक गंगाजल की आपूर्ति की जा सकेगी। इसके लिए तृतीय चरण में 37.50 क्यूसेक गंगाजल (90 MLD) परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। परियोजना से नोएडा को कुल 330 MLD गंगाजल की सप्लाई हो जाएगी। वर्तमान में 240 MLD गंगाजल की आपूर्ति की जा रही है। इसका 70 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। योजना की लागत 239.69 करोड़ लगाई गई थी। शहर में गंगाजल की आपूर्ति प्रताप विहार प्लांट की जाती है। नोएडा प्राधिकरण व उप्र आवास विकास परिषद संयुक्त प्रयास है। योजना का मूर्हत रूप देने का काम यूपी जल निगम कर रहा है। दरअसल, यह योजना 50 क्यूसेक गंगाजल की है। जिसमें नोएडा का 75 प्रतिशत 37.50 क्यूसेक गंगाजल मिलेगा और यूपीएवीपी का 25 प्रतिशत 22.5 क्यूसेक गंगाजल की सप्लाई की जाएगी। 14 मार्च 2018 को योजना पर कार्य शुरू किया गया। दिसंबर 2021 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। अब इसे बढ़ा दिया गया है। योजना की लागत 239.69 करोड़ लगाई गई थी।

# सांसद रमेश बिधूरी द्वारा किया गया स्वस्थ बालक-बालिका संपूर्ण पोषण अभियान शिविरों का आयोजन

**प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत**





**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली सांसद श्री रमेश बिधूड़ी ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस 17 सितंबर से प्रारंभ सेवा पखवाड़ा के अंतगर्त तीसरे दिन अपने संसदीय क्षेत्र दक्षिणी दिल्ली की दस विधान सभाओं में वार्ड अनुसार, बदरपुर, मोलड़बन्द, हरीनगर, जैतपुर, ओम विहार, हरकेश नगर, तुगलकाबाद, पुल प्रहलादपुर, श्रीनिवासपुरी, कालकाजी, गोविन्दपुरी, तुगलकाबाद एक्स. संगम विहार-सी, संगम विहार-ई, दक्षिणपुरी, तिगड़ी, देवली, संगम विहार-बी, मदनगीर, पुष्प विहार, खानपुर, छत्तरपुर, सैदुलाजाब, आया नगर, महरौली, वसंत कुंज, राजनगर, द्वारका-सी, कापसहेड़ा, महिपालपुर, मधु विहार, महावीर इन्कलेव, साध नगर व पालम में दक्षिणी दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओं के सहयोग से, 'स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा पोषण अभियान' शिविर आयोजित करवाए। जहाँ 0-6 वर्ष के कुपोषित बच्चों को न्यूट्रिशन और स्वस्थ बच्चों की माताओं को प्रशस्ति-पत्र दिये गये।

इसी कड़ी में आज सांसद रमेश बिधूड़ी ने गोविन्दपुरी में मध्य क्षेत्र निगम उपायुक्त श्री दानिश अशरफ के साथ प्रधानमंत्री उज्जवला योजना एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतगर्त आयोजित कैम्पों में महिलाओं को रसोई गैस सिलैंडर एवं चूल्हे वितरित किए और रेहड़ी-पटरी, फुटपाथ पर फल-सब्जियों के ठेले लगाने वाले गरीब लोगों को 10 हजार रूपये का ऋण स्वीकृत करवाये।

इस दौरान बिधूड़ी ने आयोजित पोषण अभियान शिविरों में पहुँच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने चिकित्सकीय जांच में कुपोषित पाए गए बच्चों के लिए संपूर्ण डाइट न्यूट्रिशन किट वितरित किए और स्वस्थ बच्चों की माताओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। बिधूडी ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह हम सभी के लिए बहुत ही प्रसन्नता का विषय है कि देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस को 17 सितंबर से 02 अक्टूबर महात्मा गाँधी जी के जन्म दिवस तक एक सेवा पखवाड़े के रूप में गरीब, जरूरतमंदो की सेवा और सहायता कर मनाया जा रहा है।

आज हर देशवासी को गर्व है कि मोदी जी के नेतृत्व में गत 8 वर्षों में देश में हर वर्ग व हर क्षेत्र में समग्र विकास के साथ-साथ अन्तरार्ष्ट्रीय स्तर पर भारत को एक नई पहचान मिली है। मा0 प्रधानमंत्री जी की जनकल्याणकारी योजनाएं गरीब, किसान, मजदूर, दलित व युवाओं की आवश्यकताओं की करने में कारगर साबित हो रहीं है।

# केजरीवाल एंड पार्टी अपने आपको समझते हैं अदालतों से भी ऊपर : बिधूड़ी

## दागी नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज होते ही दे देते हैं क्लीन चिट

**आनंद राय/गौरवशाली भारत**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके साथियों को नसीहत दी है कि वे दागी नेताओं को क्लीनचिट देने की बजाय कानून को अपना काम करने दें। वे अपने आपको अदालत से भी ऊपर साबित करने की कोशिश न करें। आम आदमी पार्टी के किसी भी नेता के खिलाफ जांच शुरू होते ही अपने नेताओं को पाक-साफ कहना शुरू कर देते हैं। वे अदालतों के फैसले का इंतजार करें और सम्मान करें।

बिधूड़ी ने कहा कि ऐसे एक नहीं बल्कि दस मौके आ चुके हैं जब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके सहयोगियों ने शोर मचा-मचाकर आरोपी आप नेता को क्लीन चिट दी है। ईडी ने विधायक दुर्गेश पाठक को नोटिस जारी किया तो उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने उन्हें क्लीन चिट दे दी।

अभी तो सिसोदिया के खिलाफ खुद ही सीबीआई जांच चल रही है लेकिन वह अपने गिरेबान में झांकने की बजाय दूसरों को ईमानदारी का सर्टीफिकेट जारी कर रहे हैं। अगर ईडी ने नोटिस जारी किया है तो कम से कम जांच तक का तो इंतजार करें। उन्होंने कहा कि ओखला के विधायक अमानतुल्ला खान की गिरफ्तारी होते ही मुख्यमंत्री केजरीवाल समेत सभी आप नेताओं ने उन्हें क्लीन चिट दे दी, जैसे कानून, पुलिस और अदालत सबकुछ गलत कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने अपने कानून मंत्री जितेंद्र तोमर को भी ऐसी ही क्लीन चिट दी थी। यही नहीं, तब उन्होंने अपने आपको एक्सपर्ट भी बताने की कोशिश की थी और कहा था कि मैंने जितेंद्र तोमर की डिग्री देख ली है और वह असली है जबकि वह फर्जी साबित हुई।

इसके बाद भी यह सिलसिला लगातार बना हुआ है। सोमनाथ भारती पर उन्हीं की पत्नी ने घरेलू हिंसा के आरोप लगाए तो भी उन्हें क्लीन चिट दी गई। आप सरकार के खाद्य मंत्री संदीप कुमार द्वारा राशन कार्ड बनाने का झांसा देकर एक गरीब महिला से रेप करने का मामला हो या फिर मंत्री असीम अहमद पर बिल्डर माफिया से सांठगांठ का आरोप हो, इन नेताओं को केजरीवाल ने क्लीन चिट देने में देर नहीं लगाई। आप के निगम पार्षद ताहिर हुसैन के मामले में तो पूरी आम आदमी पार्टी उसे निर्दोष बताते हुए अभियान चलाती रही लेकिन वह यमुनापार के दंगों की साजिश में किस तरह शामिल थे, यह सच्चाई सामने आ चुकी है। अखिलेश त्रिपाठी और संजीव झा को तो अदालत ने दोषी करार दिया है लेकिन केजरीवाल उन्हें भी निर्दोष बताते रहे हैं।

सत्येंद्र जैन की जमानत भी नहीं हो पा रही लेकिन उन्हें क्लीन चिट देते हुए केबिनेट से भी नहीं हटाया गया।

# डीयू के प्रोफेसर हनी बाबू को जमानत देने से कोर्ट ने किया इनकार

नई दिल्ली। बंबई उच्च न्यायालय ने एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में आरोपी एवं दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के एसोसिएट प्रोफेसर हनी बाबू की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एनएम जामदार और न्यायमूर्ति एनआर बोरकर की खंडपीठ ने कहा कि जमानत खारिज करने के विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ हनी बाबू द्वारा दायर अपील खारिज की जाती है। मामले की जांच कर रहे राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने हनी बाबू पर प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के नेताओं के निर्देश पर माओवादी गतिविधियों एवं विचारधारा का प्रचार करने के षड्यंत्र में शामिल होने का आरोप लगाया है। हनी बाबू को इस मामले में जुलाई 2020 में गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह नवी मुंबई की तलोजा जेल में बंद हैं। यह मामला 31 दिसंबर, 2017 को पुणे में हुए एल्गार परिषद सम्मेलन में कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देने से संबंधित है।

पुलिस का दावा है कि इसके कारण अगले दिन शहर के बाहरी इलाके में स्थित भीमा-कोरेगांव स्मारक के निकट हिंसा भड़क गई थी। हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए थे। इस मामले में 12 से अधिक कार्यकर्ता और शिक्षाविदों को आरोपी बनाया गया है।

# गोल्फ कोर्स मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन के आगे कूद युवक ने दी जान

**एजेंसी**

नोएडा। नोएडा में एक व्यक्ति ने गोल्फ कोर्स मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि ट्रेन के आगे कूदे युवक को घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया मगर उसकी मृत्यु हो गई। युवक ने आत्महत्या का यह कदम क्यों उठाया? अभी इसका पता नहीं चल पाया है।ADCP नोएडा, आशुतोष द्विवेदी ने कहा है कि इस मामले में जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

नोएडा के सेक्टर-39 कोतवाली क्षेत्र स्थित गोल्फ कोर्स मेट्रो स्टेशन पर युवक ने सोमवार की सुबह करीब 8 बजे ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दी है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में शुरुआती जानकारी के आधार यह भी कहा जा रहा है कि घटना के वक्त युवक की पत्नी भी मेट्रो स्टेशन पर ही मौजूद थी। मृतक युवक की पहचान 47 साल के राजेश के तौर पर हुई है। यह भी कहा जा रहा है कि राजेश ग्रेटर नोएडा में ही काम करता है। वो अपनी पत्नी को मेट्रो स्टेशन पर छोड़ने के लिए आया था।

नोएडा में मेट्रो स्टेशन सुसाइड प्वॉइंट्स की तरह बनते जा रहे हैं। इससे पहले इसी मार्च में भी एक महिला ने मेट्रो के आगे कूदकर जान दे दी थी। महिला ने नोएडा सेक्टर 16 मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो के आगे कूदकर आत्महत्या की थी।

गोल्फ मेट्रो स्टेशन पर ऐसी घटना पहली बार नहीं हुई है। इससे पहले साल 2019 में भी नोएडा के गोल्फ कोर्स मेट्रो स्टेशन पर एक युवक ने इसी तरह चलती ट्रेन के आगे छलांग लगा दी थी। जिसकी वजह से इलेक्ट्रॉनिक सिटी से द्वारका को जोड़ने वाली मेट्रो की ब्लू लाइन कुछ समय के लिए बाधित भी रही थी। घटना में युवक की मौत हो गई थी। मृतक युवक दिल्ली का रहने वाला बताया गया था।

# कोविड फ्रंटलाइन वर्कर (सीएफ डब्ल्यू ) कोर्स के तहत ग्रेजुएट लोगों के लिए कॉनवोकेशन सेरेमनी का आयोजन




नई दिल्ली। कोरोना महामारी में एक तरफ लोग खुद को बचाने के लिए घरों में कैद थे, तो वहीं दूसरी तरफ कोविड फ्रंटलाइन वर्क्स के रूप में वो लोग भी थे, जो दिन रात लोगों की ख़िदमत में वक़्त गुजार रहे थे. इसी दौरान इस तरह के काम करने की इच्छा रखने वाले लोगों के लिए पीएम कोविड फ्रंटलाइन वर्कर (सीएफ डब्ल्यू) के कोर्स शुरू किए गए थे. जिनके तहत ट्रेनिंग लेकर फ्रंटलाइन वर्कर बना जा सकता था. अपनी तरह की पहली ऐसी योजना के तहत अब हेल्थकेयर सेक्टर स्किल काउंसिल (एचएसएससी) ने हाल ही में दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स की कॉनवोकेशन सेरेमनी का आयोजन किया. ये सेरेमनी 100 से ज्यादा केंडिडेट्स को ग्रैजुएशन सर्टिफिकेट देने के लिए की गई.

कोविड 19 के खिलाफ देश की लड़ाई में इन लोगों के रोल का महत्व समझते हुए माननीय पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा कोविड फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए कोर्स लॉन्च किए गए थे. इसमें कोविड फ्रंटलाइन वर्कर (बेसिक केयर सपोर्ट), कोविड फ्रंटलाइन वर्कर (सैंपल कलेक्शन सपोर्ट), कोविड फ्रंटलाइन वर्कर (इमरजेंसी केयर सपोर्ट) और कोविड फटलाइन वर्कर (एडवांस केयर सपोर्ट) के लिए कोर्स शामिल थे. कॉनवोकेशन सेरेमनी के इस मौक़े पर मुख्य अतिथि के रूप में मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप के सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल शामिल हुए. जिन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूली शिक्षा के साथ स्किल सर्टिफिकेशन पर जोर दिया. उन्होंने वहां मौजूद लोगों को अपनी रुचि के क्षेत्रों पर ध्यान देने और जिंदगी में आत्मविश्वास के साथ आगे बढने् की सलाह दी.

वहीं, हेल्थकेयर सेक्टर स्किल काउंसिल के सीईओ आशीष जैन ने स्किल सर्टिफि केशन कोर्स के महत्व पर बात करते हुए कहा कि लोगों को इस तरह की ट्रेनिंग देकर हमारे देश की स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करना समय की एक मांग है. कोरोना महामारी के दौरान ट्रेंड और स्किल्ड लोगों की जरूरत बहुत बढ़ गई थी, जिसके चलते एचएसएससी द्वारा कोविड फ्रंटलाइन वर्कर्स की भूमिका के रूप में नौकरियों की शुरुआत हुई. 500 से अधिक उम्मीदवारों को वलेडर फैबटेक्स प्राइवेट लिमिटेड, मैक्स हेल्थकेयर इंस्टिट्यूट और विप्रो जीई हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ट्रेंड किया गया.

स्किल इंडिया अभियान के तहत मूल्यांकन और सर्टिफि केशन का ध्यान हेल्थकेयर सेक्टर स्किल काउंसिल द्वारा रखा गया. इनमें से अधिकांश उम्मीदवारों को सफ लतापूर्वक नौकरी पर रखा गया था और अन्य लोग रोजगार के अवसरों की सुविधा पाने की प्रक्रिया में थे. ये एसबीआई काड्र्स एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड द्वारा प्रदान की गई एक सीएसआर परियोजना के तहत किया गया था.।

# सत्येंद्र जैन को राहत, निचली अदालत की कार्यवाही पर लगी रोक

## ईडी की केस याचिका पर नोटिस जारी



नई दिल्ली। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को कोर्ट से राहत मिली है। दिल्ली की अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सत्येंद्र जैन और अन्य आरोपियों की निचली अदालत की कार्यवाही और जमानत पर सुनवाई पर रोक लगा दी है। राउज एवेन्यू कोर्ट के जिला जज ने मामले को दूसरे जज को ट्रांसफर करने की ईडी की याचिका पर सभी आरोपियों को नोटिस भी जारी किया।

### क्या है ईडी की याचिका

ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के सामने एक याचिका दायर कर सत्येंद्र जैन के मनी लॉन्ड्रिंग केस को दूसरे जज की अदालत में ट्रांसफर करने की मांग की है।

ईडी ने इस मामले को विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल को ट्रांसफर करने की मांग की है। इसपर सुनवाई करते हुए आज कोर्ट ने मंत्री सहित सभी आरोपियों को नोटिस जारी किया है।

### न्यायिक हिरासत में हैं स्वास्थ्य मंत्री

मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री, और सह-आरोपी अंकुश जैन एवं वैभव जैन न्यायिक हिरासत में हैं। कोर्ट उनकी जमानत याचिकाओं पर लंबी दलीलें सुन रही थी। आरोपी की जमानत पर सुनवाई अंतिम चरण में थी।

### जैन के खिलाफ ईडी ने की थी जांच

ईडी ने आप नेता सत्येंद्र जैन और दो अन्य को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत 2017 दर्ज सीबीआई की एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। इसमें उनपर कथित रूप से जुड़ी चार कंपनियों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया गया था। इतना ही नहीं, ईडी ने 16 सितंबर को आबकारी नीति मामले में सत्येंद्र जैन से तिहाड़ जेल के अंदर पूछताछ की थी।

### जेवर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

जेवर। बीजेपी मंडल दनकौर के द्वारा सेवा सप्ताह पखवाड़ा के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सोमवार को स्वास्थ्य केंद्र का आयोजन किया। जिसका उद्घाटन मंडल अध्यक्ष राजेंद्र भाटी और चिकित्सक मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने फीता काटकर किया। जिसके मुख्य अतिथि दनकौर चेयरमैन अजय भाटी रहे। चेयरमैन अजय भाटी ने बताया कि पीएम के जन्मदिवस को पूरे देश में सेवा सप्ताह पखवाड़ा के तहत मनाया जा रहा है। इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर शिविर का आयोजन करा कर विभिन्न प्रकार के रोगों का चेकअप कराया। कार्यक्रम के संयोजक दनकौर नगर पंचायत सभासद अजीत चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर सेवा सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसका समापन 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर पदयात्रा कर स्वच्छता अभियान चलाकर किया जाएगा। पीएम के जन्मदिवस पर क्षेत्रीय सांसद डॉ. महेश शर्मा ने भी 2 दिन पहले प्रदर्शनी का उद्घाटन किया था। जिसको देखने के लिए प्राचीन श्री द्रोणचार्य मंदिर परिसर में रोजाना क्षेत्र भर के सैकड़ों लोग भी पहुंच रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश को ऐसे ही प्रधानमंत्री की आवश्यकता है। क्योंकि उनकी बदौलत देश काफी ऊंचाई छू रहा है।

# एसआईटी की रिपोर्ट सार्वजनिक होने पर विजिलेंस ने जताई आपत्ति

नोएडा। सुपरटेक ट्विन टावर मामले में एसआईटी की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद विजिलेंस विभाग ने कड़ी आपत्ति जताई है। ये जांच रिपोर्ट नोएडा प्राधिकरण के लोगों ने ही सार्वजनिक की। दरअसल, विजिलेंस ने एसआईटी की रिपोर्ट को आधार बनाकर प्राधिकरण के 26 अधिकारियों, 2 आर्किटेक्चर कंपनी और 4 सुपरटेक के निदेशकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

एफआईआर के बाद विजिलेंस ने प्राधिकरण से प्रकरण से जुड़े दस्तावेज मांगे थे। दस्तावेज तो उपलब्ध करा दिए गए लेकिन अभी तक जवाब किसी भी आरोपी की ओर से नहीं दिया गया। विजिलेंस को जांच रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों से पूछताछ करनी थी। अब जांच रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद विजिलेंस की मुश्किलें बढ़ सकती है। हाल ही में प्राधिकरण आई विजिलेंस टीम ने इस मामले में कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी। जिसके बाद माना जा रहा है कि जल्द ही उन लोगों पर गाज गिर सकती है जिन्होंने ये काम किया है। सूत्रों का कहना कि जांच रिपोर्ट सार्वजनिक होने से आरोपियों को पहले ही जानकारी मिल गई कि उन पर क्या आरोप है। ऐसे में जवाब भी तैयार कर वह बच भी सकते है। विजिलेंस सूत्रों की माने तो अब कुछ अन्य प्रश्न तैयार किए जा रहे है। जिन पर पूछताछ की जाएगी। ऐसे में जल्द ही टीम नोएडा प्राधिकरण आएगी। हालांकि जिन अधिकारियों के नाम एसआईटी की टीम ने अपनी रिपोर्ट में दिए है उनमे से अधिकांश रिटायर्ड हो चुके है।

### पानी के पैसे के विवाद को लेकर युवक का सिर फोड़ा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की दुर्गा एनक्लेव कॉलोनी में विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम में पानी के पैसे देने को लेकर विवाद हो गया। पानी की बोतल सप्लाई करने वाले युवक के साथ कार्यक्रम के आयोजकों ने मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया। घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जबकि, आयोजकों ने घायल युवक पर घर में घुसकर महिलाओं से छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने घायल की शिकायत पर दो आयोजकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दुर्गा एनक्लेव कॉलोनी में कुछ लोगों ने रविवार को विश्वकर्मा पूजा को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया था। इसके लिए बाहर से पानी की बोतल मंगवाई गई थी।

# केजरीवाल सरकार बनवा रही 11 नए अस्पताल, सिसोदिया बोले- मिलेंगी वर्ल्ड क्लास सुविधाएं

नई दिल्ली। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली वालों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने और पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए केजरीवाल सरकार राजधानी में 11 नए अस्पताल तैयार करवा रही है। सिसोदिया ने सोमवार को पीडब्ल्यूडी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्माम कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन सभी निर्माण कार्यों को समय रहते पूरा किया जाए और यहां क्वालिटी के सभी मानकों का पालन सुनश्चिति किया जाए। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार का उद्देश्य अपने सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना है। इस दिशा में दिल्ली में सरकार द्वारा तैयार किए जा रहे नए अस्पताल मील का पत्थर साबित होंगे और हमारे हेल्थ रिसोर्सेज को बढ़ाने का काम करेंगे।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि दल्लिी के विभन्नि स्थानों पर बनाए जा रहे ज़्यादातर अस्पतालों का निर्माण कार्य इस साल अंत तक पूरा हो जाएगा। वहीं, कुछ अस्पताल 2023 के मिड तक बनकर तैयार हो जाएंगे। निर्माण कार्य समय पर पूरे हो और सभी अस्पताल जल्द ही जनता को समर्पित हो, इसे सुनश्चिति करने के लिए उपमुख्यमंत्री हर 15 दिन में इसके प्रगति की समीक्षा भी कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने कहा कि इन 11 अस्पतालों में 3237 बेड्स की क्षमता वाले 4 अस्पताल व 6838 आईसीयू बेड्स की क्षमता वाले 7 सेमी-परमानेंट आईसीयू अस्पताल शामिल हैं। ये कोरोना के साथ-साथ गंभीर मेडिकल कंडीशन वाले केसों से लड़ने में मददगार साबित होंगे। इन नए अस्पतालों से दिल्ली के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को बूस्ट मिलेगा और लाखों दिल्लीवासी विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे।

सिसोदिया ने मोहल्ला क्लिनिकों के निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में 12 नए मोहल्ला क्लिनिक बनकर तैयार हैं। इन मोहल्ला क्लीनिकों का निर्माण कार्य पूरा चुका है। इसके अलावा 52 मोहल्ला क्लिनिकों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इनका निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इन्हें जनता की सेवा के लिए समर्पित किया जाएगा।

## संपादकीय

# जोखिम की सड़कें

महानगरों में वाहनों की बढ़ती संख्या और मनमाने तरीके से वाहन चलाने की वजह से सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े हर साल कुछ बढ़े हुए दर्ज होते हैं। इसे लेकर लगातार चिंता जताई जाती रही है। सड़क हादसों पर काबू पाने के मकसद से यातायात नियमों में कड़े प्रावधान जोड़े और जुर्माने की राशि में बढ़ोतरी की गई। उसके बावजूद अपेक्षित नतीजे नहीं आ पा रहे।

दूरदराज के इलाकों और छोटे शहरों-कस्बों की तो क्या कहें, दिल्ली की सड़कें भी पैदल चलने वालों तक के लिए सुरक्षित नहीं रह गई हैं। यह बात खुद दिल्ली पुलिस के आंकड़ों से जाहिर हुई है। पिछले साल दिल्ली में कुल चार हजार दो सौ तिहत्तर सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें पांच सौ चार पैदल यात्रियों की मौत हो गई। सबसे अधिक दुर्घटनाएं हल्के और दुपहिया वाहनों से हुईं। जबकि सबसे अधिक जुर्माना भी हल्के वाहनों पर ही लगाया गया।

विचित्र है कि दिल्ली को दूसरे शहरों की अपेक्षा अधिक जागरूक और पढ़े-लिखे लोगों का शहर माना जाता है, मगर जब यहां भी तमाम जागरूकता अभियानों, कानूनी सख्ती के बावजूद सड़क हादसों पर काबू पाना मुश्किल बना हुआ है, तो दूसरे शहरों के बारे में अंदाजा लगाया जा सकता है।

सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े पुलिस के आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि ज्यादातर हादसे रात के दस बजे से दो बजे की बीच होते हैं। इन हादसों में घायल होने और जान गंवा देने वालों में अधिक संख्या युवाओं की होती है। जाहिर है, देर रात को जब सड़कें कुछ खाली होती हैं, लोग यातायात नियमों की परवाह किए बगैर तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते और उसी में दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

दुर्घटना का शिकार होने वालों में कई नशे की हालत में भी वाहन चला रहे होते हैं। नशा करके गाड़ी चलाने पर भारी जुर्माना है और पुलिस ऐसे लोगों पर कड़ी नजर भी रखती है, फिर भी लोग इस आदत से बाज नहीं आ रहे, तो फिर दूसरे उपायों पर विचार करने की जरूरत है। हालांकि दिल्ली की सड़कों पर जोखिम वाली जगहों की निशानदेही करके कैमरे लगाए गए हैं और यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर स्वतः जुर्माना लगा दिया जाता है।

फिर भी लोग सड़कों पर संयम बरतना जरूरी नहीं समझते। इसके लिए केवल पुलिस को दोष नहीं दिया जा सकता। नागरिक समाज की भी इसमें जिम्मेदारी बनती है। लोगों को अपने बच्चों, परिवार के सदस्यों को बेवजह देर रात सड़क पर निकलने और तफरीह के लिए तेज रफ्तार वाहन चलाने से रोकना पड़ेगा।

सबसे चिंता की बात है कि पैदल चलते लोग भी वाहनों की चपेट में आकर जान गंवा बैठते हैं। हालांकि दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में पैदल चलने वालों के लिए अलग से पथ बने हुए हैं, मगर उन पर अनेक जगहों पर दुकानदारों आदि ने अतिक्रमण कर रखा है या उनकी नियमित सफाई, मरम्मत आदि न होने की वजह से वे लोगों के चलने लायक नहीं रह गए हैं। ऐसे में लोग सुबह की सैर के लिए या सामान्य तौर पर सड़कों पर चलने को मजबूर होते हैं।

इस तरह कई लोग तेज रफ्तार गाड़ियों की चपेट में आकर जान गंवा बैठते हैं या उनका कोई अंग भंग हो जाता है। कई बार मांग उठी कि पैदल चलने वाले रास्तों को ठीक किया जाए, मगर इस तरफ ध्यान ही नहीं दिया जाता। यातायात व्यवस्था को समग्र रूप में सुधारने का प्रयास होना चाहिए।

# कितनी सफल होगी यह यात्रा

विगत सात सितंबर से कांग्रेस की महत्वाकांक्षी 150 दिवसीय भारत जोड़ो यात्रा जारी है। इस पदयात्रा का नाम भले ही भारत जोड़ो है, किंतु यह संकटग्रस्त कांग्रेस में जान फूंकने और पार्टी में गांधी परिवार के नियंत्रण को फिर से मजबूत करने का प्रयास है। देश ने राजनीतिक यात्राओं के लाभ देखे हैं। जहां 1990 में भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी द्वारा निकाली गई राम रथयात्रा से पार्टी कालांतर में दो से 182 लोकसभा सीटों तक पहुंच गई, वहीं 2018 में वाईएसआर कांग्रेस के अध्यक्ष जगन मोहन रेड्डी ने प्रजा संकल्प यात्रा निकालकर आंध्र प्रदेश में सरकार बना ली। ऐसे कई उदाहरण हैं। परंतु क्या कांग्रेस अपनी इस पदयात्रा में सफल होगी? ऐसा संभव नहीं दिखता, क्योंकि जहां अन्य राजनीतिक यात्राओं में नेताओं की विचारधारा और यात्रा के घोषित उद्देश्यों में स्पष्ट साम्य था, वहीं कांग्रेस की इस यात्रा में इसका नितांत अभाव है।

पिछले दो दशकों से कांग्रेस और माता-पुत्र की जोड़ी को अलग करके नहीं देखा गया है, और बीते कई दशकों से पार्टी अपनी मूल विचारधारा से अलग है। बौद्धिक कमी पूरी करने और स्वयं को भाजपा से अलग दिखाने के लिए वह बार-बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ उन बयानों का जिक्र करती है, जिस पर वामपंथियों का एकाधिकार रहा है। कम्युनिस्ट प्रारंभ से संघ और समानार्थी विचारसमूह के अन्य संगठनों-व्यक्तियों के राष्ट्रवादी चरित्र और सनातन संस्कृति के प्रति कटिबद्ध होने के कारण उनसे घृणा करते हैं। केरल, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल के वामपंथी शासन में विचारधारा के नाम पर दर्जनों भाजपा-संघ कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या—इसका प्रमाण है। लगभग एक ही कालखंड (1925) में संगठनात्मक जीवन शुरू करने के बाद जहां संघ समाज में विस्तार कर रहा है, वहीं वामपंथी केवल केरल तक सिमट गए है।

यह विडंबना है कि जिस वामपंथ का वैचारिक अधिष्ठान विश्व में पहले ही दम तोड़ चुका है, उसकी घटिया कार्बन-कॉपी बनकर कांग्रेस देश में प्रासंगिक रहना चाहता है। कांग्रेस का घटता जनाधार उसकी इसी वैचारिक उलझन का प्रमाण है, जिसमें संघ के प्रति अपनी घृणा को मुखर रखने हेतु उसने %जलती खाकी निकर% की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की, किंतु %भारत जोड़ो यात्रा% की शुरुआत प्रख्यात आरएसएस विचारक एकनाथ रानडे के मौलिक विचार %विवेकानंद स्मारक शिला% (कन्याकुमारी) में श्रद्धांजलि देकर की। भारतीय सनातन परंपरा के अनुरूप इसमें कोई बुराई नहीं, किंतु जिस वामपंथी केंचुली से कांग्रेस दशकों से जकड़ी हुई है, उसमें संघ-भाजपा और अन्य वैचारिक विरोधियों के प्रति केवल राजनीतिक अस्पृश्यता का दर्शन है।

वास्तव में, संघ के प्रति वामपंथी दुराग्रह का अग्रिम चरण कांग्रेस नीत संप्रग काल (2004-14) में प्रारंभ हुआ। तब गोधरा कांड को हादसा और श्रीराम को काल्पनिक बताकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम और सुशील कुमार शिंदे ने केंद्रीय गृहमंत्री रहते हुए झूठा हिंदू/भगवा आतंकवाद का सिद्धांत गढ़ा, तो राहुल गांधी ने इसके माध्यम से तत्कालीन अमेरिकी राजदूत के समक्ष देश में जिहादी खतरे को गौण कर दिया। इन सबमें दिग्विजय सिंह ने, जो वर्तमान कांग्रेसी पदयात्रा के प्रबंधकों में से एक हैं—वर्ष 2008 के 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले का आरोप संघ पर लगा दिया था। यदि तब आतंकी कसाब और डेविड हेडली पकड़े नहीं जाते, तो कांग्रेस पाकिस्तान को क्लीन-चिट देकर, लश्कर-ए-ताइबा जैसे आतंकी संगठनों को देश में और भयावह हमले करने की परोक्ष स्वीकृति दे चुकी होती।

इसी श्रृंखला में कांग्रेस ने %सांप्रदायिक हिंसा रोकथाम विधेयक, 2011% संसद में प्रस्तुत किया, जो भाजपा के कड़े विरोध के बाद वापस लिया गया। इसका उद्देश्य हिंदुओं को अपने ही देश में दोयम दर्जे का नागरिक बनाना था। इस विधेयक का प्रारूप सोनिया गांधी की अध्यक्षता वाली असंवैधानिक राष्ट्रीय सलाहकार परिषद ने तैयार किया था। इसके आलेखन-समिति में तब कई चर्च-इस्लाम प्रेरित संगठनों (विदेशी वित्तपोषित एनजीओ सहित) के प्रतिनिधियों के साथ तीस्ता सीतलवाड़—जिसने झूठे-मनगढ़ंत साक्ष्यों के आधार पर 2002 के गुजरात दंगा मामले में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाया था—शामिल थी।

इसी समिति का हिस्सा हर्ष मंदर भी थे, जो नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 के विरोध में मजहबी प्रदर्शनकारियों की हिंसा हेतु उकसा रहे थे।

कांग्रेस की मौजूदा पदयात्रा के दौरान जब राहुल केरल के एक चर्च में विवादित ईसाई पादरी पोन्नैया से मिले, तो वह राहुल के सामने हिंदू देवी-देवताओं की मर्यादा को कलंकित करते नजर आए। यह कोई पहली घटना नहीं है।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के लिए ए. के. एंटनी समिति ने पार्टी की हिंदू-विरोधी छवि को मुख्य कारण माना था। इसके परिमार्जन हेतु गांधी परिवार ने चुनाव के समय हिंदू मंदिरों-मठों का दौरा करना प्रारंभ किया। कितना विचित्र है कि अपनी %भारत जोड़ो यात्रा% के दौरान जिस केरल स्थित हिंदू शिवगिरी मठ में राहुल गए थे, उसी केरल में उनके युवा कार्यकर्ता पांच वर्ष पहले %सेक्युलरवाद% को सत्यापित करने के लिए हिंदुत्व का मजाक उड़ा रहे थे।

विरोधाभास देखिए कि जो राहुल गांधी वामपंथी मानसिकता के अनुरूप भारत को राष्ट्र' नहीं, बल्कि 'राज्यों का संघ कहते हैं' और वर्ष 2016 के जेएनयू प्रकरण में नारा लगाने वाले गिरोह का हिस्सा रहे विशुद्ध कम्युनिस्ट कन्हैया कुमार को अपनी पार्टी कांग्रेस का हिस्सा बना चुके हैं, वही राहुल गांधी आज भारत जोड़ो नाम से यात्रा निकाल रहे हैं।

इस पृष्ठभूमि में क्या कांग्रेस का पुनर्जीवन संभव है? वर्तमान परिदृश्य को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि जिस वामपंथी चिंतन ने कांग्रेस को इस हाल में पहुंचाया है, उससे मुक्त होने की इच्छाशक्ति पार्टी नेतृत्व में नहीं है।

# आरक्षण नौकरियों में नहीं सिर्फ शिक्षा में ही दिया जाना चाहिए

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

वास्तव में सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों की नौकरियों में किसी भी आधार पर आरक्षण देना उचित नहीं है। ऐसे आरक्षणों में योग्यता दरकिनार कर दी जाती है और अयोग्य लोगों को कुर्सियां थमा दी जाती हैं। इसके फलस्वरूप सारा प्रशासन अक्षम हो जाता है।

सर्वोच्च न्यायालय में आजकल आरक्षण पर बहस चल रही है। उसमें मुख्य मुद्दा यह है कि आर्थिक आधार पर लोगों को नौकरियों और शिक्षा-संस्थानों में आरक्षण दिया जाए या नहीं? 2019 में संसद ने संविधान में 103वाँ संशोधन करके यह कानून बनाया था कि गरीबी की रेखा के नीचे जो लोग हैं, उन्हें 10 प्रतिशत तक आरक्षण दिया जाए। यह आरक्षण उन्हीं लोगों को मिलता है, जो अनुसूचित और पिछड़ों को मिलने वाले आरक्षण में शामिल नहीं हैं। याने सामान्य श्रेणी या अनारक्षित जातियों को भी यह आरक्षण मिल सकता है। उसका मापदंड यह है कि उस गरीब परिवार की आमदनी 8 लाख रु. साल से ज्यादा न हो। याने लगभग 65 हजार रु. प्रति माह से ज्यादा न हो। एक परिवार में यदि चार लोग कमाते हों तो उनकी आमदनी 16-17 हजार से कम ही हो। ऐसा माना जाता है कि गरीबी रेखा के नीचे जो लोग हैं, उनकी संख्या 25 प्रतिशत के आस-पास है याने लगभग 30 करोड़ है। इन लोगों को आरक्षण देने का विरोध इस तर्क के आधार पर किया जाता है कि देश के ज्यादातर गरीब तो अनुसूचित लोग ही हैं। यदि ऊँची जातियों के लोगों को गरीबी के नाम पर आरक्षण दिया जाएगा तो जो असली गरीब हैं, उनका हक मारा जाएगा। इसके जवाब में जजों ने पूछा है कि यदि इस आरक्षण में आरक्षितों और पिछड़ों को भी जोड़ लिया जाए तो आरक्षण की सारी मलाई ये वर्ग ही साफ कर लेंगे। अभी तक कानून यह है कि 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण नहीं दिया जाए। ऐसे में एक तर्क यह भी है कि गरीबों को दिया गया आरक्षण अनुसूचितों के लिए नुकसानदेह होगा। वास्तव में सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों की नौकरियों में किसी भी आधार पर आरक्षण देना उचित नहीं है। ऐसे आरक्षणों में योग्यता दरकिनार कर दी जाती है और अयोग्य लोगों को कुर्सियां थमा दी जाती हैं। इसके फलस्वरूप सारा प्रशासन अक्षम हो जाता है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। नौकरियों में भर्ती का पैमाना सिर्फ एक ही होना चाहिए। वह है, योग्यता! देश के प्रशासन को सक्षम और सफल बनाना हो तो जाति और गरीबी, दोनों के नाम पर नौकरियों में दिए जाने वाले आरक्षणों को तुरंत खत्म किया जाना चाहिए। उसकी जगह सिर्फ शिक्षा में आरक्षण दिया जाए और वह भी 60-70 प्रतिशत हो तो भी उसमें भी कोई बुराई नहीं है। इस आरक्षण का सिर्फ एक ही मानदंड हो और वह हो गरीबी की रेखा! इसमें सभी जातियों के लोगों को समान सुविधा मिलेगी। समस्त आरक्षित छात्र-छात्राओं को निशुल्क शिक्षा और संभव हो तो भोजन और निवास की सुविधा भी मिलनी चाहिए।

# सर्वपितृ अमावस्या : पितृओं को खुश करने का अवसर

**वीरेंद्र बहादुर सिंह**

हिंदू शास्त्र के अंतर्गत भादौ सुदी पूर्णिमा से अश्विन वदी अमावस्या तक को श्राद्ध पक्ष (पितृ पक्ष) के नाम से जाना जाता है। जिस मनुष्य ने जिस तिथि को इस धरती पर देहत्याग किया है, उस तिथि को उसे याद कर के शास्त्रोक्त विधि की जाती है। कल्पतरु ग्रंथ के अनुसार श्रद्धा से किए गए पितृकार्य को श्राद्ध कहा जाता है। जो संबंध आत्मा से उसी तरह मन से और निकट के हों, भले ही वे खून के संबंध हो या न हों, पर उस मनुष्य को भी परम गति प्रदान करने के लिए इन सोलह दिनों में श्रद्धाभाव से किए गए कर्म को श्राद्ध कहते हैं। श्राद्ध पक्ष साल में एक बार आता है। उस समय हम सभी अपने पितृओं को याद कर के पुष्पहार अर्पण कर, तर्पण कर, तीर्थक्षेत्रों में पिंडदान कर उसी तरह प्रीत्यर्थ ग्रौ ग्रास, कागवास और श्वानवास अर्पण कर पितृपूजन किया जाता है।

इस पितृपक्ष में पितृदोष, नारायणबलि, पितृयर्ज्ञि, पितृओं के लिए पिंडदान, तीर्थक्षेत्रों में पिंडदान कर तर्पण कर के पितृओं को प्रसन्न किया जा सकता है। अगर किसी मनुष्य को किसी कारणवश अपने स्वजनों की मृत्युतिथि याद न हो तो उस मनुष्य की सदगति के लिए ऋषिमुनियों ने सर्वपितृ अमावस्या को उस व्यक्ति प्रीत्यर्थ पितृकर्म करने को कहा है। सर्वपितृ अमावस्या को सभी पीढ़ी के पितृओं की पूजा करने का पर्व माना जाता है। अगर कोई मनुष्य ब्राह्मणों को बुला कर पितृपूजन करने में असमर्थ है तो वह खुद ही अपने घर में पितृओं का तर्पण कर सकता है। जिसकी विधि निम्न प्रकार है।

एक पवित्र बर्तन में शुद्ध जल लें। उस जल में थोड़ा दूध, जौ, काला तिल, चंदन उसी तरह तुलसी अर्पण करें। उस व्यक्ति ने दूब के आसन पर दक्षिण की ओर मुंह कर के संकल्प सहित गोत्रोच्चार करना चाहिए। इसके पितृतीर्थ मुद्रा द्वारा दूब से हाथ में जल ले कर पितृओं के पूर्ण नाम ले कर गोत्रोच्चार सहित 3-3 जलांजलि दें। जलांजलि देते समय तस्यै स्वध्याय नम मंत्र द्वारा पिता, दादा, परदादा, माता, दादी, परदादा इसी तरह परिवारजनों काका, मामा, मौसी, बुआ आदि किसी भी संबंधी के नाम से जलांजलि द्वारा तर्पण करें। हो सके तो यथाशक्ति ब्राह्मणों को भोजन कराएं। श्री हरि विष्णु का पूजन करें। उस दिन पीपल के वृक्ष में पितृओं का वास होने से वृक्ष के जड़ में पानी चढ़ाएं, दिया कर के पितृओं की सदगति के लिए प्रार्थना करें। सर्वपितृ अमावस्या को यह विधि करने से पितृदोष में राहत मिलती है और पितृ तृप्त होते हैं, साथ ही परिवारजनों से पितृ प्रसन्न रहते हैं। सर्वपितृ अमावस्या के पीछे एक सुंदर कथा है, जिसमें उसकी महिमा बताई गई है। सालों पहले एक गांव में एक बुढ़िया रहती थी। उसका एक बेटा था, जिसका विवाह बगल के गांव की लड़की के साथ हुआ था। समय के साथ बुढ़िया की मौत हो गई। एक बार चूल्हा के लिए लकड़ी लेने बुढ़िया बेटे के साथ जगल में गई थी। वहां उसे जहरीले सांप ने डस लिया। उसकी मौत हो गई। वह लड़की विधवा हो गई। गांव के लोगों ने उस लड़की को समझाया कि इस वंश में कोई रहा नहीं, इसलिए वह अपने माता-पिता के यहां चली जाए। गांव वालों के कहने पर वह कन्या अपने माता-पिता के यहां चली गई। मायके वालों ने समझाबुझा कर उस कन्या की दूसरी जगह सगाई कर दी। बैलगाड़ी में बैठ कर वह कन्या दूसरी जगह मिलने जा रही थी तो रास्ते में एक नदी पड़ी। बैलगाड़ी सहित उस नदी को पार नहीं किया जा सकता था। इसलिए बैलगाड़ी वाले ने उस कन्या से उतर कर नदी पार करने को कहा। नदी पार कर के कन्या उस पार पहुंची तो उसके कपड़े गीले हो गए थे। वह वहीं पीपल के पेड़ के नीचे अपने कपड़े निचोड़ने लगी। पीपल के पेड़ से तमाम पितृ नीचे आ कर वह पानी पीने लगे। आश्चर्य से उस कन्या ने पूछा, आप लोग कौन हैं और यह पानी क्यों पी रहे हैं?

# मूल्य आधारित शिक्षा की आवश्यकता

एक मूल्य-आधारित शिक्षा प्रणाली युवाओं को एक जटिल और लगातार विकसित हो रही दुनिया का सामना करने के लिए तैयार करने में मदद करेगी मूल्यों के शिक्षण को सभी शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक गतिविधियों की पृष्ठभूमि बनानी चाहिए। जबकि शिक्षा पर बातचीत में नए जमाने की शिक्षाशास्त्र और प्रौद्योगिकी का एकीकरण शामिल है, महामारी ने छात्र विकास और विकास के लिए महत्वपूर्ण एक और पहलू सामने लाया-मूल्य-आधारित शिक्षा। इसने हमें छात्रों को चुनौतियों का सामना करने, अस्वीकृति का सामना करने, प्रतिकूल परिस्थितियों में आगे बढ़ने, अपने समुदायों और ग्रह की देखभाल करने में सक्षम बनाने की आवश्यकता का एहसास कराया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) भी मूल्य-आधारित शिक्षा को छात्र-केंद्रित पाठ्यक्रम में एकीकृत करने की आवश्यकता पर जोर देती है। एक जटिल और लगातार विकसित हो रही दुनिया में, सभी संगठनों के पेशेवरों और नेताओं में लचीलापन, अखंडता और विनम्रता जैसे मूल्य अब अधिक महत्वपूर्ण हैं। शिक्षा का उद्देश्य युवाओं को कार्य पारिस्थितिकी तंत्र के लिए तैयार करने से कहीं अधिक होना चाहिए। जिम्मेदार, दयालु नागरिक बनने के लिए उन्हें मूल्यों से लैस करने की जरूरत है। हमें छात्रों को एक स्थायी समुदाय, पर्यावरण और ग्रह की दिशा में काम करने और योगदान करने के लिए सक्षम करना चाहिए। उदाहरण के लिए, पुर्तगाल में नागरिकता शिक्षा के लिए एक राष्ट्रीय रणनीति है, जो निम्न माध्यमिक कक्षाओं से अच्छी नागरिकता के बारे में ज्ञान, मूल्यों और दृष्टिकोण को विकसित करने वाली गतिविधियों का एक समूह है। वैज्ञानिक अनुसंधान ने सिद्ध किया है कि मूल्य-आधारित शिक्षा एक अनुकूल वातावरण बनाती है जो सामाजिक कौशल और संबंध-निर्माण क्षमताओं को विकसित करते हुए शैक्षणिक सीखने और उपलब्धि को बढ़ाती है।

# पंजाब में बढ़ रहे धर्मांतरण के मामले बड़ी साजिश के संकेत देते हैं

**राकेश सैन**

भारतवर्ष की भौगोलिक सीमाओं पर गत 1200 वर्षों से सेमेटिक पन्थों के सशस्त्र और वैचारिक आक्रमण होते रहे हैं। 'व्हाइट मेंस बर्डन' या 'गजवा-ए-हिन्द' के आधार पर सेमेटिक पन्थावलम्बियों ने ऐसे आक्रमणों को अपना बाइबल या कुरान प्रदत्त अधिकार माना है। कैथोलिक पादरियों की बैठक में तमिलनाडु के जॉर्ज पोन्नैया ने कहा कि केवल ईसा मसीह ही असली भगवान हैं। जो उन्होंने कहा उसके अर्थ साफ हैं और जो नहीं कहा उसके अर्थ भी उसी तरह स्पष्ट हैं जैसे सिक्के का दूसरा पहलू, जैसे दिशा का दूसरा छोर, कि ईसा के अतिरिक्त कोई दूसरा भगवान नहीं। पादरी के इस तरह के दावों से दुख तो हुआ परन्तु आश्चर्य नहीं। ऊंची-ऊंची बातें करने वाले विदेशी मूल के इब्राहिमिक मजहब ऐसा ही दावा करते हैं, कि जो उनके आराध्य हैं वही केवल ईश्वर हैं और बाकी सब शैतान। और जो इनके एकमात्र ईश्वर या पैगंबर को नहीं मानते वे नास्तिक, काफिर या 'नॉन बिलीवर' की अपमानजनक संज्ञा पाते हैं। इन्हीं काफिरों या 'नॉन बिलीवरों' को अपने तम्बू में लाना, उनका मार्ग बदलना इन सामी पन्थियों का धार्मिक दायित्व माना जाता है। इसी पवित्र कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए कोई मुट्ठी भर चावल लेकर आता है तो दूसरा उसी मुट्ठी में जिहादी तलवार। असल में यहीं से शुरू होता है नस्लीय श्रेष्ठता का अहंकार, काले-गोरे का भेद, धार्मिक टकराव, पन्थिक तनाव जो अन्ततः बढ़ता-बढ़ता आतंकवाद का रूप धर लेता है। अल कायदा, आईएसआईएस और तालिबान वाले भी तो अपने-अपने तरीके से मजहब की ही तो सेवा कर रहे हैं। दुनिया में आज तक जितने युद्ध, आतंकी हमले, दूसरे देशों पर हमले हुए इनमें अधिकतर के पीछे यही विचार ही कारण रहा कि 'मेरा ईश्वर ही असली ईश्वर, मेरा पैगंबर ही सच्चा पैगंबर, मेरा ग्रन्थ ही इलाही हुक्म, बाकी सब झूठ।' इन लोगों व विचारों को या तो अपने जैसा बनाओ या मिटा दो, यही सेमेस्टिक मजहब है। आजकल ऋषि और कृषि की धरती पंजाब में ईसाई पादरी जम कर आत्माओं की फसल काट रहे हैं और नॉन बिलिवरों को प्रभु ईसा मसीह की भेड़ बना कर अपने बाड़े भर रहे हैं। भोले-भाले लोगों को यही पढ़ाया जा रहा है कि ईसा, चर्च और बाइबिल ही श्रेष्ठ बाकी सब बकवास। इसी कारण लोग घरों से गुरुओं व देवी-देवताओं की तस्वीरें उतार कर सूली वाली तस्वीरें टांग रहे हैं। शाहपुरकण्डी इलाके में जुगियाल में एक सिख बच्ची ने ही गुरुद्वारे से कड़ाह प्रसाद लेने से इनकार कर दिया। एक कैंसर रोगी की माँ को पादरी ने चेताया कि जब तक गुरुद्वारे जाते रहोगे तुम्हारा बेटा ठीक नहीं होगा ? सही इलाज करवाना हो तो चर्च आओ, वो ही सच्चे ईश्वर हैं। आखिर यह पादरी पोन्नैया की ही विचारधारा है जो दूसरी आस्था को हीन मानते हुए सामने वाले से उनका वाहेगुरु छीन कर उसके हाथ में क्रॉस थमा रही है। भारतवर्ष की भौगोलिक सीमाओं पर गत 1200 वर्षों से सेमेटिक पन्थों के सशस्त्र और वैचारिक आक्रमण होते रहे हैं। 'व्हाइट मेंस बर्डन' या 'गजवा-ए-हिन्द' के आधार पर सेमेटिक पन्थावलम्बियों ने ऐसे आक्रमणों को अपना बाइबल या कुरान प्रदत्त अधिकार माना है। प्रारम्भिक दौर में सेमेटिकों का आक्रमण इतना प्रचण्ड था कि सुकरात, अरस्तू, प्लेटो की बनाई यूनान रोमन सभ्यता समूल रूप से नष्ट हो गई। आज का यूरोप, यूनान-रोम का यूरोप न होकर इन्हीं सेमेटिक पन्थों की शक्ति का आधार है। सम्पूर्ण विश्व को अपनी किताब के अनुसार चलाने, बनाने और ढालने के बलात् संघर्ष की नींव कई शताब्दियों पूर्व रख दी गई थी। आज के बदलते युग में युद्ध की आवश्यकता को सेमेटिक मजहब नकारते नहीं हैं। इसी स्वरूप के स्वीकार और विरोध का संघर्ष सनातन और सेमेटिक का संघर्ष है और भारत भूमि उसका युद्ध क्षेत्र है। सेमेटिक मानवीय प्रकृति में व्याप्त वैविध्य के विरोधी हैं, जिसका भारतीय आध्यात्मिकता जिसमें सनातन, सिख, बौद्ध, जैन व अन्य विचार सम्मान करता है, रक्षा करने का वचन देता है, सेमेटिक अनुयायी उसी वैविध्य के शत्रु हैं। धर्म के लक्षणों की उनकी व्याख्या उनकी किताब तक सीमित है, उनके यहां बोधगम्य और बोधजन्य सत्य का कोई स्थान नहीं है। श्रीमद्भागवत के सप्तम स्कन्ध में सनातन धर्म के तीस लक्षण बतलाए गए हैं। महात्मा विदुर ने धर्म के आठ अंग बताए हैं। इन सबके साथ 'आचारः प्रथमो धर्मः' के सूत्र ने इन सभी को आचरण में लाने के नाना प्रकार के उपायों को संस्थागत स्वरूप दिया गया। रोचक बात है कि सनातन धर्म को उक्त व्याख्याओं में बांधा भी नहीं जा सकता, सनातन धर्म इसका इतर भी है। और तो और अनिश्वरवाद को भी भारतीय चिन्तन स्वीकार करता है। धर्म के इन लक्षणों से स्पष्ट है कि समाज के लिए जो कल्याणकारी है, वही धर्म है।

# भ्रष्टाचार मुक्ति के लिए 2047 का इंतजार क्यों?



गोंदिया - भारत आदि अनादि काल से कर्तव्यनिष्ठा, कर्तव्य परायणता, कर्तव्य पालन में हदें पार करने की पराकाष्ठा काप्रतीक रहा है, जिसका उदाहरण हमें रामायण गीता सहित अनेकों धर्म ग्रंथों पुराणों में कर्तव्यनिष्ठा की गाथाएं पढ़ने को मिलती है जो पीढ़ी दर पीढ़ी अनेक महानुभावों, महामानवों महापुरुषों में यह गुण समाहित होते गया जहां भ्रष्टाचार का स्तर चुटकी बराबर था। इसलिए हमारे बड़े बुजुर्गों द्वारा अपने बड़े बुजुर्गों की बातें बताते हुए उस अमृतकाल के सतयुग, स्वर्ण भारत, सोने की चिड़िया भारत के नाम से पुकारते हैं जहा घर को बिना ताला लगाए मनीषी जीव अनेक दिनों तक गांव चले जाते थे परंतु शायद समय को ऐसा मंजूर था कि अंग्रेजों की बुरी नजर सतयुग,स्वर्ण भारत और सोने की चिड़िया पर पड़ी और भ्रष्टाचार की चुटकी को पंख लगाने के बीज बोए गए जहां कहा जाता है कि भारतीय रियासत के राजाओं पर भ्रष्टाचार रूपी दीमक छोड़कर अंग्रेज़ व्यापारी बनकर आए और शासक बन बैठे। फ़िर समय ने करवट ली और क्रांतिकारी जागे, भारत को आजाद करवाया परंतु भ्रष्टाचार, दीमक की तरह विकास की बाधा बनता ही रहा जिसे समाप्त करने का समय आ गया है जिसके लिए अब भ्रष्टाचार की काट कर्तव्य परायणता कर्तव्यनिष्ठा सर्वोपरि का अभियान चलाना होगा हर पद पर बैठे बाबू से लेकर ऑफिसर तक को इस मंत्र से रूबरू कराना होगा।

साथियों शासन प्रशासन भ्रष्ट हो तो जनता की ऊर्जा भटक जाती है। देश की पूंजी का रिसाव हो जाता है। भ्रष्ट अधिकारी और नेता धन को स्विट्जरलैण्ड भेज देते हैं। इस कसौटी पर अमरीका आगे हैं। %ट्रान्सपरेन्सी इंटरनेशनल% द्वारा बनाई गयी रैंकिंग में अमरीका को 19वें स्थान पर रखा गया है जबकि चीन को 79वें तथा भारत को 84वां स्थान दिया गया है। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से भ्रष्टाचार को कर्तव्यनिष्ठा मंत्र से समाप्त करने की दिशा पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार मुक्त के अस्त्र कर्तव्यनिष्ठा कर्तव्य परायणता की करें तो, हर पद पर बैठे कर्मचारी के लिए वह पद उससे कर्तव्यनिष्ठा की अपेक्षा करता है वह पद उसे रोजी-रोटी प्रदान करता है इसलिए पद पर बैठे कर्मचारी के लिए भी अपने रोजी-रोटी अन्नदाता के लिए कर्तव्यनिष्ठा कर्तव्य परायणता की जवाबदारी बन जाती है जो चपरासी से लेकर आईएएस ऑफिसर तक और अधिकारी कांस्टेबल से लेकर हर सिविल सर्वेंट, डॉक्टर, वकील, सीए इंजीनियर सहित सभी बुद्धिजीवियों को यह अपने मस्तिष्क में बसा लेनी होगी तो फिर भ्रष्टाचार पास फ़टक भी नहीं सकता और पीएम की कही बात हमेशा याद रखें ना खाऊंगा ना खाने दूंगा, खाने वाला देने वाले को पकड़ाए और देने वाला खाने वाले को पकड़ाए फ़िर भ्रष्टाचार की क्या मजाल!!

साथियों बात अगर कर्तव्यनिष्ठा कर्तव्य परायणता को जानने की करें तो, कर्तव्य के पालन का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। प्रायः हमें कर्तव्य मार्ग पर दृढ़ रहने की शिक्षा अपने अग्रजों, शिक्षकों व मनीषियों से मिलती है, किंतु हम अपने कर्तव्यों को किस रूप में लेते हैं और किस हद तक अंजाम देते हैं, यह बात हम पर निर्भर करती है।कहीं ऐसा तो नहीं कि कर्तव्य पालन की परिभाषा बीतते वक्त के साथ दूषित हो गई हो और हम अपने कर्तव्यों को अहोभाव से न लेकर उन्हें भार स्वरूप ले रहे हों। कारण यह कि कर्तव्य अगर भार स्वरूप है तो निश्चित रूप से वह थकाने वाला होगा और उसमें हमारी श्रद्धा व आस्था का कोई स्थान नहीं होगा। वहीं अहो भाव से निभाया गया कर्तव्य आनंददायक व खेल की तरह स्फूर्तिदायक साबित होगा। कर्त्तव्यपरायणता-मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। वह समाज में रहता है। वह बिना समाज के नहीं रह सकता। मनुष्य का जीवन-चक्र आज उसकी सामाजिकता का ही परिणाम है। जब मनुष्य किसी दूसरे के साथ रहता है तो दोनों को परस्पर एक-दूसरे की सुख-सुविधा का ध्यान रखना पड़ता है, तभी सामाजिक जीवन चल पाता है।

साथियों कर्तव्य पालन करना तो व्यक्ति बचपन में ही सीख जाता है और जो व्यक्ति नहीं सीख पाता, वह सदैव अपने कर्तव्यों से पीछे हटता रहता है और कभी भी अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करता है। कर्तव्य पालन करने से व्यक्ति समाज में सम्मान पाता है क्योंकि कर्तव्य निष्ठा का पालन करते रहना ही मनुष्य के जीवन का एक अंग है। जब एक से अधिक व्यक्तियों में पारस्परिक व्यवहार रहेगा तभी समाज का निर्माण हो सकता है। परिवार समाज की इकाई है। इससे भी हम और आगे बढ़ें तब तहसील तथा पास-पड़ोस का क्षेत्र आता है और वहां की जनता में विभिन्न प्रकार का पारस्परिक सम्बन्ध चलता रहता है।इससे और आगे बढ़ा जाये तो जिला, प्रान्त और देश का सामाजिक जीवन है। इस सामाजिक-जीवन का सर्वाधिक व्यापक रूप विश्व-समाज है। इस प्रकार मनुष्य का जीवन क्षेत्र बढ़ता जाता है। जैसे-जैसे उसका क्षेत्र बढ़ता जाता है वैसे-वैसे उसके कर्त्तव्य और अधिकार भी बढ़ते चले जाते हैं। इन विभिन्न अवस्थाओं में पारस्परिक सम्बन्धों के समुचित निर्वाह को कर्तव्यपरायणता अथवा कर्तव्यपालन कहा जाता है-इस प्रकार मनुष्य के अनेक तथा विस्तृत कर्तव्य हैं और मनुष्य को उनके पालन का प्रयत्न करना पड़ता है।

साथियों बात अगर हम भारत में भ्रष्टाचार पर चर्चा की करें तो भारत में भ्रष्टाचार चर्चा और आन्दोलनों का एक प्रमुख विषय रहा है। स्वतंत्रता के एक दशक बाद से ही भारत भ्रष्टाचार के दलदल में धंसा नजर आने लगा था और उस समय संसद में इस बात पर बहस भी होती थी। 21 दिसम्बर 1963 को भारत में भ्रष्टाचार के खात्मे पर संसद में हुई, बहस में डॉ राममनोहर लोहिया ने जो भाषण दिया था वह आज भी प्रासंगिक है। उस वक्त डॉ लोहिया ने कहा था सिंहासन और व्यापार के बीच संबंध भारत में जितना दूषित, भ्रष्ट और बेईमान हो गया है उतना दुनिया के इतिहास में कहीं नहीं हुआ है।

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार को बढ़ाने की करें तो, भ्रष्टाचार बढ़ाने में दो पक्षों का हाथ होता है। एक जो कर्तव्यों के पालन के लिए अनुचित लाभ की मांग करता है, दूसरा वह पक्ष जो ऐसी मांगों पर बिना विचार और विरोध के लाभ पहुंचाने का काम करता है। प्रकृति ने भी दुनिया को ये संदेश दिया है कि प्रकृति और अन्य शक्तियों ने आपको जो जिम्मेदारियां कर्तव्य के रुप में दी हैं, उनको पूरा करने के लिए आप किसी भी तरह के अतिरिक्त लाभ के अधिकारी नहीं हैं।

## चलते चीते चाल

माना चीते देश में, हुए सही आयात।
मगर करेगा कौन अब, गदहों का निर्यात।।
आये चीते देश में, खर्चे खूब करोड़।
भूखी गाय बिलख रही, नहीं मौत का ओड़।।
सौरभ मेरे देश में, चढ़ते चीते प्लेन।
गौ मात को जगह नहीं, फेंक रही है क्रेन ।।
भरे भुवन मे चीखती, माता करे पुकार।
चीतों पर चित आ गया, कौन करे दुलार।।
क्या यही है सभ्यता, और यही संस्कार।
मांग गाय के नाम पर, चीता हिस्सेदार।।
ये चीते की दहाड़ है, गुर्राहट; कुछ और।
दिन अच्छे है आ गए, या बदल गया दौर।।
मसलों पर अब है नहीं, आज देश का ध्यान।
चिंता गौ की कर रहे, कर चीता गुणगान।।
देख सको तो देख लो, अब भारत का हाल।
गैया कब तक अब बचे, चलते चीते चाल।।
कौन किसी का साथ दे, किस विध ढूँढ़े राम।

## शार्ट न्यूज

### नगर निकाय चुनाव से पहले सपा को बड़ा झटका, 50 कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का दामन

वाराणसी। यूपी विधानसभा चुनाव और लोकसभा उपचुनाव में मिली हार के बाद अब सपा को एक और झटका लगा है। नगर निकाय चुनाव से पहले ही 50 समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने कांग्रेस के हाथ पर भरोसा जताया है। 50 कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। कांग्रेस महानगर कार्यालय में रविवार को वरिष्ठ नेता अजय राय की मौजूदगी में समाजवादी पार्टी के 50 कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ली। इनमें पूर्व पार्षद प्रत्याशी पारसनाथ यादव के साथ प्रवीण यादव, गुलशन गुप्ता, ज्वाला प्रसाद, संतोष कुमार, संतोष सेठ, आशीष सिंह, अनवर खान, इमरान अहमद, राहुल यादव, गोपाल जी यादव, रवि यादव, बच्चेलाल गुप्ता, विनोद कुमार, गुड्डू विश्वकर्मा, सूर्य प्रताप वर्मा, जीशान खान आदि शामिल हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने की। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल, जिलाध्यक्ष आरटीआई प्रकोष्ठ राजेश त्रिपाठी, संजय निगम, राजेन्द्र श्रीवास्तव, कीर्ति प्रकाश पाण्डेय, सुरेंद्र पांडेय, पवन टण्डन, गोपाल चौबे, तहसीलदार पाण्डेय, नितेश मिश्रा, अमन अग्रवाल, संदीप भारती मौजूद रहे।

### कोविड से ठीक हुए मरीजों में गुलियन बेरी सिंड्रोम का हमला, कानपुर में 7 मरीजों की हुई पुष्टि

कानपुर। कोविड से ठीक हुए लोगों को अब गुलियन बेरी सिंड्रोम हो रहा है। कानपुर में हालात चिंताजनक बनी हुई है। शहर में कई मरीज कोविड से ठीक होने के बाद पोस्ट कोविड के चपेट में आए थे और अब वे गुलियन बेरी सिंड्रोम से ग्रसित हैं। हैलट अस्पताल समेत दो अन्य नर्सिंग होम में सात मरीजों की पुष्टि हुई है। सभी का इलाज चल रहा है। ऐसे रोगियों का न्यूरो सिस्टम बिगड़ा मिला है इसलिए सभी को इम्युनोग्लोबुलिन चढ़ाने की सलाह डॉक्टरों ने दी है। एक लाख की थेरेपी में पांच दिन रोगी को इम्युनोग्लोबुलिन की हाई डोज देकर गुलियन बेरी सिंड्रोम का कारण बनने वाली एंटीबॉडी को अवरुद्ध किया जा रहा है। हैलट में पांच मरीज भर्ती हैं। प्रमुख अधीक्षक प्रो. आरके मौर्या ने माना कि न्यूरोलॉजी में दो मरीज दो दिन में आए हैं। न्यूरोलॉजी हेड डॉ. आलोक वर्मा के मुताबिक जीबी सिंड्रोम को लेकर कोई खतरा नहीं है। कोरोना काल से पहले और बाद में मरीज आते रहे हैं। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन प्रोफेसर डॉ. एसके गौतम ने बताया कि इस बीमारी में ऑटोइम्यून बीमारी परिधीय तंत्रिका तंत्र में स्वस्थ तंत्रिका कोशिकाओं पर हमला करती है। परिधीय तंत्रिका तंत्र की नसें मस्तिष्क को शरीर के बाकी हिस्सों से जोड़ती हैं और मांसपेशियों को संकेत भेजती हैं। इन नसों के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण मस्तिष्क से प्राप्त संकेतों का मांसपेशियां जवाब नहीं दे पाती हैं। इस स्थिति में लोगों को हाथ-पैर में झुनझुनी हो सकती है। गंभीर स्थिति में यह लकवा का कारण भी बन सकती है।

### राजभवन के पहले पुलिस ने सपा का पैदल मार्च रोका, धरने पर बैठे अखिलेश

लखनऊ। महँगाई और बेरोज़गारी सहित अन्य मुद्दों पर सोमवार को विधानसभा तक पैदल मार्च कर रहे समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित पार्टी के सभी विधायकों को पुलिस सुरक्षा कारणों से राजभवन से पहले रोक दिया। सोमवार से शुरू हो रहे विधान सभा के मानसून सत्र में हिस्सा लेने के लिए सपा विधायक अखिलेश की अगुवाई में पैदल मार्च करते हुए विधान भवन जा रहे थे। थोड़ा आगे बढ़ने के बाद पुलिस ने बैरिकेट लगाकर अखिलेश और अन्य सपा विधायकों को राजभवन से पहले रोक दिया। सपा विधायक हाथों में तख्ती लेकर विरोध जताते हुए आगे बढ़ रहे थे। सपा कार्यालय से कुछ दूर आगे बढ़ने पर ही उन्हें रोकि दिया गया। पुलिस अधिकारियो ने उन्हें पैदल मार्च करने से मना किया। पुलिस द्वारा आगे नहीं बढ़ने देने पर अखिलेश सहित सभी सपा विधायक सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। पुलिस उन्हें मनाने की कोशिश कर रही है।

### पति ने हथौड़े से पीट-पीटकर पत्नी को मार डाला

प्रयागराज। प्रयागराज में एक युवक ने हथौड़े से हमला कर पत्नी की हत्या कर दी। उसके बाद खून से सना हथौड़ा लेकर थाने पहुंच गया। पुलिस से बोला कि उसने अपनी पत ?नी को जान से मार डाला है। यह सुनकर पुलिस चौकी के सिपाही हरकत में आ गए। युवक को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी। घटना यमुनापार के नैनी थाना क्षेत्र की है। डांडी इलाके के रहने वाला शिव प्रताप (बबलू) राजमिस्त्री का काम करता है। पुलिस के मुताबिक उसकी शादी दस साल पहले सोनी (24) के साथ हुई थी। उनके तीन बच्चे हैं। सोमवार सुबह करीब 11 बजे जब बच्चे स्कूल गए थे। इसी दौरान शिव प्रकाश और सोनी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि शिव प्रकाश ने गुस्से में हथौड़े से पत्नी के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे पत्नी की मौत हो गई। इसके बाद शिव प्रताप सीधे गंगोत्री नगर पुलिस चौकी पहुंचा। उसने पुलिस से कहा कि मुझे गिरफ्तार कर लें। मैंने अपनी पत्नी को मार डाला है। पुलिस आरोपी के साथ घटना स्थल पर पहुंची तो महिला के सिर से खून बह रहा था। उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ करछना अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी शिव प्रताप को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। शुरुआती जांच में हत्या की वजह घरेलू कलह सामने आई है। पुलिस सभी बिन्दुओं पर जांच कर रही है।

### बहन को वीडियो भेजकर फंदे पर लटका युवक

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में एक युवक का शव फंदे पर लटका मिला है। आत्महत्या करने से पहले युवक ने एक वीडियो बनाकर अपनी बहन को व्हाट्सएप पर भेजा था। बहन जबतक ये वीडियो देख पाती, उससे पहले ही युवक फंदे पर लटक गया। सुसाइड से पहले अपनी बहन को भेजे वीडियो में युवक ने कहा है–मेरे दोस्त की बीवी मेरी मौत की जिम्मेदार है। उसे किसी सूरत में मत छोड़ना। उसने प्यार का नाटक करके मुझे अपने जाल में फंसाया और मुझे धोखा देकर और भी 10 लड़कों से अफेयर चला रही थी। मैं चाहता हूं कि मेरी मौत के बाद उसे इसकी सजा जरूर मिले। सुसाइड करने वाला रवि (25) मूल रूप से संभल जिले के बहजोई थाना क्षेत्र में रायपुर कला का रहने वाला था। पिछले कुछ सालों से वह अपने बहनोई किशन के साथ मुरादाबाद में लाइनपार एकता कालोनी में रहता था। किशन एकता कालोनी में एमडीए आवास योजना में चौकीदार है। एमडीए के आवासों में ही किशन के साथ रवि भी रहता था। किशन ने बताया कि रवि चौकीदार के साथ ड्राइवर का काम भी कर लेता था। रविवार को वह घर से बाइक लेकर निकला था। उसने कहा था कि कांशीराम नगर में बुद्धा पार्क जा रहा है। वापस लौटकर नहीं आया। सोमवार सुबह पुलिस ने परिजनों को कॉल करके बताया कि गौतम बुद्धा पार्क के पास ही सड़क किनारे एक पेड़ पर रवि का शव लटका हुआ मिला है।

### जीजा संग लिव-इन में रह रही साली का मिला शव

पीलीभीत। लिव इन रिलेशन में अपने जीजा के रह रही युवती का शव घर में फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला। उसके परिजनों ने जीजा पर हत्या का आरोप लगाया है। बताते हैं कि नवविवाहिता गर्भवती है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शेर मोहम्मद निवासी नसीर अहमद के आवास पर सोमवार सुबह छह बजे उसकी साली निदा का शव घर की छत पर टीन शेड में दुपट्टे से लटकता हुआ मिला। उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुबह 10 बजे पुलिस को सूचना दी गई। उसके बाद सीओ सिटी सुनील दत्त, शहर कोतवाल नरेश कुमार त्यागी, तहसीलदार सदर फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए उन्होंने चश्मदीदों के बयान दर्ज किए।मृतका के पिता देश नगर गौढ़ी निवासी अहमद नबी ने दामाद नसीर अहमद पर उसकी हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। निदा का विवाह 23 जुलाई 2022 को शहीद अहमद के साथ हुआ था। 17 अगस्त 2022 को दोनों पक्षों में पंचायत हुई। जिस पर शहीद अहमद ने उसे गर्भवती बताते हुए तलाक दे दिया तब से ही वह अपने बहनोई के साथ रह रही थी। मृतका की बहन भी उसके साथ ही रहती थी।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के विरोध में छात्र का आत्मदाह का प्रयास



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के खिलाफ छात्रों का आंदोलन जारी है। इस बीच सोमवार को विरोध में शामिल छात्र आदर्श भदोरिया ने आत्मदाह की कोशिश की। अपने ऊपर मिट्टी का तेल डालकर लिया।

इससे छात्र संघ भवन परिसर में अफरातफरी की स्थिति बन गई। पुलिस ने मिट्टी का तेल छिड़क चुके आदर्श भदौरिया को किसी तरह से पकड़ा और आग लगाने से रोका। कुछ अन्य छात्रों पर भी मिट्टी का तेल पड़ गया। इस दौरान छात्रों और पुलिस में नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने मिट्टी तेल से भींगे छात्रों पर पानी की बौछार कर किसी तरह बड़ी घटना को बचा लिया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के खिलाफ कई दिनों से आंदोलन चल रहा है। आंदोलन में शामिल आदर्श भदोरिया ने सोमवार की दोपहर करीब 12.50 पर खुद पर मिट्टी का तेल छिड़क लिया। उसके मिट्टी का तेल छिड़कते ही अफरातफरी मच गई। पुलिस ने किसी तरह आग लगाने से छात्र को रोका।

इसी दौरान पुलिस से नोकझोंके से छात्र भड़क गए और हंगामा शुरू कर दिया। छात्रों ने बाहर निकल कर सड़क जाम करने की कोशिश की पर पुलिस ने इस कोशिश को नाकाम कर दिया। इससे परिसर में हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। सैकड़ों की संख्या में पुलिस के जवान परिसर को घेरे हुए हैं। इसके बाद परिसर को पुलिस की छावनी में बदल दिया गया। 100 से अधिक पुलिस के जवान और अधिकारी छात्रसंघ भवन परिसर में जमे हुए हैं। उधर डीएसडब्ल्यू कार्यालय पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों का प्रदर्शन जारी रहा। पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया है।

### 'डुप्लीकेट सलमान खान' ने लखनऊ में किया सरेंडर, रेल पटरियों पर रील बनाने में पुलिस कर रही थी तलाश

लखनऊ। खुद को डुप्लीकेट सलमान खान कहलवाने वाले आजम अली अंसारी पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। एनईआर के सिटी स्टेशन के पास पटरियों पर शर्ट उतारकर रील बनाने के आरोप में आरपीएफ उसकी तलाश कर रही थी। उसने 23 अगस्त को रेलवे पटरियों पर वीडियो शूट कर वायरल किया था। सोमवार को उसने सिटी स्टेशन पर सरेंडर कर दिया। रेलवे पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। सिटी और डालीगंज स्टेशन के बीच रेलवे ब्रिज पर तेरे नाम' फिल्म के टाइटल सांग पर आजम अली ने सिगरेट पीते हुए वीडियो रिकॉर्ड किया था। इसके पहले लुलु मॉल समेत अन्य स्थानों पर भी ऐसे ही वीडियो बना चुका है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लखनऊ सिटी की आरपीएफ टीम सक्रिय हो गई। आरपीएफ प्रशासन ने आजम अली अंसारी के खिलाफ आरपीएफ एक्ट की 147, 145 व 167 धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया। केस दर्ज होते ही आजम अली फरार हो गया। इस बीच उसकी तलाश में आरपीएफ की टीम ने चौक के कई इलाकों में दबिश भी दी। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के आरपीएफ कमांडेंट ने ने कहा कि उसके खिलाफ बिना अनुमति वीडियो बनाने और रेलवे लाइन पर धूम्रपान करने के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच निरीक्षक सुरेश कुमार कर रहे थे। आरपीएफ ने आजम अली अंसारी के घर पर दबिश दी तो उसके भाई ने सोमवार को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट लखनऊ सिटी पर अभियुक्त आजम अली अंसारी को हाजिर कराया है।

### बदायूं हुक्काबार मामले में लव जिहाद के एंगल से भी हो रही है जांच : एसएसपी

बदायूं। उत्तर प्रदेश के बदायूं में पिछले दिनों चर्चा में रहे हुक्का बार में डांस का वीडियो वायरल होने वाली लड़की ने आरोप लगाया है कि धोखे से नशा कराकर हुक्का बार में वीडियो बना कर वायरल किये गये। बदायूं के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा ओपी सिंह ने सोमवार को कहा कि इस मामले में लव जिहाद के एंगल से भी जांच करने की बात कही है। लड़की का आरोप है कि आरोपी ने डांस करते समय धोखे से उसका वीडियो बनाया। उसने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस इस मामले किी जांच में 'लव जेहाद' का एंगल भी तलाश कर रही है। गौरतलब है कि बदायूं के कोतवाली सदर क्षेत्र के नईसराय कच्ची लीक में 11 सितंबर को छापा मारकर पुलिस ने एक हुक्का बार पकड़ा था। जिसमें एक लड़की का डांस करते हुए और उसका हुक्का पीते हुए वीडियो वायरल हुआ था। बाद में लड़की ने मीडिया से कहा कि वह अपनी सहेली की बर्थडे पार्टी में हुक्का बार गई थी। जहां उसे हुक्के में नशा देकर डांस करते हुए वीडियो बना लिया और उसका फोन नंबर भी रजिस्टर में लिख लिया गया था। लड़की का आरोप है कि हुक्का बार के संचालक वीडियो के नाम पर उसे ब्लैकमेल कर रहे थे। इस मामले में उसने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने और सोशल मीडिया से उक्त वीडियो डिलीट करने की मांग की। इस मामले में पुलिस सात अभियुक्तों को जेल भेज चुकी हैं। मामले की पुलिस जांच जारी है।

# पीलीभीत की गैंगरेप पीड़िता ने लखनऊ में तोड़ा दम

## दरिंदगी के बाद डीजल डालकर लगाई थी आग



**लखनऊ।** यूपी के पीलीभीत में गैंगरेप के बाद जलाई गई दलित किशोरी की सोमवार को मौत हो गई है। 12 दिनों तक मौत से जंग के बाद अंततः लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में उसने दम तोड़ दिया। 7 सितंबर को पीलीभीत के माधव टांडा इलाके में नाबालिग लड़की से गैंगरेप के बाद आरोपियों ने डीजल डालकर जान से मारने के लिए आग लगा दी थी।

सनसनीखेज वारदात का मामला तब सामने आया जब घटना के तीन दिन बाद पीड़िता का अपनी आपबीती सुनाने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद स्थानीय अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे केजीएमयू रेफर कर दिया था। वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने दोनों आरोपियों की पहचान राजवीर (19) और ताराचंद उर्फ तरुण कुमार (25) के रूप में की उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा। पीलीभीत के पुलिस अधीक्षक (एसपी) दिनेश कुमार प्रभु ने बताया कि आरोपी के खिलाफ शनिवार रात आईपीसी की धाराओं के साथ ही यौन अपराधों के खिलाफ बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम (एससी–एसटी एक्ट) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसपी ने बताया कि अब आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार को एससी/एसटी एक्ट की सहायता राशि 4 लाख 12 हजार 500 रुपए उनके खाते में भेज दिए गए हैं। किशोरी के बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के केजीएमयू भेजा गया था। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ सुधीर सिंह ने कहा बताया कि 16 वर्षीया किशोरी आग लगाने के बाद 68 फीसदी झुलस गई थी। केजीएमयू में एक्सपर्ट डॉक्टर्स की पैनल इलाज कर रही थी। किशोरी को आईसीयू में रखा गया था और लगातार उसकी निगरानी की जा रही हैं। इसी बीच इन्फेक्शन लगातार बढ़ रहा था। ऑपरेशन से पैर को संक्रमण मुक्त रखने का प्रयास भी किया गया। हालांकि सेप्सिस के कारण पीड़िता ने दम तोड़ दिया। उसे बचाने की पूरी कोशिश की गई लेकिन आज उसकी मौत हो गई।

# यूपी में मानवता शर्मसार : मासूम की लाश लेकर पूरी रात सड़कों पर भटकती रही मां



**मथुरा।** यूपी के मथुरा से मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। इस तरह का मामला इससे पहले कुशीनगर और गोंडा में भी देखा जा चुका है। मथुरा में सात माह की बीमार बच्ची को गोवर्धन से इलाज के लिए लेकर आई महिला उसकी लाश को लेकर रात भर सड़कों पर भटकती रही। ई–रिक्शा चालक उसे जंक्शन रेलवे स्टेशन पर छोड़कर चला गया। जीआरपी की सूचना के बाद परिजन जंक्शन पहुंच गए। जीआरपी ने पंचायतनामे की प्रक्रिया के बाद बच्ची का शव परिजनों को सौंप दिया।

सोमवार की सुबह जंक्शन रेलवे स्टेशन की मुख्य एंट्री के सर्कुलेटिंग एरिया में बने शौचालय के पास अबोध बच्ची के शव के साथ एक महिला को बिलखता देख लोगों ने इसकी सूचना जीआरपी को दी। सूचना मिलने के बाद जीआरपी थाने के उप निरीक्षक शिवपाल सिंह, महिला सिपाही रेखा राजौरिया के साथ मौके पर पहुंचे। बच्ची के शव के पास बिलख रही महिला से महिला सिपाही ने बात करने का प्रयास किया तो उसने कुछ नहीं बताया।

काफी प्रयास के बाद महिला ने अपना नाम सपना निवासी छोटी हवेली, गोवर्धन बताया। साथ ही एक कागज का टुकड़ा महिला सिपाही को दिया, जिस पर एक मोबाइल नम्बर लिखा था। महिला सिपाही ने उस नम्बर पर बात की। फोन नारायण सिंह ने रिसीव किया। महिला सिपाही ने नारायण को पूरे घटना क्रम से अवगत कराया तो उसने कहा कि महिला उसकी पत्नी सपना है और उसके साथ जो सात माह की बच्ची है वह उसकी बेटी लक्षिका है। सपना रविवार की शाम को बीमार बच्ची के साथ घर से निकल गई थी। वह उसकी तलाश में जुटे हैं। कुछ देकर बाद नारायण सिंह अपनी बहन कमलेश और उसके पति के साथ जंक्शन पहुंच गए।

### फिरोजाबाद : धार्मिक आस्था को चोट पहुंचाने वाली सामग्र बांटते चार लोग गिरफ्तार

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में पुलिस ने हिंदू देवी देवताओं के बारे में अपमानजनक साहित्य का वितरण करते हुए सोमवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार थाना उत्तर क्षेत्र के अंतर्गत सरकारी ट्रॉमा सेंटर के समीप कुछ लोग 'ज्ञान गंगा' नामक पुस्तक स्थानीय लोगों को बांट रहे थे। इस पुस्तक में देवी देवताओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणी की गयी है। पुलिस ने इसकी सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंच कर पुस्तक को वितरित कर रहे चार लोगों को हिरासत में ले लिया। थाना टूंडला क्षेत्र के अलीनगर केंजरा निवासी गंगाराम यादव पुत्र विद्याराम अपने साथियों को लेकर यह पुस्तक वितरित कर रहे थे। इसकी सूचना हिंदू जागरण मंच के लोगों को मिलने पर संगठन के लोग वहां पहुंचे। और इन लोगों को पुस्तक वितरित करने से रोका। इसी बात पर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हो गई।

# सपा से नियमों का पालन करने की अपेक्षा कल्पना से परे है : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधान सभा के मानसून सत्र शुरु होने से पहले मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायकों के बिना पूर्व अनुमति लिये आयोजित किये गये पैदल मार्च पर तंज कसते हुए कहा कि सपा से नियमों का पालन करने या शिष्टाचार को मानने की अपेक्षा करना कल्पना से परे है।

गौरतलब है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की अगुवाई में पार्टी विधायकों ने मंहगाई और बेरोजगारी सहित अन्य मुद्दों पर आज सुबह सपा कार्यालय से विधान सभा तक पैदल मार्च किया। पुलिस ने इसकी पूर्व अनुमति नहीं लिये जाने के कारण कानून व्यवस्था का हवाला देकर सपा विधायकों को राजभवन से आगे बढ़ने से रोक दिया।

विधान सभा में मानसून सत्र की कार्यवाही शुरु होने से पहले योगी ने संवाददाताओं से कहा, सपा से ये उम्मीद करना कि वो किसी नियम को मानेंगे, किसी शिष्टाचार को मानेंगे, यह एक कपोल कल्पना की बात ही कही जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 25 करोड़ लोगों के हितों के लिए डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव के कार्य कर रही है। डबल इंजन की सरकार समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को शासन की योजानाओं का लाभ पहुंचा रही है। विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए भी यहां अभाव और अराजकता के लिए जगह नहीं है। गौरतलब है कि विधान सभा में मुख्य विपक्षी दल सपा के सदस्यों की गैर मौजूदगी में ही सदन की बैठक पूर्व निर्धारित समय से प्रारंभ हुयी। इस दौराप भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हाल ही में दिवंगत हुए सदस्य अरविंद गिरि को सदन में श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। योगी सहित विभिन्न दलों के नेताओं ने गिरि के निधन पर शोक प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### छेड़छाड़ से तंग 11वीं की छात्रा ने किया सुसाइड : 8 दिन से छेड़छाड़ कर रहा था युवक

मैनपुरी। मैनपुरी में मनचले युवक की छेड़छाड़ से परेशान होकर 11वीं की छात्रा ने फांसी के फंदे पर लटककर जान दे दी। आरोप है कि मनचला युवक छात्रा को स्कूल आते जाते वक्त परेशान करता था। कई बार वह छेड़छाड़ भी कर चुका था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छात्रा के शव का पोस्टमार्टम कराया है। बताया जाता है कि सामाजिक लोकलाज के चलते छात्रा और उसकी मां ने कहीं शिकायत नहीं की थी। छात्रा के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। घटना भोगांव थाना क्षेत्र की है। भोगांव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छात्रा के ताऊ ने बताया, हमारी 16 साल की बेटी 11वीं की छात्रा थी। वह रोज स्कूल जाती थी। गांव का ही एक संडे (25) नाम का युवक आठ–दस दिन से उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा था। इसकी शिकायत छात्रा ने अपनी मां से की थी लेकिन लोक लाज व बदनामी के डर से छात्रा की मां ने कहीं भी शिकायत दर्ज नहीं कराई। जिसके चलते मनचले युवक के हौसले बुलंद हो चुके थे। ताऊ के मुताबिक, बीती शाम को छात्रा को घर में अकेला पाकर मनचला घर में घुसकर छेड़छाड़ करने आया था। शोर सुनकर छात्रा की मां और बड़ी बहन आ गई तो युवक घर से भाग गया। छात्रा ने अपने साथ हुई छेड़छाड़ की घटना अपनी मां को बताई। शोरगुल सुनकर भीड़ इकट्ठा हो गई थी। जिसे देखकर बेटी को बदनामी का डर सता रहा था।

# नाकाम सरकार विपक्ष का सामना नहीं करना चाहती है : अखिलेश



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष और समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि प्रदेश की योगी सरकार हर मोर्चे पर नाकाम साबित हुयी है, इसलिये ये सरकार विपक्ष का सामना नहीं करना चाहती है।

अखिलेश ने यहां सुबह विधान सभा के मानसूत्र सत्र की बैठक शुरु होने से पहले पार्टी विधायकों के साथ सपा कार्यालय से विधान सभा तक पैदल मार्च करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस द्वारा राजभवन से पहले ही उन्हें रोक दिया गया। इसके बाद सपा अखिलेश और सभी सपा विधायकों ने सड़क पर ही धरना प्रारंभ कर दिया। अखिलेश ने संवाददाताओं से कहा कि यह किस प्रकार की सरकार है जो विधायकों को विधान सभा पहुंचने से रोक रही है। उन्होंने कहा कि सपा विधायक बेरोजगारी, मंहगाई और कानून व्यवस्था सहित अन्य समस्याओं को उठाते हुए सदन तक जाना चाहते हैं। सरकार उन्हें जनता के मुद्दे उठाने से रोकने के लिये पैदल मार्च नहीं करने दे रही है।

गौरतलब है कि सपा विधायकों को विक्रमादित्य मार्ग स्थित सपा कार्यालय से विधान सभा के लिये पैदल मार्च करने के दौरान पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था का हवाला देकर राजभवन से पहले ही रोक दिया। पुलिस की दलील थी कि सपा विधायकों ने पैदल मार्च आयोजित करने की पूर्व अनुमति नहीं ली थी। ऐसे में विधान सभा का मानसून सत्र शुरु होने के पूर्व सदन तक प्रशासन की पूर्व अनुमति लिये बिना पैदल मार्च निकालने की इजाजत नहीं दी जा सकती है।

अखिलेश ने इसे सरकार का जनविरोधी कदम बताते हुए सड़क पर ही सपा विधायकों के साथ 'वंदे मातरम' गाकर विधान सभा की सांकेतिक बैठक शुरु कर दी। इस दौरान सपा विधायकों ने दिवंगत भाजपा विधायक अरविंद गिरि को श्रद्धांजलि अर्पित भी की। उन्होंने कहा कि नाकाम सरकार विपक्ष का सामना करने से बच रही है।

विधान सभा परिसर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा के पैदल मार्च पर तंज कसते हुए कहा, सपा से ये उम्मीद करना वो किसी नियम को मानें, किसी शिष्टाचार को मानें, यह एक कपोल कल्पना ही कही जा सकती है। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ लोगों के हितों के लिए डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव के कार्य कर रही है। डबल इंजन की सरकार समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को शासन की योजानाओं का लाभ पहुंचा रही है। विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए भी यहां अभाव और अराजकता के लिए जगह नहीं है।

# मुजफ्फरनगर में महिला प्रधान से लाखों के जेवर, नगदी लूटी

## गांव मखियाली प्रधान वीना कश्यप को बेहोश कर दिया घटना को अंजाम



**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में गांव मखियाली की प्रधान को बेहोश कर दो बदमाश लाखों के जेवर और नगदी लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। एसएसपी विनीत जायसवाल ने ग्राम प्रधान के घर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

### जाते समय मोबाईल का सिम भी तोड़ गए लुटेरे

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव मखियाली में सोमवार को हथियारबंद बदमाशों ने लूट की घटना का अंजाम दिया। दो बदमाश ग्राम प्रधान मखियाली वीना कश्यप पत्नी स्व. जोनी कश्यप के घर में घुस आए। दोनों ने ग्राम प्रधान से किसी राशन कार्ड पर हस्ताक्षर कराने का बहाना बनाया। जैसे ही प्रधान ने हस्ताक्षर करने के लिए राशन कार्ड मांगा तो एक बदमाश ने ग्राम प्रधान को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया।

ग्राम प्रधान वीना कश्यप ने बताया कि उसे बेहोश कर दोनों बदमाश घर में रखे करीब 10 तोला सोने के जेवरात तथा बच्चों की गुल्लक में रखी नगदी सहित 70 हजार से अधिक रुपया लूटकर फरार हो गए।

बदमाश जाते समय ग्राम प्रधान के मोबाईल से सिम भी तोड़कर चले गए। सीओ नई मंडी हिमांशु गौरव ने बताया कि पुलिस घटना का मुकदमा दर्ज कर रही है। बदमाशों की तलाश के लिए दो टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि सोने के जेवर तथा 70 हजार रुपये की नगदी गायब होने की बात बताई गई है।

### एसएसपी ने लिया घटनास्थल का जायजा

ग्राम प्रधान मखियाली से लूट की खबर पाकर एसएसपी विनीत जायसवाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्राम प्रधान से भी लूट की जानकारी ली। जिसके बाद क्राइम ब्रांच तथा नई मंडी थाना पुलस ने बदमाशों की तलाश में दबिश दी।

### धर्म परिवर्तन कराने वाले 3 गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ पुलिस ने परिवर्तन कराने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में राम सिंह उर्फ राजकुमार सिंह पुत्र रमाशंकर सिंह ने बिलरियागंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। शिकायत में बताया था कि पांच अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पैसे का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर धर्म परिवर्तन कराने वाले तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 3/5(1) यूपी विधि खिलाफ धर्म संपरिवर्तन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना बिलरियागंज थाना क्षेत्र की थी। मामले की विवेचना कर रहे सब इंस्पेक्टर राम प्रसाद ने बताया कि मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इन आरोपियों में रविन्द्र, महेन्द्र और मनोज कुमार हैं। आरोपियों के कब्जे से चार बाइबिल बरामद की गई है। तीनों आरोपियों को न्यायालय पेश किया जा रहा है। जहां से जेल रवाना किया जाएगा। जिले में धर्म परिवर्तन की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एक दिन पूर्व भी जिले के गेलवारा में धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इन पर आरोप था की दलित बस्तियों में प्रेत बाधा दूर करने के नाम पर ईसाई मिशनरियों का प्रचार कर लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करते थे। इससे पूर्व भी जिले में एक दर्जन से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं।

## सरकार ने एयर इंडिया से अलग हुईं दो सहायक कंपनियों की बिक्री प्रक्रिया शुरू की

**नई दिल्ली।** सरकार ने एयर इंडिया से अलग हुई दो सहायक कंपनियों - एआईएएसएल और एआईईएसएल के निजीकरण की प्रक्रिया शुरू की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।अधिकारी ने कहा,'निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने एआईएएसएल और एआईईएसएल में निवेशकों की दिलचस्पी का पता लगाने के लिए बैठकें और रोड शो शुरू किए हैं। हम जल्द ही इच्छुक बोलीदाताओं से ईओआई आमंत्रित करेंगे।' सरकार ने कर्ज में डूबी एयर इंडिया को पिछले साल अक्टूबर में टाटा समूह को 18,000 करोड़ रुपये में बेचा था। इस तरह जनवरी में एयर इंडिया पूरी तरह टाटा को सौंप दी गई। हालांकि, एयर इंडिया की चार सहायक कंपनियां - एयर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (एआईएएसएल), एयर इंडिया इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड (एआईईएसएल), एलायंस एयर एविएशन लिमिटेड (एएएल) और होटल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एचसीआई) - इस सौदे का हिस्सा नहीं थीं। लगभग 15,000 करोड़ रुपये मूल्य की इन सहायक कंपनियों और गैर-प्रमुख संपत्तियों को एक एसपीवी - एयर इंडिया एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड (एआईएएचएल) में स्थानांतरित कर दिया गया है। सरकार ने तब कहा था कि इन सहायक कंपनियों और गैर-प्रमुख संपत्तियों बाद में बेचा जाएगा। इसी क्रम में दीपम ने एआईएएसएल और एआईईएसएल के निजीकरण के लिए निवेशक बैठकों का आयोजन किया।



## हरदीप पुरी ने की स्वच्छता स्टार्टअप चुनौती के चिह्नित प्रतिभागियों से बात

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय शहरी विकास तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए मशीनीकृत समाधान, ठोस और तरल कचरे का वैज्ञानिक प्रसंस्करण आदि स्टार्टअप्स को नवाचार और उद्यम विकास के लिए बड़े अवसर प्रदान करते हैं।

श्री पुरी ने स्वच्छता स्टार्ट-अप चुनौती के अंतर्गत चुने गए स्टार्टअप्स के साथ बातचीत करते करते हुए स्वछता को बढ़ावा देने की दिशा में समाधान खोजने में शामिल स्टार्ट-अप को सभी सहायता और सुविधा प्रदान करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता



को फिर से दोहराया है। आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि मंत्रालय के स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीएम-यू) ने एएफडी (एजेंसी फ्रेंकाइसे डि डिवलमपमेंट) और उद्योग तथा आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सहयोग से 27 जनवरी, 2022 को स्वच्छता स्टार्टअप चैलेंज शुरू किया है जिससे अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्र में विकास स्टार्टअप और उद्यमियों के लिए एक समर्थन करने वाले वातावरण को बढ़ावा दिया जा सके।

इस स्वच्छता स्टार्टअप चुनौती के अंतर्गत चार विषयगत क्षेत्रों, जैसे सामाजिक समावेशन, शून्य डंप (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन), प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन और पारदर्शिता (डिजिटल सक्षमता) के अंतर्गत कचरा प्रबंधन क्षेत्र में स्टार्टअप्स से समाधान मांगे गए थे। इस चुनौती का उद्देश्य स्टार्टअप्स के 10 विजेता समाधानों को प्रति चयनित परियोजना के लिए 25 लाख रुपये की वित्तीय सहायता और एक वर्ष की सहायता प्रदान करना है। इसके अलावा, पात्र स्टार्टअप्स को अतिरिक्त प्रोत्साहन भी मिलेगा जिसमें विलग्रो (चैलेंज के लिए कार्यान्वयन भागीदार) से 50 लाख रुपये तक का निवेश और प्रौद्योगिकी भागीदार एमेज़ोन वेब सर्विसेज से 100,000 अमरीकी डालर तक का क्रेडिट और प्रौद्योगिकी सहायता प्राप्त करना शामिल है।

उल्लेखनीय है कि इसके अंतर्गत कुल 244 समाधान प्राप्त हुए थे। जिसमें से शीर्ष 10 को मंगलवार को सम्मानित किया जाएगा। इसमें स्वच्छता स्टार्टअप चैलेंज के सभी स्टार्टअप्स, स्थापित स्टार्टअप, निवेशक, क्षेत्र के पार्टनर, उद्योग विशेषज्ञ, 10 लाख से अधिक की जनसंख्या वाले शहरों के नगर आयुक्त, डीपीआईआईटी, केन्द्र सरकार, एफ़सीआईआई, सीआईआई और अन्य संघों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

## गिरावट से उबरा शेयर बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी में आधे प्रतिशत की तेजी

एजेंसी

मुंबई। वैश्विक बाजार के कमजोर रुख के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, एफएमसीजी, वित्तीय सेवाएं और ऑटो समेत दस समूहों में हुई लिवाली की बदौलत सेंसेक्स और निफ्टी पिछले लगातार तीन दिन की गिरावट से उबरते हुए आज आधे प्रतिशत से अधिक की तेजी पर रहे।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 300.44 अंक उछलकर 59141.23 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 91.40 अंक मजबूत होकर 17622.25 अंक पर रहा। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली का दबाव रहा, जिससे मिडकैप 0.16 प्रतिशत गिरकर 25,517.81 अंक और स्मॉलकैप 0.17 प्रतिशत टूटकर 29,149.78 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3749 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1715 में तेजी जबकि 1899 में गिरावट रही वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

लिवाली की बदौलत बीएसई के दस समूह मजबूत रहे वहीं शेष में लाल निशान पर रहे। इस दौरान ऊर्जा 0.33, एफएमसीजी 0.98, वित्तीय सेवाएं 0.58, आईटी 0.30, ऑटो 0.78, बैंकिंग 0.34, तेल एवं गैस 0.35 और टेक समूह के शेयर 0.43 प्रतिशत चढ़ गए। वहीं, दूरसंचार 1.13, यूटिलिटीज 0.58, पूंजीगत वस्तुएं 0.71, धातु 1.25, पावर 0.52 और रियल्टी समूह के शेयर 0.99 प्रतिशत गिर गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सूचकांकों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.62, जर्मनी का डैक्स 0.93, जापान का निक्केई 1.11, हांगकांग का हैंगसेंग 1.04 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.35 प्रतिशत उतर गया।

## आइनॉक्स ग्रीन एनर्जी की आईपीओ के जरिए 740 करोड़ रुपए जुटाने की योजना

**राजकोट:** आइनॉक्स विंड की अनुषंगी आइनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेस की इस वर्ष अक्टूबर तक आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की योजना है। इसके जरिए वह अपनी विस्तार योजना के लिए 740 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। आइनॉक्स विंड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैलाश लाल ताराचंदानी




ने कहा कि कंपनी की शुरुआत में भारतीय बाजार पर ध्यान देगी और यहां अच्छे से पैर जमाने के बाद विदेशी बाजारों में पहुंच बनाएगी। उन्होंने बताया कि कंपनी की अगले 30 से 45 दिन में आईपीओ लाने की योजना है। आइनॉक्स ग्रीन ने इससे पहले फरवरी में आईपीओ के लिए सेबी के पास मसौदा दस्तावेज जमा करवाए थे लेकिन अप्रैल में बिना कोई कारण बताए इन दस्तावेजों को वापस ले लिया था। उसकी तरफ से नए मसौदा दस्तावेज 17 जून को दाखिल किए गए जिनके मुताबिक 740 करोड़ रुपए के आईपीओ में 370 करोड़ रुपए के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और इसकी प्रवर्तक आइनॉक्स विंड 370 करोड़ रुपए के शेयरों की बिक्री पेशकश करेगी। ताराचंदानी ने बताया कि आइनॉक्स ग्रीन एनर्जी अभी सालाना 30 से 40 फीसदी की वृद्धि हासिल कर रही है।

## ब्रिजस्टोन का अगले साल तक विनिर्माण क्षमता 10 फीसदी बढ़ाने का लक्ष्य

**मुंबई।** जापान की टायर विनिर्माता कंपनी ब्रिजस्टोन मूल उपकरण विनिर्माताओं और कलपुर्जों के बाजार में बढ़ती मांग को देखते हुए अगले वर्ष तक अपनी विनिर्माण क्षमता में दस फीसदी की बढ़ोतरी करना चाहती है। कंपनी की भारतीय इकाई के प्रमुख पराग सतपुते ने साथ बातचीत में इस योजना की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि कंपनी घरेलू बाजार में अपनी ईवी (बिजली से चलने वाले वाहन) टायर प्रौद्योगिकी लाने पर काम कर रही है। जापान, यूरोप और अमेरिका में ईवी श्रेणी के लिए वह टायर पहले से उपलब्ध करवा रही है। कलपुर्जों के घरेलू यात्री कार टायर बाजार में ब्रिजस्टोन इंडिया की हिस्सेदारी 20 फीसदी है। इस बाजार का कुल आकार 20 लाख टायर प्रतिमाह है।

## कच्चा तेल 92 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में नरमी का रुख जारी है। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन ब्रेंट क्रूड 92 डॉलर प्रति बैरल के करीब कारोबार कर रहा है, जबकि यूएस वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 86 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। इसके बावजूद देश के चार महानगरों में पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर हैं।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल का भाव 94.27 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। इसी तरह चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर पर मिल रहा है। हालांकि, यूपी और बिहार में दोनों ईंधनों की कीमतों में कुछ बदलाव हुआ है। इसके अलावा देश के अन्य शहरों चंडीगढ़ में पेट्रोल 96.20 रुपये और डीजल 84.26 रुपये प्रति लीटर है। नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपये और डीजल 89.96 रुपये प्रति लीटर, जबकि लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपये और डीजल 89.76 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह पटना में पेट्रोल 107.24 रुपये और डीजल 94.04 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। देश में पोर्ट ब्लेयर में सबसे सस्ता पेट्रोल 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि श्रीगंगानगर में सबसे महंगा पेट्रोल 113.49 रुपये और डीजल 98.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान ब्रेंट क्रूड 91.95 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है, यूएस वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 85.56 डॉलर




प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट की वजह अमेरिका और कई यूरोपीय देशों में मंदी की आशंका है। इस साल 139 डॉलर प्रति बैरल का का भाव छूने के बाद फिलहाल क्रूड ऑयल की कीमत में 35 से 36 फीसदी की गिरावट आ चुकी है, लेकिन देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर बनी हुई है।

## प्रत्यक्ष कर संग्रह 30 फीसदी बढ़कर 8.36 लाख करोड़ रुपये रहा

**पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6,42,287 करोड़ रुपये रहा था**

**नई दिल्ली।** आर्थिक मोर्चे पर सरकार के लिए अच्छी खबर है। वित्त वर्ष 2022-23 में प्रत्यक्ष कर संग्रह में 30 फीसदी का इजाफा हुआ है। अग्रिम कर संग्रह बढ़ने से चालू वित्त वर्ष में 17 सितंबर तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 30 फीसदी बढ़कर 8.36 लाख करोड़ रुपये हो गया।

वित्त मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में 17 सितंबर तक कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 8,36,225 करोड़ रुपये (8.36 लाख करोड़) रहा है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6,42,287 करोड़ रुपये रहा था। इस तरह यह वित्त वर्ष 2021-22 की तुलना में 30 फीसदी अधिक है।

मंत्रालय के मुताबिक अप्रैल-सितंबर के दौरान संचयी अग्रिम कर संग्रह 2,95,308 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले समान अवधि की तुलना में 17 फीसदी अधिक है। बयान में कहा



गया है कि 8.36 लाख करोड़ रुपये के सकल कर संग्रह में 4.36 लाख करोड़ रुपये कॉरपोरेट कर से मिले, जबकि 3.98 लाख करोड़ रुपये व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) से हासिल हुए हैं। पीआईटी में प्रतिभूति लेनदेन कर भी शामिल हैं आयकर रिफंड के समायोजन के बाद शुद्ध कर संग्रह 23 फीसदी बढ़कर 7,00,669 करोड़ रुपये हो गया। वित्त मंत्रालय के मुताबिक 17 सितंबर तक लगभग 83 फीसदी विधिवत सत्यापित आईटीआर का निपटारा किया जा चुका है। इससे वित्त वर्ष 2022-23 में जारी किए गए रिफंड की संख्या में करीब 468 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। चालू वित्त वर्ष में अब तक 1,35,556 करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया जा चुका है।

## क्रिप्टो निवेशकों को बड़ा झटका, बिटकॉइन का भाव 19 हजार डॉलर से नीचे आया

**नई दिल्ली।** क्रिप्टोकरेंसी बाजार में सोमवार 19 सितंबर को भारी गिरावट आई। बिटकॉइन का भाव गिरकर 19 हजार डॉलर से नीचे चला गया है। इसी तरह दूसरा प्रमुख क्रिप्टो कॉइन इथेरियम भी पिछले चौबीस घंटों में 10 फीसदी से ज्यादा लुढ़क गया है। सोमवार सुबह 9:50 बजे कल के मुकाबले आज वैश्विक क्रिप्टो मार्केट कैप कैप 6.24 फीसदी टूटकर 910.15 बिलियन डॉलर रह गया है। हालांकि, बिटकॉइन की बाजार हिस्सेदारी आज 0.17 फीसदी मजबूत होकर 39.60 फीसदी हो पहुंच गई है।बाजार जानकारों का कहना है कि अमेरिका के केंद्रीय बैंक द्वारा इस सप्ताह ब्याज दर में भारी बढ़ोतरी की आशंका से क्रिप्टो मार्केट में जबरदस्त गिरावट आई है। इसके अलावा मध्य जुलाई के बाद से ही तेजी पर सवार इथेरियम के अब औंधे मुंह गिरने से भी क्रिप्टो निवेशक सहमे हुए हैं। इथेरियम ब्लॉकचेन के अपग्रेडेशन की अफवाहों से इथेरिम ने बढ़त हासिल की थी।



**बिटकॉइन में जबरदस्त गिरावट**

बिटकॉइन के भाव में जबरदस्त गिरावट आई है। पिछले 24 घंटों में 5.97 फीसदी लुढ़ककर अब यह 18,848.70 डॉलर पर कारोबार कर रही है। इसका बाजार पूंजीकरण अब 360 अरब डॉलर हो गया है। पिछले सात दिनों में बिटकॉइन 13.00 फीसदी गिर चुकी है। इथेरियम में भी पिछले 24 घंटों में जबरदस्त गिरावट आई है। यह 10.20 फीसदी टूटकर 1,304.27 डॉलर पर कारोबार कर रही है। सोमवार को टिथर का रेट भी 0.1 फीसदी लुढ़ककर 1 डॉलर रह गया है। शिबू इनू भी आज 9.34 फीसदी गिरकर 0.00001079 डॉलर पर ट्रेड कर रही है। पोल्काडॉट का भाव भी 9.51 फीसदी गिरकर 6.33 डॉलर रह गया है।

**डॉजकॉइन और सोलाना भी लुढ़की**

सोमवार को सोलाना में 6.62 फीसदी की गिरावट आई और इसका भाव 31.34 डॉलर रह गया है। इसी तरह एक्सआरपी 6.48 फीसदी टूटकर 0.3455 डॉलर पर कारोबार कर रहा है तो कार्डानो का भाव 9.20 फीसदी लुढ़ककर 0.4396 डॉलर हो गया है। यूएसडी कॉइन में भी आज हल्की गिरावट और इसका भाव 0.01 फीसदी गिरकर 0.9999 डॉलर रह गया है। डॉजकॉइन का रेट भी सोमवार को घट गया और इसमें 7.08 फीसदी टूटकर 0.05714 डॉलर पर आ गया है।

## आरबीआई को दरों में वृद्धि का रुख जारी रखने की जरूरत: रंगराजन

**कोलकाता:** मुद्रास्फीति को काबू में करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मौजूदा सख्त रूख को बनाए रखने की वकालत करते हुए केंद्रीय बैंक के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने यह उम्मीद भी जताई है कि पूंजी की आवक दोबारा शुरू होने से रुपए को मजबूती मिलेगी। रंगराजन ने रामकृष्ण मिशन इंस्टीट्यूट ऑफ कल्चर में समर कांति पॉल स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए कहा कि पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य पाने के लिए भारत को अगले पांच साल तक आठ-नौ फीसदी की सालाना वृद्धि दर हासिल करनी होगी।

उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक वृद्धि सात फीसदी पर भी पहुंच जाएगी तो उन्हें खुशी होगी। आरबीआई के



पूर्व गवर्नर ने नीतिगत दरों में वृद्धि के संदर्भ में कहा, ''मौजूदा नीतिगत रूख जारी रहना चाहिए। विकसित देश भी दरों में तीव्र वृद्धि कर रहे हैं, मैं दरों में और वृद्धि की उम्मीद कर रहा हूं।'' रुपये के बारे में उन्होंने कहा कि पूंजी की निकासी की वजह से घरेलू मुद्रा में तेजी से गिरावट आई है और यह 79 से 80 प्रति डॉलर तक गिर गया है।

रंगराजन ने कहा, ''अब पूंजी की आवक होने से रुपया मजबूत होगा, फिर भी यह कोविड से पहले के स्तर तक नहीं पहुंच पाएगा।' उन्होंने कहा कि उच्च वृद्धि दर को हासिल करने के लिए निवेश की दर बढ़ाकर 33 फीसदी तक करनी होगी जो फिसलकर 27-28 फीसदी तक पहुंच गई है। उन्होंने निजी निवेश की हिस्सेदारी बढ़ाने की भी बात कही।

## बीमा उद्योग में विलय एवं अधिग्रहण सौदे जारी रहने, नई कंपनियां आने की उम्मीद

**नई दिल्ली:** बीमा उद्योग में विलय और अधिग्रहण सौदे जारी रहेंगे तथा विशेष कौशल के साथ नई कंपनियों का प्रवेश भी जारी रहेगा। हालांकि जानकारों का मानना है कि नई कंपनियों को दीर्घावधि का नजरिया रखना होगा। इस क्षेत्र के पिछले घटनाक्रम और राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ द्वारा हाल में एचडीएफसी लाइफ के साथ एक्साइड लाइफ इंश्योरेंस के विलय की अनुमति देने से साफ है कि आवश्यक विशेषज्ञता के बिना इस क्षेत्र में आई कंपनियों को कारोबार छोड़ना पड़ सकता है। विलय और अधिग्रहण की जटिलताओं से खुद को सक्षम बनाने के लिए भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने ऐसे सलाहकारों की तलाश शुरू कर दी है, जो सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की




बीमा कंपनियों का मूल्यांकन कर सकें। इरडा अपने अधिकारियों को मूल्यांकन पद्धति के बारे में प्रशिक्षित कर रहा है। बाजार में मौजूद कंपनियों और विश्लेषकों का विचार है कि इस क्षेत्र में वृद्धि की पर्याप्त संभावनाएं हैं और बीमा उद्योग में नई कंपनियों के प्रवेश तथा विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) के पर्याप्त मौके हैं।

एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के उप प्रबंध निदेशक आनंद पेजावर ने कहा, 'दूसरे क्षेत्रों की तरह इस क्षेत्र में भी विलय और अधिग्रहण जारी रहेंगे और भविष्य में नए अवसर देखने को मिलेंगे।' उन्होंने कहा कि मजबूत वित्तीय और सही प्रबंधन प्रथाओं वाले खिलाड़ी लंबे समय तक बढ़ते रहेंगे। पेजावर ने आगे कहा कि भारत का बीमा परिदृश्य विशाल है और कंपनियों के लिए साथ-साथ वृद्धि करने की पर्याप्त गुंजाइश है। इस समय देश में 24 जीवन बीमा कंपनियां और 31 सामान्य बीमा कंपनियां है।

## सेना ने आपात खरीद के लिए घरेलू रक्षा विनिर्माताओं को दिया आमंत्रण

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने कहा कि 'स्वदेशी उपकरणों की मदद से अगला युद्ध लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता' के अनुरूप उसने घरेलू रक्षा उद्योग को आपातकालीन खरीद के लिए महत्वपूर्ण रक्षा उपकरणों की पेशकश करने के लिए आमंत्रित किया है।

सेना ने अपने कई ट्वीट संदेशों में इस निमंत्रण का उल्लेख करते हुए कहा कि आपात खरीद के लिए घरेलू रक्षा विनिर्माताओं को स्थानीय रक्षा उपकरणों की पेशकश करनी चाहिए। सेना ने कहा, ''यह निमंत्रण स्वदेशी समाधानों के साथ भविष्य की लड़ाई लड़ने की सेना की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।'' सेना ने अपने ट्वीट में कहा कि आपात खरीद में घरेलू स्तर पर विकसित रक्षा उत्पादों की पेशकश एक सीमित समयसीमा के लिए लागू होगी। सेना ने कहा, ''खरीद की यह खिड़की भारतीय उद्योग के लिए छह महीने तक खुली रहेगी और खरीद अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के एक साल के भीतर उपकरणों की आपूर्ति करने की अपेक्षा उद्योग से होगी।'' सेना ने इस खरीद प्रक्रिया को खुली निविदा पर आधारित बताते हुए कहा कि बंदूकों, मिसाइल, ड्रोन, संचार एवं ऑप्टिकल प्रणाली, विशेषज्ञ वाहन, इंजीनियरिंग उपकरण और वैकल्पिक ऊर्जा संसाधन के लिए प्रस्ताव लाए जा रहे हैं। सेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए पिछले कुछ समय में सैन्य उपकरणों को स्वदेशी स्तर पर विकसित करने पर जोर दिया जाता रहा है। सरकार ने भी इस दिशा में कई सकारात्मक कदम उठाए हैं।

## फिर दुनिया के दूसरे सबसे रईस बने गौतम अडाणी, अंबानी 10वें स्थान पर फिसले

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योगपति गौतम अडाणी एक बार फिर दुनिया के दूसरे सबसे रईस व्यक्ति बन गए हैं। अडाणी की व्यक्तिगत संपत्ति 147.2 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। अभी तक सबसे रईस व्यक्तियों की सूची में दूसरे स्थान पर रहे बर्नार्ड अरनॉल्ट 138 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ चौथे पायदान पर लुढ़क गए हैं। गौतम अडाणी के बाद सबसे रईस व्यक्तियों की सूची में अमेजॉन के जेफ बेजॉस का नाम है, जो 147 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियरीज इंडेक्स द्वारा आज जारी आंकड़ों के मुताबिक दुनिया के सबसे रईस व्यक्तियों की सूची में अब गौतम अडाणी के आगे सिर्फ टेस्ला के हेड एलन मस्क हैं। एलन मस्क की व्यक्तिगत संपत्ति 264 अरब डॉलर है। इस तरह फिलहाल वे सबसे धनी व्यक्तियों की सूची में दुनिया भर के बाकी सभी रईसों से काफी आगे हैं।

दुनिया के सबसे रईस व्यक्तियों की सूची में टॉप 10 में गौतम अडाणी के अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी का नाम भी शामिल है, जो आज 10वें पायदान पर पहुंचे हुए हैं। पिछले हफ्ते मुकेश अंबानी इस सूची में 8वें स्थान तक पहुंच गए थे, लेकिन घरेलू शेयर बाजार में कारोबार के दौरान रिलायंस के शेयर प्राइस में आई गिरावट की वजह से वे अपना स्थान बरकरार नहीं रख सके। शेयर प्राइस में आई गिरावट की वजह से सिर्फ एक ही दिन में मुकेश अंबानी की व्यक्तिगत संपत्ति में 2.32 अरब डॉलर की कमी आ गई। इस तरह मुकेश अंबानी 88.7 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ टॉप रईसों की सूची में 2 स्थान खिसक कर 10वें स्थान पर पहुंच गए।

ब्लूमबर्ग बिलेनियरीज इंडेक्स के आंकड़ों के मुताबिक दुनिया के सबसे रईस व्यक्ति की सूची में टॉप 100 लोगों में गौतम अडाणी और मुकेश अंबानी के अलावा अन्य भारतीयों में अजीम प्रेमजी 25.1 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ 47वें स्थान पर, 22.3 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ शिव नाडार 54वें स्थान पर, 21.7 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ राधाकिशन दमानी 55वें स्थान पर और 15.6 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ लक्ष्मी मित्तल 99वें स्थान पर मौजूद हैं।

इसके अलावा सबसे रईस व्यक्तियों की सूची में टॉप 200 में शामिल भारतीयों में 107वें स्थान पर दिलीप सांघवी (14.1 अरब डॉलर), 115वें स्थान पर सावित्री जिंदल (13.4 अरब डॉलर), 141वें स्थान पर सुनील मित्तल (12.4 अरब डॉलर) 142वें स्थान पर साइरस पूनावाला (12.2 अरब डॉलर) और 157वें स्थान पर के बिड़ला (11.3 अरब डॉलर) के नाम शामिल हैं।

## शार्ट न्यूज

### मोदी ने कांस्य पदक जीतने पर बजरंग, विनेश को बधाई दी





नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के स्टार पहलवान बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट को बेलग्रेड में आयोजित विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने पर सोमवार को बधाई दी। मोदी ने ट्वीट किया, हमारे पहलवान हमें गौरवान्वित करते हैं। बेलग्रेड में आयोजित विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने पर बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट को बधाई। यह दोनों के लिए खास है क्योंकि विनेश इस मंच पर दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गयी हैं और बजरंग ने अपना चौथा पदक जीता है। टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग ने रविवार को विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के अंतिम दिन पुरुषों के 65 किग्रा में कांस्य पदक जीता। विश्व चैंपियनशिप में यह उनका चौथा पदक था। उन्होंने 2018 में रजत जबकि 2013 और 2019 में कांस्य पदक जीते हैं। दूसरी ओर, विनेश ने महिलाओं की 53 किलो फ्रीस्टाइल श्रेणी में रेपेचेज के माध्यम से अपना दूसरा विश्व चैंपियनशिप पदक जीता। केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने भी बजरंग को बधाई देते हुए कहा, बजरंग पूनिया ने फिर अपनी स्पोर्टिंग क्लास दिखाई है। उन्होंने 2022 के बेलग्रेड संस्करण में कांस्य पदक के साथ सीनियर विश्व चैंपियनशिप में अपना चौथा पदक हासिल किया है। मैं उन्हें बधाई देता हूं।

### भारत के लिए जीतने से ज्यादा परखने की शृंखला

मोहाली। भारतीय क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टी20 मैचों की शृंखला की शुरुआत मंगलवार को करेगी, हालांकि भारत के लिए, कुछ खिलाड़ियों और संयोजनों को परखना इस शृंखला को जीतने से ज्यादा अहम होगा। अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारत के सामने ज्वलंत सवाल है कि रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग कौन करेगा। कप्तान रोहित ने लोकेश राहुल को ओपनिंग के लिए पहली पसंद बताते हुए यह भी कहा है कि विराट कोहली कुछ मैचों में पहले बल्लेबाजी करने आ सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू शृंखला में कारगर साबित होने वाला ओपनिंग संयोजन टी20 विश्व कप में प्राथमिकता हासिल कर सकता है। चोट से उभर कर लौटे जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल के लिए यह शृंखला विश्व कप से पहले वॉर्म अप का काम करेगी। विश्व कप स्क्वाड में अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में शामिल हुए मोहम्मद शमी भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी बाहें खोल सकते थे, लेकिन कोरोना संक्रमित होने के कारण उनके स्थान पर उमेश यादव आ गये हैं। इसके अलावा टीम यह भी देखना चाहेगी कि घुटने की सर्जरी के बाद रिहैब से गुजर रहे रवींद्र जडेजा की कमी को अक्षर पटेल किस हद तक पूरा कर पाते हैं। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया ने हरफनमौला मिचेल मार्श, मार्कस स्टॉयनिस और तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को विश्व कप से पहले आराम दिया है। मार्श की अनुपस्थिति में स्टीव स्मिथ को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिये चुना है, जो उनके लिये एक नयी जिम्मेदारी होगी। विस्फोटक बल्लेबाज टिम डेविड इस शृंखला से ऑस्ट्रेलिया के लिये पदार्पण कर सकते हैं, जो ग्लेन मैक्सवेल के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियाई मध्यक्रम को आश्चर्यजनक मजबूती देने की क्षमता रखते हैं।

### हॉप्स का विजय अभियान आगे बढ़ा

नयी दिल्ली। खेलो इंडिया महिला प्रीमियर लीग खिताब की अघोषित विजेता हॉप्स एफसी ने सोमवार को सिग्नेचर क्लब को मोना (दो) और संतोष के गोलों से हराकर अपना विजय अभियान आगे बढ़ाया। विजेता हॉप्स की पूजा को प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया। दिन के दूसरे मैच में हंस और ग्रोइंग स्टार केबीच कांटे की टक्कर में दोनों टीमों ने 1-1 के स्कोर पर अंक बांट लिए। पुरुषों की प्रीमियर लीग में रेंजर्स क्लब ने हिंदुस्तान को 3-0 से परास्त किया। मैन ऑफ द मैच कृष्ण कुमार ने दो दर्शनीय गोल किये, जबकि एक गोल लकी के नाम रहा। दिन के पहले मैच में गढ़वाल हीरोज और रॉयल रेंजर्स का मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटा। गढ़वाल का गोल मैन ऑफ द मैच अक्रीम अबीओए ने और रोयल का गोल हिमांशु राय ने जमाया।

### युवराज, धवन ने बधिर क्रिकेट टीम को चैंपियन्स ट्रॉफी के लिये शुभकामनायें दीं

नयी दिल्ली। भारत के दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह और अनुभवी बल्लेबाज शिखर धवन ने डीआईसीसी टी20 चैंपियन्स ट्रॉफी 2022 के लिये रवाना होने वाली भारतीय बधिर क्रिकेट टीम को सोमवार को शुभकामनाएं दीं। युवराज ने एक पत्र के माध्य से कहा, मैं उत्साही खिलाड़ियों, बोर्ड के सदस्यों और भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) के पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। आईडीसीए की प्रगति और विकास में आपके अथक प्रयास देखकर बहुत खुशी हो रही है। यह पूरे देश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का बड़ा अवसर दे रहा है। संयुक्त अरब अमीरात में डीआईसीसी टी20 चैंपियंस ट्रॉफी 2022 के लिए तैयार पूरी टीम को मेरी शुभकामनाएं। मुझे विश्वास है कि आप सभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और देश का नाम ऊंचा करेंगे। धवन ने टीम को लिखे गये पत्र में कहा, भारतीय बधिर क्रिकेट टीम के दिव्यांग खिलाड़ियों के साथ मेरी शुभकामनाएं हैं। यह टीम संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित डीआईसीसी टी20 चैंपियंस ट्रॉफी 2022 में भारत की ओर से शानदार प्रदर्शन करेगी। बधिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (डीआईसीसी) एक अक्टूबर से नौ अक्टूबर तक संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में टी20 चैंपियन्स ट्रॉफी 2022 का आयोजन करेगा जिसमें भारत की बधिर क्रिकेट टीम हिस्सा लेगी।

### रुबेल हुसैन ने टेस्ट क्रिकेट से लिया सन्यास

ढाका। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा की। हुसैन ने सोशल मीडिया का रुख करते हुए कहा कि वह युवाओं को अधिक अवसर देने की आवश्यकता महसूस करते हैं, इसलिए उन्होंने खेल के सबसे लंबे प्रारूप से संन्यास लेने का निर्णय लिया। हुसैन ने फेसबुक अकाउंट पर लिखा, अस्सलाम अलैकुम। मैं आपसे कुछ बात साझा करना चाहता था। मैंने आधिकारिक तौर पर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को एक पत्र सौंपा है और टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, क्रिकेट का लंबा प्रारूप राष्ट्रीय टीम को मजबूत करने में एक बड़ी भूमिका निभाता है। मुझे लगता है कि अगर युवा तेज गेंदबाजों को ज्यादा मौके मिलते हैं तो हमारी टीम और मजबूत होगी। टेस्ट में युवाओं को अधिक अवसर प्रदान करने के लिए मैंने टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लेने का फैसला किया है। हुसैन ने 2009 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और 13 साल के लम्बे समय में उन्होंने बंगलादेश के लिए 27 टेस्ट खेले। उन्होंने पिछले दो वर्षों में कोई टेस्ट मैच नहीं खेला था, जबकि आखिरी बार वह फरवरी 2020 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में नजर आये थे। हुसैन ने टेस्ट करियर में 5 विकेट चटककार 166 रन देकर सर्वश्रेष्ठ कारनामा किया था। टेस्ट क्रिकेट में अपने करियर के दौरान उन्होंने 36 विकेट झटके और महज एक बार पांच विकेट लेने में सफल हुए। उन्होंने कहा, मैं बंगलादेश के लिए 27 टेस्ट खेलने में सक्षम रहा, जो मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। जिन लोगों ने लाल गेंद क्रिकेट के साथ मेरी यात्रा के दौरान मेरी मदद की है, मैं उन सभी का आभारी हूं और मुझे उम्मीद है कि आने वाले दिनों में भी मुझे आपका साथ मिलेगा। मैंने भले ही टेस्ट क्रिकेट से सन्यास ले लिया हो, लेकिन मेरा मानना ??है कि बंगलादेश के लिए एकदिवसीय और टी20 प्रारूप में मुझे अभी भी बहुत योगदान देना है।

# इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन ने डीआईसीसी 20 चैंपियंस ट्रॉफी 2022 के लिए दिव्यांग जन क्रिकेट टीम इंडिया जर्सी का अनावरण किया

## डीआईसीसी टी 20 चैंपियंस ट्रॉफी 2022 (यूएई) में भाग लेने वाली भारतीय डेफ क्रिकेट टीम की मौजूदगी में जर्सी का अनावरण किया

नई दिल्ली। इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) ने डेफ इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (डीआईसीसी) टी20 चैंपियंस ट्रॉफी 2022 (यूएई) के लिए दिव्यांग जनों की टीम इंडिया के लिए नई जर्सी का अनावरण किया। मौके पर सपोर्ट पार्टनर, आईडीसीए बोर्ड और इंडियन डेफ क्रिकेट टीम मौजूद थी। यह टीम 1 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में आयोजित चैंपियनशिप ट्रॉफी में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

आगामी आयोजन को लेकर उत्साहित इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन की सीईओ रोमा बलवानी ने कहा, डीआईसीसी टी20 चैंपियंस ट्रॉफी दिव्यांग जनों में खेल को बढ़ावा देने का बेजोड़ प्लैटफॉर्म है। हमारी टीम पांच देशों के इस वैश्विक टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने को लेकर बहुत उत्साहित है। टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और पाकिस्तान की टीमें खेलेंगी। हम चैंपियनशिप मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार हैं और हमें विश्वास है कि मैदान में हमारी टीम अपनी काबिलियत का प्रदर्शन करेगी। हमें सहयोग देने वाले प्रत्येक व्यक्ति, प्रायोजक, सहयोगी भागीदार,



कॉर्पोरेट, सीएसआर टीमों का हम धन्यवाद करते हैं जिन्होंने हम पर विश्वास किया है और हमारा अनुरोध है कि खिलाड़ियों को सभी प्यार दें। उनके समर्थन से हमारे खिलाड़ियों को मैदान में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का हौसला बुलंद होगा।

इस अवसर पर आईडीसीए के अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा, इस चैंपियनशिप ट्रॉफी के लिए हमारे खिलाड़ी पूरी तरह तैयार और उत्साहित हैं।

वे इस शानदार खिताब के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल प्रदर्शन करेंगे। मैं उन्हें शुभकामना देता हूं और उनकी शानदार सफलता की कामना करता हूं।''

डीआईसीसी टी 20 चैंपियंस ट्रॉफी 2022 (यूएई) की इंडियन डेफ क्रिकेट टीम को अपने पत्र में पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने लिखा, मैं उत्साही खिलाड़ियों, बोर्ड के सदस्यों और इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

आईडीसीए की प्रगति और विकास में आपके अथक प्रयास देखकर बहुत खुशी हो रही है।

यह पूरे देश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का बड़ा अवसर दे रहा है। यूएई में डीआईसीसी टी20 चैंपियंस ट्रॉफी 2022 के लिए तैयार पूरी टीम को मेरी शुभकामनाएं। मुझे विश्वास है कि आप सभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और देश का नाम ऊंचा करेंगे।''

जाने-माने क्रिकेटर शिखर धवन ने भी इंडियन डेफ क्रिकेट टीम को एक पत्र के माध्यम से यह कहते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दी है कि ''इंडियन डेफ क्रिकेट टीम के दिव्यांग खिलाड़ियों के साथ मेरी शुभकामनाएं हैं। यह टीम संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित डीआईसीसी टी 20 चैंपियंस ट्रॉफी 2022 में भारत की ओर से शानदार प्रदर्शन करेगी।

# 27 सितंबर से शुरू होगा 'कपिल देव-ग्रांट थॉर्नटन इन्विटेशनल'

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज कपिल देव ने सोमवार को ग्रांट थॉर्नटन भारत और भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के साथ मिलकर 'कपिल देव-ग्रांट थॉर्नटन इन्विटेशनल' टूर्नामेंट के आयोजन की घोषणा की, जिसमें पेशेवर खिलाड़ियों के साथ गोल्फ के शौकिया, कॉरपोरेट और सेलिब्रिटी गोल्फर भी हिस्सा लेंगे।



कपिल देव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं इस टूर्नामेंट को लेकर बेहद उत्साहित हूं। मैं ग्रांट थॉर्नटन भारत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विशेष चंडियोक का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने भारत के गोल्फिंग इतिहास में एक ऐतिहासिक आयोजन शुरू किया।

उन्होंने बताया कि 27-30 सितंबर 2022 तक आयोजित टूर्नामेंट गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ और कंट्री क्लब के गैरी प्लेयर कोर्स में खेला जाने वाला पहला पूर्ण क्षेत्र पीजीटीआई कार्यक्रम होगा। टूर्नामेंट में कुल एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि के लिये 126 पेशेवर खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

ग्रांट थॉर्नटन भारत के सीईओ विशेष चंडियोक ने कहा, हम गोल्फ को लोकप्रिय, समावेशी और सभी के लिये सुगम बनाना चाहते हैं। इस टूर्नामेंट का प्रतिनिधित्व करने और पेशेवर एवं शौकिया खिलाड़ियों के लिये एक समावेशी मंच बनाने के लिये कपिल देव से बेहतर कोई नहीं हो सकता था। हम आशा करते हैं कि इस श्रेष्ठ राष्ट्रीय गोल्फ आयोजन के जरिये अधिक लोग गोल्फ को चुनने के लिये आकर्षित होंगे।

शुरुआती 126 खिलाड़ियों में से शीर्ष 50 खिलाड़ी प्रतियोगिता के अंतिम हिस्से में प्रवेश करेंगे। तीसरे और चौथे दौर में शौकिया और पेशेवर खिलाड़ी एक टीम के रूप में खेलेंगे और टीम पुरस्कार के लिये दावेदारी पेश करेंगे। इस आयोजन से मिलने वाले अंक खिलाड़ियों की पीजीटीआई रैंकिंग को भी प्रभावित करेंगे। पीजीटीआई के सीईओ उत्तम सिंह मुंडी ने कहा, हम कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन इन्विटेशनल को अपने कार्यक्रम में जोड़कर उत्साहित हैं।

हम भारत में गोल्फ को बढ़ावा देने के लिये कपिल देव, ग्रांट थॉर्नटन भारत और आयोजन के अन्य साथियों का शुक्रिया अदा करते हैं।

# खेल आयोजन पुलिस-बल में बढ़ायेंगे सौहार्द, समन्वय: ठाकुर

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय खेल एवं युवा मामले मंत्री अनुराग ठाकुर ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा आयोजित सातवें अखिल भारतीय पुलिस जूडो क्लस्टर-2022 का शुभारम्भ करते हुए सोमवार को कहा कि इस तरह के आयोजन अंतर पुलिस बल सौहार्द और समन्वय को बढ़ावा देते हैं।

ठाकुर ने कहा कि इस तरह के अखिल भारतीय खेल आयोजन अंतर पुलिस बल सौहार्द और समन्वय को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों का समर्थन करने का अनुरोध करते हुए कहा कि क्लस्टर में भाग लेने वाले खिलाड़ी भले ही किसी भी पुलिस बल या राज्य से हों, भविष्य में वे भारत के लिए ही खेलेंगे।



उन्होंने हवाई अड्डों और दिल्ली मेट्रो रेल में व्यवस्था बनाये रखने में सीआईएसएफ की भूमिका की भी सराहना की।

उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ के जवान हवाई अड्डों पर पूरी लगन से ड्यूटी कर रहे हैं और यात्रियों के साथ उनका व्यवहार विनम्र है।

ठाकुर ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को देश का मान बढ़ाने के लिये बधाई दी और कहा कि पुलिस खेल भी देश को नये पदक विजेता देने का काम करेंगे। सीआईएसएफ के महानिदेशक शील वर्धन सिंह ने इस अवसर पर कहा कि खेल-कूद पुलिस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग है।

पुलिस कर्मियों के लिए अपने कठिन कर्तव्यों का पालन करने के लिए शारीरिक फिटनेस और अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखना सबसे महत्वपूर्ण है। पुलिस कर्मियों के बीच वांछित शारीरिक मानकों को बनाए रखने में खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन मणिपुरी मार्शल आर्ट के प्रदर्शन और कथक नर्तकों द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाले प्रदर्शन के साथ हुआ।

सीआईएसएफ द्वारा सातवें अखिल भारतीय पुलिस जूडो क्लस्टर-2022 का आयोजन 19 से 24 सितंबर तक किया जायेगा। इस आयोजन में केंद्रीय और राज्य पुलिस बलों की 41 टीमों से लगभग 1580 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें 270 अधिकारी भी शामिल हैं।

# ताइवान को लेकर जो बाइडेन पर बरसा चीन, देश को बांटने वाली किसी भी हरकत को नहीं करेंगे बर्दाश्त

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन ने सोमवार को कहा कि वह ताइवान के शांतिपूर्ण एकीकरण के लिए पूरी ईमानदारी से प्रयास करेगा और देश को विभाजित करने के उद्देश्य से की गई किसी भी गतिविधि को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। चीन की इस टिप्पणी को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के ताइवान को लेकर दिए गए बयान के जवाब के रूप में देखा जा रहा है।

बाइडन ने कहा है कि यदि चीन स्वशासित ताइवान पर हमला करने की कोशिश करता है, तो अमेरिकी सेना उसकी रक्षा करेगी। चीन इस स्वशासित द्वीप पर अपना दावा करता है। समाचार चैनल 'सीबीएस न्यूज' पर प्रसारित '60 मिनट्स' कार्यक्रम के दौरान एक साक्षात्कार में बाइडन से रविवार को पूछा गया कि 'यदि चीन ताइवान पर हमला करता है, तो क्या अमेरिकी सुरक्षाबल, अमेरिकी पुरुष एवं महिलाएं उसकी रक्षा करेंगे।' इसके जवाब में बाइडन ने 'हां' कहा। 'सीबीएस न्यूज' ने बताया कि साक्षात्कार के बाद व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। इस नीति के तहत



अमेरिका का मानना है कि ताइवान का मामला शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाया जाना चाहिए, लेकिन नीति यह नहीं बताती कि चीनी हमले की स्थिति में अमेरिकी सुरक्षाबलों को भेजा जा सकता है या नहीं।

चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने 'सीबीएस न्यूज' के साथ बाइडन के साक्षात्कार पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि अमेरिकी नेता की इस टिप्पणी ने एक चीन नीति और ताइवान से संबंधित तीन संयुक्त शासकीय परिपत्रों का गंभीर उल्लंघन किया है। माओ निंग ने कहा कि बाइडन की टिप्पणी ने ताइवान की स्वतंत्रता का समर्थन नहीं करने की अमेरिकी प्रतिबद्धता का गंभीर रूप से उल्लंघन किया और ताइवान की स्वतंत्रता की मांग करने वाली ताकतों को एक गलत संकेत दिया है।

चीनी प्रवक्ता ने कहा, 'चीन इसकी निंदा करता है और इसका कड़ा विरोध करता है और इस संबंध में हमने कई अभ्यावेदन शुरू किए हैं।' माओ ने कहा, 'चीन केवल एक है और ताइवान इसका हिस्सा है तथा चीनी गणराज्य (पीआरसी) की सरकार पूरे चीन का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र सरकार है।' उन्होंने कहा कि मातृभूमि के पूर्ण एकीकरण को प्राप्त करना सभी चीनी लोगों की साझा आकांक्षा और पवित्र कर्तव्य है।

माओ ने कहा, 'हम अत्यंत ईमानदारी और प्रयासों के साथ शांतिपूर्ण एकीकरण की संभावना के लिए प्रयास करेंगे। इस बीच, हम चीन को विभाजित करने के उद्देश्य से किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेंगे और हम आवश्यक उपाय करने के सभी विकल्प सुरक्षित रखते हैं।

उन्होंने कहा, 'हम अमेरिका से ताइवान के मुद्दे की अत्यंत महत्वपूर्ण और अत्यधिक संवेदनशील प्रकृति को पूरी तरह से समझने और एक चीन सिद्धांत और तीन संयुक्त शासकीय परिपत्रों का पालन करने का आग्रह करते हैं, ताइवान की स्वतंत्रता का समर्थन नहीं करने की अमेरिकी नेतृत्व की प्रतिबद्धता को गंभीरता से लागू करें।' बाइडन का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की सरकार ने समुद्र में मिसाइल दागकर और निकटवर्ती इलाकों में लड़ाकू विमान भेजकर ताइवान को धमकाने की कोशिश की है। अमेरिका की प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी समेत कई राजनीतिक हस्तियों ने ताइवान की यात्रा की है, जिसके कारण तनाव बढ़ गया है।


इस बीच ताइवान के विदेश मंत्रालय ने 'अमेरिकी सरकार के ताइवान की सुरक्षा के पक्के वादे की पुष्टि करने के लिए' सोमवार को बाइडन को धन्यवाद दिया।

# महिलाओं ने हिजाब जला डाले और कटा लिए बाल, ईरान में पर्दे पर बढ़ा बवाल

नई दिल्ली। ईरान में हिजाब मामले में एक युवती की मौत के बाद बवाल मच गया है और यह मामला अब आगे बढ़ गया है। हिजाब पहनने से इनकार के बाद एक युवती की पुलिस कस्टडी में मौत हो गई, इसके बाद ईरान की महिलाएं भड़की हुई हैं। यहां तक कि अपना विरोध दर्ज कराने के लिए महिलाएं हिजाब को जला रही हैं और कुछ महिलाएं तो अपने लंबे बाल भी काट रही हैं। उनका कहना है कि वे अपने गुस्से का इजहार इसी तरह कर रही हैं और करेंगी।

### महसा अमिनी नामक युवती की मौत के बाद बवाल

दरअसल, ईरान में बीते दिनों 22 साल की युवती महसा अमिनी ने हिजाब पहनने से इनकार किया तो पुलिस ने उसे अरेस्ट कर लिया। पुलिस कस्टडी में ही उसकी संदिग्ध मौत के बाद ईरान में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए और महिला प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आईं। इसी बीच अब कई महिलाओं ने अपने बाल



काट दिए और हिजाब को भी जला दिया। इसकी कई तस्वीरें और वीडियोज भी सामने आए हैं।

### महिलाएं बाल काटकर हिजाब जलाकर दिखा रहीं गुस्सा

न्यूज एजेंसी ने ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया कि ईरानी पत्रकार और कार्यकर्ता मसीह अलीनेजाद ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर महिलाओं के बाल काटते हुए वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा कि पुलिस द्वारा महसा अमिनी की हत्या के विरोध में ईरानी महिलाएं अपने बाल काटकर और हिजाब जलाकर अपना गुस्सा दिखा रही हैं।

### बड़ी संख्या में छात्राएं विरोध में शामिल हो रहीं

उन्होंने कहा कि सात साल की उम्र से हम अपने बालों को नहीं ढकेंगे तो हम स्कूल नहीं जा पाएंगे और ना ही नौकरी पा सकेंगे। हम इस लैंगिक रंगभेद शासन से तंग आ चुके हैं। इतना ही नहीं ईरानी पत्रकार ने तेहरान विश्वविद्यालय के कुछ वीडियो भी शेयर किए जिसमें दिख रहा है कि बड़ी संख्या में छात्राएं विरोध में शामिल हो रही हैं। ईरान में अन्य जगहों पर भी तेज प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। हालात यह हो गए हैं कि पुलिस ने साघेज शहर में प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चला दीं। अलीनेजाद ने अपने ट्विटर पर एक और वीडियो शेयर करते हुए कहा कि बहादुर महिलाओं ने अब सड़कों पर धावा बोल दिया।

## मरियम, जावेद पर इमरान के खिलाफ 'धार्मिक नफरत' फैलाने का मामला दर्ज

लाहौर। पाकिस्तान की सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब और पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) के नेता जावेद लतीफ के विरुद्ध सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान के खिलाफ हिंसा और धार्मिक नफरत भड़काने संबंधी मामला दर्ज किया गया है। पंजाब के लाहौर में सत्तारुढ़ दल के दोनों नेताओं के खिलाफ आतंकवाद निरोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पंजाब के गृह मंत्री कर्नल (सेवानिवृत्त) हाशिम डोगर ने ट्विटर पर एक बयान में कहा कि पीएमएल-एन के दो नेताओं के खिलाफ आतंकवाद का मामला दर्ज किया गया है। कर्नल डोगर ने ट्वीट किया, शहर के अहूर क्षेत्र के ग्रीन टाउन थाने में आतंकवाद निरोधी अधिनियम 9/11 एक्स-3 के तहत जावेद लतीफ, मरियम औरंगजेब, एमडी पीटीवी राशिद बेग और कार्यक्रम निर्माता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।'' कर्नल डोगर ने कहा कि पीटीआई प्रमुख सहित किसी भी नागरिक के खिलाफ धार्मिक घृणा और हिंसा भड़काने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इससे पहले, पीटीआई ने एक 'व्यवस्थित अभियान' के माध्यम से अपने पार्टी अध्यक्ष के खिलाफ हिंसा और धार्मिक घृणा भड़काने के लिए सरकार को जमकर फटकार लगाई। पीटीआई की ओर से यह प्रतिक्रिया तब आई जब श्री लतीफ ने संवाददाता सम्मेलन में पूर्व प्रधानमंत्री खान पर उनके कार्यकाल के दौरान अहमदिया समुदाय का 'समर्थन' करके 'इस्लाम के बुनियादी सिद्धांतों पर हमला' करने का आरोप लगाया था।


## जापान में नानमाडोल तूफान से दो की मौत

टोक्यो। जापान के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र क्यूशू में आए शक्तिशाली तूफान नानमाडोल के कारण दो लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक अन्य घायल हो गये जबकि एक व्यक्ति लापता हो गया। इसके कारण तेज आंधी और बारिश भी हुई। यह जानकारी सोमवार को स्थानीय मीडिया ने दी। फुकुओका प्रांत में, एक व्यक्ति तूफान से बचने के लिए जगह की तलाश कर रहा था और बाद में वह मृत पाया गया। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, मियाजाकी प्रांत में बाढ़ के पानी में एक कार के डूबने से एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। मियाजाकी प्रांत के अधिकारी के अनुसार, भूस्खलन होने से एक केबिन बर्बाद हो गया और 40 वर्षीय एक व्यक्ति लापाता हो गया। इस वर्ष का 14वां तूफान सोमवार दोपहर को पश्चिमी जापान के यामागुची प्रांत के हागी के समीप लगभग 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। तूफान के केंद्र में 975 हेक्टोपास्कल का वायुमंडलीय दबाव है जिससे 162 किमी प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार के साथ 108 किमी प्रति घंटे की तेज हवाएं चल रही है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, खराब मौसम के कारण 60 से ज्यादा लोग घायल हो गए, आज क्यूशू में बुलेट ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है और लगभग 600 उड़ानें रद्द की गई है। क्यूशू में घरों को बर्बाद करने के बाद नानमाडोल तूफान की मंगलवार तक जापान के सबसे बड़े द्वीप, होन्शू में पहुंचने की आशंका है। जापान के मौसम विज्ञान एजेंसी ने पश्चिमी से उत्तरी जापान तक तेज हवाएं, उच्च ज्वार और भूस्खलन की चेतावनी जारी की है।

## पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने खाता प्रतिबंध को लेकर याचिका दायर की

लाहौर। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री हमजा शहबाज ने सोमवार को एक विशेष केंद्रीय अदालत में अपनी कंपनी के खातों पर लगे प्रतिबंध हटाने के लिए याचिका दायर की। पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) के दोनों नेताओं के वकील ने आज याचिका दायर की, जिसमें विशेष केंद्रीय अदालत के न्यायाधीश ने वकील को कथित तौर पर आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ 16 अरब रुपये के काले धन को लेकर तर्क देने का निर्देश दिया और इसी के साथ दोपहर 1:30 बजे के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी। इससे पहले, कार्यवाही के दौरान वकील ने श्री शहबाज की अनुपस्थिति को लेकर अदालत को उनके आधिकारिक दौरे से अवगत कराया और इस संबंध में आवेदन दायर किया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा



# टॉप फूड कम्बीनेशन्स रखेंगे आपको स्वस्थ

यहां हम आपको ऐसे फूड कम्बीनेशन्स के बारे में बता रहे हैं जो आपको स्वस्थ रखने में सहायक होंगें।

**कम्बीनेशन - अंडे तथा आम**
**इससे आपको मिलती है - कठोर त्वचा।**
कठोर तथा अच्छी त्वचा पाने के लिए बहुत से उत्पादों की जरूरत नहीं है। आप सिर्फ कुछ अंडों तथा आमों का सेवन करें। अंडे एमीनो एसिड्स से भरपूर होते हैं जो त्वचा में कोलाजैन का निर्माण करने हेतु जरूरी होते हैं। आम में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है जो इन एसिड्स के साथ कोलाजैन के निर्माण को बढ़ाता है। यह कम्बीनेशन शरीर में से नष्ट हुए तत्वों को पुन- निर्मित करने में सहायक होता है जो महत्वपूर्ण ढंग से त्वचा की रंगत को सुधारते हैं।
**सेवन** - अपने अगले नाश्ते को और पोषक बनाने के लिए आमलेट के साथ एक कप ताजा आम की कतलियों का सेवन करें जिससे आपको पूरे दिन की विटामिन सी की आपूर्ति होगी।

**कम्बीनेशन - लाल शिमला मिर्च तथा ब्लैक बीन्स**
**इससे आपको मिलती है - बढ़िया रोग प्रतिरोधक क्षमता।**
सब्जी बाजार में ये बहुत अच्छे दिखते हैं और काफी महंगे भी होते हैं परन्तु इन्हें खरीदने का एक अच्छा कारण है। आप अपनी प्लेट में लाल शिमला मिर्च को शामिल करके रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाले प्लांट आयरन का सेवन अधिक करते हैं। ब्लैक बीन्स में मौजूद आयरन शरीर के लिए जज्ब करना थोड़ा कठिन है। फिर भी विटामिन सी से भरपूर लाल शिमला मिर्च आयरन को ऐसी किस्म में बदल देती है जो शरीर के लिए इस्तेमाल करना आसान होता है।
**सेवन** - ऑनलाइन आपको बहुत सारी रैसिपीज मिल जाएंगी जो ब्लैक बीन्स को लाल शिमला मिर्च के साथ मिक्स करके आपको एक स्वादिष्ट भोजन देंगी।

**कम्बीनेशन - एक्सट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल तथा टमाटर**
**इससे आपको मिलती है - रोगों से बढ़िया सुरक्षा**
टमाटरों में चार मुख्य कैरोटीनोएड्स यानी अल्फा कैरोटीन, बीटा कैरोटीन, ल्यूटीन तथा लाइकोपीन के साथ-साथ तीन मुख्य एंटीऑक्सीडेंट्स यानी बीटा कैरोटीन, विटामिन ई तथा विटामिन सी पाए जाते हैं जो आपकी कैंसर तथा हृदय रोग से लडने में सहायता करते हैं। यह रक्षात्मक कैमिकल्स एक्सट्रा वर्जिन ऑयल के साथ लिए जाएं तो बढ़िया है। एक्सट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल में स्वास्थ्यवर्धक मोनोसैचुरेटिड फैट्स मौजूद होती हैं।
**सेवन** - टमाटर का छिलका न उतारें क्योंकि इसमें फाइटो कैमिकल्स होते हैं। एक्सट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल बहुत कम प्रसंस्कृत रूप होता है। इसलिए इसमें बहुत ही लाभदायक यौगिक मौजूद होते हैं। इसे ताप तथा रोशनी से दूर स्टोर करें।

**कम्बीनेशन - हरी फूल गोभी तथा टमाटर**
**इससे आपको मिलती है - कैंसर से सुरक्षा।**
हरी फूलगोभी तथा टमाटर में कैंसर से लडने वाले गुण मौजूद होते हैं परन्तु एक अध्ययन से पता चला है कि दोनों का कम्बीनेशन कैंसर से लडने में दोगुणा प्रभाव डालता है। विज्ञानियों ने शोध में पाया कि एक ही वक्त पर टमाटर तथा हरी फूल गोभी का सेवन करने से कैंसर युक्त प्रोस्टेट ट्यूमर्स के विकास की गति बहुत धीमी हो जाती है।
**सेवन** - डेढ़ कप हरी फूल गोभी का अढ़ाई कप ताजे टमाटरों के साथ पिक्का या स्पाघेटी के साथ सेवन करें।

**कम्बीनेशन - ग्रीन टी तथा नीबू**
**इससे आपको मिलता है - एक स्वस्थ हृदय।**
ग्रीन टी शक्तिशाली एंटी ऑक्सीडेंट्स कैटेचिन्स का भरपूर स्रोत है जो हृदय के स्वास्थ्य को सुधारने के लिए जाना जाता है। फिर भी अध्ययनों के अनुसार इन यौगिकों को सिर्फ 20 प्रतिशत ही मानवीय शरीर द्वारा जज्ब किया जाता है। ग्रीन टी में नीबू का रस मिलाने से पता चला है कि कैटेचिन्स का स्तर 80 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।
**सेवन** - ग्रीन टी तैयार करने के बाद इसमें एक पूरे नीबू का रस निचोड़ें और पीएं।

**कम्बीनेशन- जौ का दलिया तथा स्ट्राबेरीका**
**इससे आपको मिलता है - एक स्वस्थ हृदय।**
जौ में दो महत्वपूर्ण फाइटो कैमिकल्स ऐवेनैंथ्रामाइड्स तथा फिनोलिक एसिड्स पाए जाते हैं जो विटामिन सी के साथ मिलकर बुरे कोलैस्ट्रॉल के हानिकारक प्रभावों को कम करते है और प्लाक के निर्माण को रोक कर हृदयाघात से आपकी रक्षा करते हैं।
**सेवन** - सुबह के समय एक कटोरी जौ के दलिए के साथ आधा कप कटी हुई स्ट्रॉबेरीका का सेवन करें।

**कम्बीनेशन - दालचीनी तथा होलग्रेन टोस्ट**
**इससे आपको मिलता है - अतिरिक्त ऊर्जा तथा तेजी से वजन कम होना।**
टोस्ट पर दालचीनी छिड़कने से ब्लड शूगर एक स्वस्थ स्तर तक रह सकती है जिससे आपकी ऊर्जा में आने वाली कमी रुकती है और साथ ही आपकी भूख का स्तर भी बाधित होता है। अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लीनिकल न्यूट्रीशन में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार दालचीनी भोजन के बाद पेट के खाली होने की दर को धीमा करती है और साथ ही ब्लड शूगर के स्तर को भी कम करती है।
**ऐसे करें सेवन** - होलग्रेन ब्रैड, ट्रास फी मारग्रीन तथा एक चम्मच दालचीनी का सेवन करें।

**कम्बीनेशन - लहसुन तथा प्याज**
**इससे आपको मिलती है - पूरे शरीर की सुरक्षा।**
इन दोनों सब्जियों में बहुत सारे ऑर्गैनोसल्फर यौगिक तथा हृदय को स्वस्थ रखने वाले प्लांट कैमिकल्स पाए जाते हैं जो आपकी धमनियों को प्लाक से मुक्त रखते हैं। इन यौगिकों में से कुछ में शरीर में से कारसिनोजैन्स को डिटॉक्सीफाई करने की ताकत पाई गई है।
**सेवन** - अधिकतर भारतीय रसोइयों में लहसुन तथा प्याज का कम्बीनेशन आम देखने को मिलता है। फिर भी यदि आपका मूड कुछ और खाने का हो तो लहसुन तथा प्याज के कम्बीनेशन का सेवन सूप तथा सॉस के माध्यम से भी किया जा सकता है।

**कम्बीनेशन - ग्रीन टी तथा काली मिर्च**
**इससे आपको मिलती है - अत्यधिक पतली कमर।**
क्रैश डाइटिंग को भूल जाएं। अपने अगले भोजन में एक कप ग्रीन टी में थोड़ी-सी काली मिर्च मिलाकर पीएं। इस कम्बीनेशन से ई.जी.सी.जी. नामक एंटीऑक्सीडेंट की खपत में बढ़ौतरी होती है। यह एंटीआक्सीडेंट ग्रीन टी में कैलोरी बर्निंग के लिए जाना जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि ग्रीन टी में मौजूद यौगिक हार्मोन्स को प्रभावित कर सकते हैं जो भूख तथा संतुष्टि को नियन्त्रित करते हैं।
**सेवन** - अध्ययनों से पता चला है कि आधा छोटा चम्मच काली मिर्च से ग्रीन टी के लाभदायक यौगिकों की खपत में बढ़ौतरी हो सकती है।

# जब आपके घर हो किटी पार्टी



## एक दिन पहले ही योजना बना लें

सारे काम समय पर और सही ढंग से हों, इसके लिए आपको एक दिन पहले ही योजनानुसार सारी सामग्री एकत्रित कर लेनी चाहिए और घर की साज-सजावट के अलावा पार्टी में खिलाने वाले गेम्स भी तैयार कर लें ताकि पार्टी वाले दिन इन छोटे-मोटे कामों को करने में समय बर्बाद ना हो।

## ड्रेस तैयार करें

ऐसा ना हो कि पार्टी की तैयारी करते हुए आप अपनी ड्रेस के बारे में सोचना ही भूल जाएं। दूसरी महिलाओं के आगे आपकी चमक फीकी ना पड़ जाए। ऐसे में आप थीम के हिसाब से किटी के एक दिन पहले ही पहनने वाली ड्रेस तैयार कर लें।

## खाने-पीने की चीजें पहले से बना कर रख लें


किटी पार्टी शुरू होने के बाद आप कम से कम समय किचन में बिताएं, इसके लिए जरूरी है कि पार्टी के लिए तैयार किए गए व्यजनों को ऐसे बर्तनों में पहले से रख लें, जिसे माइक्रोवेव में गर्म किया जा सके।

## गेम्स का भी हो मजा

किटी पार्टी में तंबोला के अलावा पेपर फोल्डिंग गेम्स के साथ-साथ हिंदी फिल्मी गानों पर गेम तैयार किए जा सकते हैं।

## ऐसे हों आप तैयार

केले को अच्छे से मसलकर उसे 10 से 15 मिनट के लिए फ्रीजर में रख दें, इसके अलावा आलू काटते समय आलू के रस को अपने हाथों पर रगड़ ले। 15 मिनट बाद फ्रीजर में रखे हुए केले के पैक को पूरे चेहरे और गर्दन पर 10 मिनट के लिए लगा लें। 10 मिनट बाद चेहरे पर लगे पैक को ठंडे पानी से धो लें। किचन में खाना बनाते समय महिलाओं के हाथ पूरी तरह चिकनाई और हल्दी वाले हो जाते हैं। आलू का रस लगा लें। इससे हाथों की चिकनाई हटाने में मदद मिलती है।
सर्दी के मौसम में ब्लैक लेगिंग के साथ किसी भी गहरे रंग का लंबा स्वेटर और साथ में स्टोल का इस्तेमाल कर सकती हैं। इन दिनों चेहरे पर हल्का मेकअप ही अच्छा लगता है। सीनियर ब्यूटीशियन मोनिका का कहना है कि 10 मिनट चेहरे पर लगाया गया केले का पैक डेड स्किन हटाने का काम करता है। पार्टी शुरू होने से पहले चेहरे पर माइस्चराइजर में हल्का फांउडेशन मिलाकर पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। हल्का आईलाइनर का इस्तेमाल करते हुए हल्की रंग की लिपिस्टक लगाएं। नाखूनों पर भी हल्के रंग की नेल पॉलिश का इस्तेमाल करें।



# पति का काम नहीं करेगा परेशान

रत्नेश अपने करियर में ऊंचाइयों को महसूस करना चाहता है। उसकी पत्नी रुचि का भी यही हाल है, दोनों करियर को बहुत ज्यादा तवज्जो देते हैं। पर दोनों में एक बड़ा अंतर है। दरअसल रुचि काम ऑफिस तक सीमित रखती है, जबकि रत्नेश वर्कोहोलिक की श्रेणी मे आते हैं। मतलब सिर्फ काम और काम। वह घर पर हो या ऑफिस में, बात सिर्फ काम की ही करते हैं। न पत्नी के लिए समय और न घर के दूसरे कामों के लिए। कुछ समय पहले इसकी वजह से रुचि खुद को इग्नोर महसूस करने लगी थी। उसको लगने लगा था कि बस, नाम के लिए हम लोग दोस्त और फिर पति-पत्नी बने। अक्सर झगड़े भी होने लगे। पर फिर रुचि ने खुश रहने के कुछ तरीके तलाशे। उसने महसूस किया कि गुस्सा दिखाने की बजाय पति को सपोर्ट करना शायद ज्यादा बेहतर होगा। हो सकता है रुचि का दर्द ही आपका दर्द भी हो। तो आइए जानते हैं उसने आगे और क्या-क्या हल निकाले जो आपके भी काम आ सकते हैं।

## जानती हैं उनके काम का नेचर?

इस सवाल का जवाब अगर ना है तो जरा इसे हां में बदलने के बारे मे सोचिए। जानिए, आखिर आपके पति के काम का नेचर है कैसा, जो उनको इतना व्यस्त रखता है। कहीं उन्हें ऑफिस में कोई दिक्कत तो नहीं है, कहीं उन पर ही ज्यादातर काम की जिम्मेदारी तो नहीं है। हो सकता है, ऑफिस में सबसे जानकार आपके पति ही हों और इसीलिए उन पर ही सारे काम का बोझ हो। हां, यह सबकुछ जानने के बाद एक काम और करना होगा। उनके सारे काम में लगने वाले समय को जरूर जोड़िए। जानिए, इन कामों में आमतौर पर समय कितना लगता है क्योंकि हो सकता है पतिदेव उसी काम में समय ज्यादा लगाते हों। यह सब जानकर या तो आप समझ जाएंगी कि पति सही कारण से ही इतना व्यस्त रहते हैं या फिर आपको उनकी कमियां पता चलेंगी, जिन्हें सुधारने में आप उनकी मदद कर सकती हैं।

## घर हो एक आरामदायक जगह

पति घर आएं तो आपके चेहरे पर गुस्से के चलते बारह बजे हों और घर भी अस्त-व्यस्त हो, तो स्थितियां सुधरेंगी नहीं, बल्कि और बिगड़ जाएंगी। ऐसे में जरूरी है कि आप घर का माहौल अच्छा रखें, ताकि जब पति काम की टेंशन से लौटें तो रिलैक्स महसूस कर सकें। खुद अच्छे से तैयार रहें और पति के खानपान और फिटनेस का ध्यान रखें।

## आप संतुष्ट हैं?

हो सकता है साथ घूमने जाती सहेलियों को देखकर आपको महसूस होता हो कि 'अरे, बस मैं ही अकेली हूं।' पर जरा भावनाओं पर काबू कीजिए। सबकी जिंदगियां एक सी नहीं हो सकती हैं, सबकी अलग जिम्मेदारी और परिस्थितियां होती है और उन्हीं के हिसाब से लोग जिंदगी जीते हैं। इसलिए अकेलेपन वाली भावनाओं को मन में ही रखिए और पति को यह महसूस करवाइए कि आप हमेशा उनके साथ है। जब वो फुरसत में होंगे तो जरूर आपके अकेलेपन को महसूस करेंगे और सुधार की पूरी कोशिश करेंगे।

## सुझाव तो दे सकती हैं

वो आपके जीवनसाथी हैं, आपने हर मुश्किल में साथ देने का वादा किया है तो उस वादे को निभाइए। वर्कोहोलिक होना उनकी आदत बन गई है, पर इससे वे शरीर और दिमाग दोनों से थक जाते हैं। यह वह समय है जब आपको अपने हिस्से का सपोर्ट दिखाना है। बैठकर पति से बात कीजिए, उनके मन की बातें जानिए, कोई दिक्कत है तो उन्हें सुझाव भी दीजिए।



## खुश रहिए और खुश रखिए

जी हां, आप दोनों जितना भी वक्त साथ बिताते हैं उसे खास बनाइए। अपनी तरफ से तो आप इसकी कोशिश कर ही सकती हैं। दो घंटे मिलते हैं तो उसमें भी हंसी-मजाक की बातें, खुश करने के तरीके इन सबको आजमाइए। उन्हें बताइए कि हम दोनों जब साथ होते हैं तो खुश होते हैं। हम दोनों का साथ कितना कीमती और खास है। अपेक्षाओं को खत्म न सही पर कम तो करना ही होगा।



पति के पास काम के अलावा कोई काम नहीं है। उन्हें वर्कोहोलिक का तमगा मिला हुआ। पर यह तमगा आपको पसंद नहीं। हमेशा अकेली-अकेली रह रहकर आप थक चुकी हैं। कुछ पल जो साथ बिताते हैं, उनमें भी झगड़े होते हैं तो जरा इन पलों की कीमत समझिए और पति की मदद कीजिए। उन्हें समझिए और खुश रहिए।

CMYK CMYK CMYK CMYK